YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-27 | रविवार, 23 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खेती की आत्मा किसान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र में हम लगातार काम कर रहे हैं। हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है। इसमें उत्पादन बढ़ाना, अच्छे बीज तैयार करना, बीज किसानों तक पहुंचाना शामिल है।

शिवराज सिंह चौहान

सात हजार भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैंः टिम कर्टिस 11

विधानसभा में पहाड़-मैदान टिप्पणी पर हंगामा, अध्यक्ष ने लगाई फटकार 11

संक्षेप

शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव-2 नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्त किया गया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री दास की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। आदेश में बताया गया है कि श्री दास प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-1 डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में काम करेंगे।

भारतीय सैन्य दल का जापान के साथ सैन्य अभ्यास 'धर्म रक्षक' के लिए प्रस्थान

नयी दिल्ली। भारतीय सेना का एक दल शनिवार को जापान में द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'धर्म रक्षक' के लिए प्रस्थान किया जिसमें 120 सैन्य कर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह अभ्यास सोमवार 24 फरवरी से 09 मार्च तक पूर्वी फ़ूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में संचालित किया जाएगा। इस दल में मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिक हैं। यह वार्षिक सैन्य अभ्यास एक दूसरे के यहां बारी-बारी से आयोजित किया जाता है और इस बार इसकी छठी कड़ी जापान में आयोजित की गयी है। पिछला 'धर्म रक्षक' अभ्यास गत वर्ष फरवरी-मार्च में राजस्थान में हुआ था। इस बार इसमें जापानी सेना का प्रतिनिधित्व उसकी 34वीं पदाति रेजिमेंट के सैनिक करेंगे। इस बार के अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार नगर-क्षेत्र के युद्धों और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए दोनों सेनाओं के बीच अच्छे से अच्छा पारस्परिक समन्वय बढ़ाना है। भारत के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पिछले वर्ष 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा की थी।

महाकुम्भ को बदनाम करने की साजिश, मुकदमा दर्ज

महाकुम्भ नगर। सोशल मीडिया पर कई तरह के वीडियो, फोटो प्रसारित कर महाकुम्भ को बदनाम करने वालों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शनिवार को 34 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अब तक 12 प्रकरणों में कुल 171 विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध कुम्भ मेला पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ मेला राजेश द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर चौबीस घंटे नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में एक वीडियो सार्वजनिक हो रही है, जिसमें 'महाकुम्भ जाने वाली ट्रेन में 14 फरवरी को आग लग जाने से 300 लोगों की मौत हो गई'। इस वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की गयी तो पाया गया कि यह वीडियो बांग्लादेश में वर्ष 2022 में घटित हुए ट्रेन हादसे का है, जब ढाका-सिलहट रेल लाइन पर परबत एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना घटित हुई थी।

महाकुंभ में 60 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया है। यहां अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 60 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से संभव हो पाया है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

महाकुम्भ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इसके साथ ही पूरी दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना दुनिया भर के सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 55 प्रतिशत हो गई है। यानी देश की कुल जनसंख्या के करीब 55 प्रतिशत से ज्यादा लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं।

प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शनिवार (22 फरवरी) को यह संख्या 60 करोड़ से भी ऊपर पहुंच गई है। अभी महाकुम्भ के समापन में 05 दिन शेष हैं और महत्वपूर्ण महाशिव रात्रि का स्नान पर्व बचा है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 65 करोड़ के ऊपर जा सकती है। अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 ● शेष पेज 11 पर

उपलब्धि

- दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातन धर्मावलंबियों ने किया संगम स्नान
- दुनिया का पहला आयोजन जहां 60 करोड़ से अधिक सनातनी बने सबसे बड़े आयोजन के गवाह
- मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन, इससे पहले इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सहभागी होने के प्रमाण नहीं
- महाकुम्भ के समापन से 05 दिन पहले ही स्नानार्थियों ने रच दिया नया कीर्तिमान
- 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश समेत तमाम देशों के अतिथि यहां स्नान करने पहुंचे

जेपी नड्डा ने संगम में लगाई पावन डुबकी

महाकुम्भ नगर। पवित्र त्रिवेणी संगम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं नड्डा परिवार ने गंगा मइया को चुनरी अर्पित करके लोककल्याण की कामना भी की। जेपी नड्डा परिवार समेत शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सभी नेतागण अरैल घाट से फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम पहुंचे। यहां बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेताओं संग सामूहिक रूप से संगम स्नान किया, तदोपरांत पत्नी एवं परिजनों संग विधि-विधान से संगम में पावन डुबकी लगाई। इस दौरान संगम स्नान करने पहुंची जनता ने भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जय श्रीराम और गंगा मइया की जय के जयघोष से अभिवादन किया।

महाशिवरात्रि के पहले भीड़ प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज, ग्राउंड पर उतरे अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- रेलवे, एयरपोर्ट, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विधिवत प्लान को तैयार कर उसे धरातल पर उतारा जा रहा
- प्रयागराज के डीएम रवीन्द्र मांदड़ ने दी जानकारी, ग्राउंड पर उतरकर अधिकारी व्यवस्थाओं को कर रहे हैं सुनिश्चित

महाकुम्भ नगर महाकुम्भ-2025 का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव की ओर अग्रसर है। ऐसे में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के पहले तीर्थराज प्रयागराज में स्नान करने की इच्छा से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में स्नानार्थियों का तांता प्रवेश कर रहा है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर आखिरी मुख्य स्नान पर्व से पूर्व वीकएंड व प्रमुख स्नान पर्व के पूर्व के दिनों में जुटने वाली अपार भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। रेलवे, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

प्रयागराज के डीएम रवीन्द्र मांदड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम योगी के विजन अनुसार, रेलवे-एयरपोर्ट, रोडवेज के माध्यम से और दोपहिया-चौपहिया पार्किंग के माध्यम से आखिरी स्नान पर्व के पूर्व श्रद्धालुओं के आवागमन में वृद्धि हुई है। सीएम योगी का विजन था कि महाकुम्भ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में इसको लेकर विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार किया गया था। महाकुम्भ में भारी भीड़ को देखते हुए विधिवत प्लान तैयार किया गया था जिसको धरातल पर उतारते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

प्रयागराज के डीएम रवीन्द्र मांदड़ के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर मॉनिटर कर रहे हैं। उनके अनुसार, हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को लाभ ● शेष पेज 11 पर

सहकारिता क्षेत्र के योगदान से विकसित होगा भारत : शाह

एजेंसी

पुणे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के लिए 2 लक्ष्य निर्धारित किए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना और आगामी 2047 तक देश को विकसित बनाना। शाह ने कहा कि यह दोनों लक्ष्य सहकारिता क्षेत्र के योगदान से हासिल होंगे।

अमित शाह ने शनिवार को पुणे में जनता सहकारी बैंक के अमृत महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की शुरुआत की। इस मंत्रालय के जरिए देश में कई चीजों में क्रांति आई है। मंत्रालय सहकार से समृद्धि के आदर्श वाक्य पर काम करता है। जनता सहकारी बैंक भी उसी तर्ज पर काम करता है। उन्होंने कहा कि देश में 1465 शहरी सहकारी बैंक हैं और अकेले महाराष्ट्र में 400 से अधिक हैं। हम एक विशेष संगठन

को सक्रिय कर रहे हैं। जो सभी सहकारी बैंकों की हर संभव तरीके से मदद करेगा। इसके लिए 300 करोड़ का बजट भी मंजूर किया गया है। पिछले दिनों सहकारिता मंत्री शाह ने सहकारिता मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक विधेयक जल्द ही संसद में पारित किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय के जरिए सहकारी क्षेत्र को कॉर्पोरेट क्षेत्र के समान अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने कोचिंग सेंटरों से हासिल किए 1.56 करोड़ रुपये के रिफंड

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) ने कहा है कि 600 से अधिक छात्र-छात्राओं को कोचिंग संस्थानों में फंसे उनकी 1.56 करोड़ रुपये की राशि का रिफंड सुनिश्चित किया है। यह जानकारी उपभोक?ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से सिविल सेवा, इंजीनियरिंग कोर्स और अन्य कार्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों के खिलाफ पैसा वापस न करने की शिकायत की थी। उनका कहना कि कोचिंग संस्थानों द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करने के बावजूद उन्हें पैसा लौटाने से मना कर दिया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपने निर्णायक निर्देश में सभी कोचिंग सेंटरों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वैध रिफंड दावों को अस्वीकार करने की अन्यायपूर्ण प्रथा ● शेष पेज 11 पर

2.1 करोड़ डॉलर मेरे दोस्त पीएम मोदी को : ट्रंप ने फिर दोहराया

एजेंसी

नयी दिल्ली/ वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। श्री ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बंगलादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं.... हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप ने बंगलादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। श्री ट्रंप ने कहा कि बंगलादेश को 2.9 करोड़ डॉलर राजनीतिक परिदृश्य में

स्थिरता लाने के लिए दिए गए। उन्होंने कहा, बंगलादेश में 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर एक ऐसी फर्म को दे दिए गए, जिसके बारे में किसी ने कभी सुना ही नहीं था। उस फर्म में केवल दो लोग काम कर रहे थे।

गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार की एजेंसी यूएसएड की ओर से कथित रूप से भारत को दिए गए मदद का मुद्दा देश में राजनीतिक टकराव की वजह बन गया है। भारत में इस मुद्दे पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तीखी नोकझोंक चल रही है। गुरुवार को ट्रम्प ने कहा कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक यानी रिश्वतखोरी की स्कीम है। जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है। ट्रम्प ने कहा कि मैं भारत में वोटर टर्नआउट की परवाह क्यों करूं? हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमें अपने टर्नआउट पर ध्यान देना चाहिए। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं। बुधवार को ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। इसके लिए बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। मंगलवार को मीडिया से ● शेष पेज 11 पर

अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक पर आएगा नया मसौदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे को नए सिरे से तैयार करके दोबारा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी करने की घोषणा की है।

विधि एवं न्याय मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस विधेयक पर सार्वजनिक परामर्श आमंत्रित करने की वर्तमान प्रक्रिया समाप्त कर दी गयी है।

मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2025 को 13 फरवरी, 2025 को कानूनी मामलों के विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था, जो पारदर्शिता और हितधारकों और जनता के साथ व्यापक जुड़ाव के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ह्ल हालांकि, प्राप्त सुझावों और चिंताओं की संख्या को देखते हुए, परामर्श प्रक्रिया को अब समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। प्राप्त फीडबैक के आधार पर, संशोधित मसौदा विधेयक को हितधारकों के साथ परामर्श के लिए नए सिरे से संसाधित किया जाएगा।

देश में कई स्थानों पर अधिवक्ताओं ने इस विधेयक के विरुद्ध प्रदर्शन और हड़ताल किया है। सरकार अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक-2025 के जरिए एडवोकेट एक्ट-1961 में कई संशोधन किए जाने के प्रस्ताव हैं। इस विधेयक के उद्देश्यों में भारत की कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा के मानकों को सुधार कर इसे वैश्विक स्तर का बनाना है ताकि देश में कानूनी पढ़ाई करके निकला व्यक्ति बदलती दुनिया की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है। इसका एक वृहद उद्देश्य है कि कानूनी पेशा एक न्यायसंगत और समतापूर्ण समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण में और सार्थक योगदान दे।

लखीमपुर अब पिछड़ा जिला नहीं रहा : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले के राजेंद्र गिरी मेमोरियल स्टेडियम में 1,622 करोड़ रुपये की 373 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब लखीमपुर पिछड़ा जिला नहीं रहा।

श्री योगी ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया और घोषणा की कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा नहीं रहा । इसकी उपजाऊ भूमि अब सोना उगल रही है। उन्होंने स्वतंत्रता के समय लखीमपुर खीरी के पिछड़ेपन को याद किया, जो मलेरिया और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बावजूद खराब पहुंच से ग्रस्त था।

उन्होंने कहा, अब, पलिया में एक हवाई पट्टी एक पूर्ण हवाई अड्डा बनने के लिए तैयार है और बाढ़ की रोकथाम के उपाय किये जा रहे हैं। अपनी उपजाऊ भूमि से 'सोना' उगलने के साथ, लखीमपुर खीरी परिवर्तन की राह पर है।लखीमपुर खीरी पिछड़े जिले का दंश पीछे छोड़कर आगे

बढ़ चुका है। उन्होंने कहा, इस जिले में करीब 4,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया है। इनमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित देश का पहला बायो-प्लास्टिक निर्माण (पीएलए) प्लांट शामिल है। श्री योगी ने कहा, लखीमपुर में अब न केवल दुधवा नेशनल पार्क है, बल्कि एक नया मेडिकल कॉलेज भी है। कई विकास परियोजनाएं लोगों के जीवन को आसान बनाएंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। यह प्रगति पीएम मोदी के मार्गदर्शन, सरकारी समर्थन और जनप्रतिनिधियों के समर्पण से संभव हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक धनराशि आवंटित करेगी। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की सकारात्मक पहलों पर विश्वास व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने थारू आदिवासी महिलाओं के अपनी संस्कृति को संरक्षित करने और हस्तशिल्प बनाने के प्रयासों की सराहना की, जिन्हें एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत मान्यता दी गई है। श्री योगी ने विकास पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मेडिकल कॉलेज बनाने और हवाई पट्टी को हवाई अड्डे में विकसित करने से लेकर दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में इको-टूरिज्म को बढ़ाने, पीएलए प्लांट लगाने और गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर बनाने तक, प्रत्येक पहल उनके समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में लखीमपुर खीरी जल्द ही राज्य के सबसे विकसित जिलों में से एक बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ को उत्तर प्रदेश की संगठनात्मक क्षमता का प्रमाण बताया, जिसमें 13 जनवरी से 22 फरवरी के बीच लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में डुबकी लगायी है। उन्होंने राज्य की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास करने वाले की आलोचना की और इस बात पर जोर दिया कि विकास रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, जो एक विकसित भारत की नींव रखता है। उन्होंने कहा, उनके अनुसार, सफल महाकुंभ ने प्रगति और नवाचार का विरोध करने वाले आलोचकों को चुप करा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर विकास से विस्थापित लोगों के लिए उचित पुनर्वास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, घर खोने वाले परिवारों को उपयुक्त आवास प्रदान किया जाना चाहिए और दुकान मालिकों को संगठित वाणिज्यिक स्थान दिए जाने चाहिए। सरकार का लक्ष्य क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाना और किसी को भी आश्रय या आजीविका से वंचित किए बिना ● शेष पेज 11 पर

यूपी में बेहतर कानून व्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतरीन कानून व्यवस्था की स्थिति है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं जिम 15 लाख करोड़ निवेश कर चुके हैं 60 लाख नौजवानों को नौकरी उपलब्ध कराई है लगातार प्रस्ताव आ रहे हैं आने वाले दिनों में प्रदेश के युवाओं को उनकी क्षमता और योग्यता नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराएंगे।

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा गैलरी का अवलोकन किया

❑ विधानसभा का आधुनिकीकरण इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को विधानसभा की गैलरी का भ्रमण कर वहां के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थित विभिन्न भित्तिचित्रों, अत्याधुनिक हाईटेक सुविधाओं, डिजिटल गैलरी और विधानसभा की ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले नवाचारों को ध्यानपूर्वक देखा और सराहा। उन्होंने डिजिटल म्यूजियम, साउंड एंड लाइट शो, विधान सभा के कार्यालय, बैठक कक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास हॉल, विधान सभा मंडप, संसदीय दल के कार्यालय का अवलोकन भी किया। राज्यपाल ने विधानसभा में स्थापित भित्तिचित्रों का देखा, जिनमें भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक परम्पराओं को चित्रित किया गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए नवीनीकरण कार्यों और तकनीकी उन्नयन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा का आधुनिकीकरण इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहा है। इस दौरान उन्होंने विधानसभा डिजिटल गैलरी का भी अवलोकन किया। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों की तस्वीरों के साथ-साथ सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित की गई है। राज्यपाल ने गैलरी में लगी हाईटेक स्क्रीन पर विभिन्न विभागों और समितियों की जानकारी, विधायकों एवं मंत्रियों के कार्यक्षेत्र और उनकी जिम्मेदारियों की डिजिटल प्रदर्शनी को भी देखा और इसे एक प्रभावी पहल बताया। उन्होंने हेलीकॉप्टर सिमुलेशन का भी अवलोकन किया, जहां उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पौराणिक एवं आध्यात्मिक स्थानों का वर्चुअल भ्रमण हेलीकॉप्टर सिमुलेशन के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने इसे एक अद्भुत अनुभव बताया। विधानसभा डिजिटल कॉरिडोर में पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों को उन्होंने सराहा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और उनकी पूरी टीम को इस शानदार कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आपके प्रयासों से विधानसभा का विकास और सौंदर्यीकरण अद्वितीय है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल को रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक भेंट की। जिसे राज्यपाल ने अत्यंत हर्ष के साथ स्वीकार किया। उन्होंने इस पुस्तक को विशेष रूप से उत्कृष्ट बताते हुए इसे ज्ञानवर्धक बताया। इसके साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश विधानसभा का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाना बंद करे सरकार: ननकेश बाबू

❑ निजी दुकानों पर यूरिया की बिक्री 500 से 700 रुपये में खुलेआम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज । समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने जनपद के विशेष कर जमुनापार के 9 विकास खण्डों में रबी की फसल हेतु यूरिया की आपूर्ति नहीं किए जाने तथा कुछ व्यापारियों द्वारा यूरिया की कीमत 500 से 700 रुपये लिए जाने पर घोर आपत्ति जतायी है। ज्ञात हो कि महाकुंभ के मद्देनजर जमुनापार की साधन सहकारी समितियां विधवाओं का सिंदूर बन कर रह गए हैं। समितियों में ताले लटक रहे हैं। एक तरफ जहां किसान अपने खेत को जोत बोकर महंगे बीज एवं खाद डालकर सिंचाई कर रहा है वही यूरिया नदारद होने के कारण तथा आवारा पशुओं से परेशान किसान भाग्य की दुहाई दे रहा है। केंद्र एवं प्रदेश में सत्तारूढ़ सरकार सनातन एवं धर्म की दुहाई देकर हिन्दुत्व में मशगूल है। समाजवादी पार्टी की विधानसभा इकाई करछना की आपात बैठक ग्राम डीहा में संपन्न हुई जिसमें किसानों के साथ नाइंसाफी तथा सहकारिता विभाग की लापरवाही की घोर निंदा की गयी । सहकारिता मंत्री से मांग की गई की किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल साधन सहकारी समितियों में यूरिया की आपूर्ति करें अन्यथा किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बैठक में उपाध्यक्ष जगनारायण भारतीया, डॉ. उमेश, बीरेन्द्र शैलेश, कमलेश पुष्कर, शिव मोहन पटेल, डॉ. हरिहर देव, राजेश यादव, मोहन लाल, केशव विश्वकर्मा, नीरेंद्र सिंह, अमर बहादुर सोनकर, डॉ अफजल, संजय, सर्वेश, मंजीत, महेंद्र निषाद, प्रदीप विश्वकर्मा, राकेश यादव, शीतला प्रसाद सहित सैंकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ओड़िशा से अवैध गांजा की तस्करी कर रहे चार तस्कर गिरफ्तार, 33 किलो गांजा बरामद

एजेंसी

सोनभद। राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम ने ओड़िशा से अवैध गांजा की तस्करी कर रहे चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 33 किलोग्राम अवैध गांजा व दो लग्जरी कार बरामद हुई है। अपर पुलिस अधिक्षक कालू सिंह ने शनिवार को बताया की एसओजी व राबर्ट्सगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ तस्कर ओड़ीशा से अवैध गांज लेकर वाराणसी की तरफ जाने वाले है। पुलिस टीम ने फौरन वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर लोढ़ी स्थित मम्मी का ढाबे के पास नाकेबंदी की। पुलिस टीम ने दो सदिंग्ध कार को रोका और चार लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस टीम ने दोनों कारों में से कुल छह बण्डल में 33 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में वाराणसी जिले के शशिकान्त सिंह, दिव्यांशु सिंह, अंकित सिंह और अमन सिंह को गिरफ्तार किया है। राबर्ट्सगंज कोतवाली में गिरफ्तार चारों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

नृत्य, गीत और संगीत से सजा एसबीएस का एनुअल फंक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बारा, प्रयागराज। विद्यालय का वार्षिकोत्सव हो और बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा ना दिखे ऐसा हो ही नहीं सकता। शनिवार को एसबीएस एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के चीफ गेस्ट रहे वरिष्ठ अधिवक्ता व चेयरपर्सन एसबी सिंह ने कहा कि शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने पल्यों की शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। अभिभावकों की जागरूकता ही बच्चों को उनके मुकाम तक पहुंचने में मददगार साबित होगी। वार्षिकोत्सव की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना और प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने विविध प्रकार के गीत-संगीत और नाटक प्रस्तुत कर लोगों को अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों में अंशिका, रिया, आस्था, सौम्या, करिश्मा, श्रेया, पार्थ,आर्यश, अनन्या, नव्या, अंजलि, रियांश, महक, अथर्व समेत तमाम बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। प्रधानाचार्य शर्मिला सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की तारीफ करते हुए शिक्षकों की सराहना की। कहा, बच्चों की तालीम में शिक्षक काफी मेहनत कर रहे हैं। इसके बाद विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। जबकि प्रिंसिपल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में टीचर्स में सूरज दुबे, अच्युत त्रिपाठी, आमिर अजहर, एलबी सिंह, शिवम केसरवानी, विकास सिंह, सविनय सिंह,विभा सिंह, नैंसी केसरवानी, संगीता, प्रतिमा सिंह, हिमांशु सिंह, सुधा सिंह, काजल सिंह, तनु बघेल, नीलिमा वर्मा, गेस्ट में प्रभाकर सिंह, अजय सिंह, रामबाबू जायसवाल, प्रवीण सिंह, देवेंद्र सिंह, रत्नाकर सिंह, अमित सिंह, अंशु पाल सिंह, संतोष सोनी, अनीश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

प्रयागराज में पूर्व राज्यसभा सांसद का हुआ भव्य स्वागत

प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के साले पूर्व राज्य सभा सांसद सुभाष यादव सपत्नी शुक्रवार को संगम स्नान किए और समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार के नैनी आवास पर मुलाकात किए व प्रसाद ग्रहण किए। वहीं प्रयागराज के भव्य व्यवस्था के बारे में बीजेपी सरकार की सराहना करते हुए प्रदेश की उन्नति के विषय में भी समाजसेवी सुधीर शर्मा से चर्चा हुआ। साथ में मंटू सिंह विनय सिंह मोनू सिंह बंटी बाबू बिहार टुल्लू बाबू बिहार नीतीश कुमार फॉक्स अध्यक्ष तेरा डॉ संदीप पाल संजय मिश्रा सुनील जायसवाल राजेंद्र यादव राजेश साहू टुनटुन पांडे आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली बदरका में 618.44 लाख रुपए से होगा विकास कार्य

उन्नाव। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली बदरका में 618.44 लाख रूपये की लागत से बहुद्देशीय हॉल एवं अन्य सुविधाओं हेतु कराए जाने वाले निर्माण कार्य का विधायक भगवन्तनगर आशुतोष शुक्ला द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सीडीओ द्वारा बताया गया कि बदरका में चन्द्रशेखर आजाद जी की जन्मस्थली होने के कारण यहां वर्ष भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होते रहते हैं। यहां पर बहुद्देशीय हॉल एवं कई अन्य सुविधाओं का अभाव था। इसको देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में इन व्यवस्थाओं का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे यहां पर वर्ष भर चलने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना के तहत कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0, उत्तर प्रदेश जलनिगम (नगरीय), लखनऊ द्वारा 450 व्यक्तियों हेतु बहुद्देशीय हॉल (ग्रीन रूम महिला एवं पुरूष, ट्वायलेट ब्लाक महिला एवं पुरूष, स्टॉफ रूम, आफिस रूम, रिकॉर्ड रूम, पेन्ट्री, बरामदा, पैसेज, लाइब्रेरी तथा लाइब्रेरियन रूम सहित) सी0सी0 रोड, इण्टरलॉकिंग पेब्ड पार्किंग, गेट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बोरिंग 03 एच0पी0 का निर्माण कार्य कराया जाएगा। निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था को एक वर्ष का समय दिया गया है। इस अवसर पर एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, स्थानीय अभियंता अनिकेत मिश्रा, पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह, समिति के महामंत्री राजेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

कवि और शायरों ने मचाई धूम-जमकर वाहवाही लूटी

औरैया। जनपद के फफूंद में नुमाइश मैदान के प्रदर्शनी पंडाल में स्थानीय कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया।जिसमे क्षेत्रीय कवियों और शायरों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी और जमकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम सुबह तक चलता रहा। प्रदर्शनी पंडाल में स्थानीय कवि सम्मेलन और मुशायरे की शुरुआत मां सरस्वती का पूजन करके की गई। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर ने सभी कवियों और शायर को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कवि आंनद त्रिपाठी ने माँ सरस्वती को शब्द सुमन अर्पित करके कार्यक्रम का आगाज किया।। मुहम्मद अतीक ने खामोश क्यूँ है यह गुलो शबनम तेरे बगैर,गमगीन हो गया है यह मौसम तेरे बगैर गमगीन हो गया, पढ़ी। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अजित द्विवेदी ने '' बहुत हो चुका नख विरख वर्णन,अब ना मैं श्रृंगार लिखूंगा।सीमा रुधिर खौल जाए ऐसा अब अंगार लिखूंगा।। इसके बाद हास्य के शायर समी खान असर ने व्यंग्य पढ़ा कि यह रंग भी दिखा है अब कि प्यार में, कटियाँ पड़ी हुई हैं कई एक तार में। कवि सलीम खान धाकड़ ने पढ़ा ये देश की थाती है कभी मीरा कभी रसखान कभी कबीर लगती है,तिरंगे से सही हर इमारत लाल किले की प्राचीर लगती है। कवि बेचेलाल विद्रोही ने फागुन महीने को लक्ष्य करते हुए पढ़ा अर्थी बनी हजारों कन्या बैठ न पाईं डोली में,जाने कितने घर बर्बाद हो गए इस दहेज की होली में सुनाकर तालियां बटोरीं। कवि रामजी मिश्रा ने मेरी हिंदी भी उत्तम है मेरी उर्दू भी आला है सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शायर अफ़ज़ल खान ने ''मेरे पुरखों की जागीरें दबाकर ,वह तस्वीर पुरानी दे गया है'' शेर पढ़कर वाहवाही लूटी। वहीं अमरनाथ दीक्षित ने तुम होली के रंग में रंगों मन को हम ईद के चांद की बात करेंगे, सुनाकर खूब वाहवाही लूटी'' ।कार्यक्रम में शामिल अन्य कवि और शायर इकराम,गुलफाम,गुलजार और आसिफ अंसारी ने भी अपनी कविताएं पेश कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 842 वाहनों के काटे गए चालान

एजेंसी

कानपुर। सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों की लापरवाही के चलते होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कानपुर यातायात पुलिस वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 842 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों की लापरवाही और छोटे वाहनों को तेजी से दौड़ाने वाले चालकों की गलतियों की वजह से पूर्व में कई तरह की घटनायें हो चुकी है। जिनमें कई लोगों की जाने भी जा चुकी है। इन सभी घटनाओं के बाद कानपुर यतायत पुलिस रोजाना अभियान चलाकर इन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह की मौजूदगी में पूर्वी जोन के कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को चेतावनी देते हुए हटवाया गया। साथ ही दोबारा ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की बात भी कही गयी। इसी तरह से रॉंग साइड 184, दुपहिया वाहनों पर ट्रिपलिंग करने वाले 73, एचएसआरपी 10 व अन्य 575 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 842 चालान किये गए। एडीसीपी यातायात अर्चना सिंह ने कहा कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियम चलाया जा रहा है। जब तक लोग यातायात के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए जागरूक नही होते हैं, तब तक यह अभियान जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 593 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

एजेंसी

जालौन। जनपद के नवीन गल्ला मंडी में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य समारोह में 593 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवाह समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम छोर तक पहुंच रही है और इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''यह कार्यक्रम सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता का प्रतीक है और इससे आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिलता है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब परिवारों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यह योजना वंचित वर्गों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि उनकी बेटियों की शादी का बोझ भी हल्का करती है। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, ''पहले गरीब परिवारों के लिए बेटी की शादी करना कठिन होता था। कई बार उन्हें कर्ज लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती थी। लेकिन इस योजना ने उनकी यह चिंता दूर कर दी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 51 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं और 10 हजार रुपये उपहार सामग्री के रूप में प्रदान किए जाते हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत, परिजन में मचा कोहराम

मीरजापुर। थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव में शनिवार शाम करीब छह बजे 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को घर ले गए। परिजनों के अनुसार, संगीता (18) घर में बैठकर भोजन बनाने के लिए सब्जी काट रही थी, तभी अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। घबराए परिवार वालों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. अनूप कुमार ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के शोकाकुल होने के कारण उन्होंने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को घर ले जाने का फैसला किया। पुलिस को इस घटना की जानकारी मिलने पर वे मामले की जांच में जुट गए हैं। युवती की मौत के कारणों को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि उचित जांच के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का खुलासा किया जा सकेगा।

सूक्ष्मजीव हमारे सबसे अच्छे मित्र : डॉ. टंडन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इविंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में जैव प्रौद्योगिकी केंद्र तथा सूक्ष्म जीव विज्ञान केंद्र द्वारा प्रो़फेसर मुकेशपति मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रवी टंडन ने कहा ल्लसूक्ष्मजीव : इस ग्रह पर हमारे सबसे अच्छे मित्रल्ल हैं। शनिवार को जैव प्रौद्योगिकी विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवी टंडन ने सूक्ष्म जीवों के हमारे जीवन पर प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हमारे आस-पास और शरीर, विशेष रूप से आंत में उपलब्ध अच्छे और बुरे सूक्ष्मजीव हमारे स्वास्थ्य पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ये जीव प्रतिरक्षा तंत्र और सम्पूर्ण जीवन शैली को कैसे प्रभावित करते हैं। उन्होंने एच.आई.वी से प्रभावित लोगों में प्रोबायोटिक जीवाणुओं की भूमिका को उजागर किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र में दुनिया भर में कौन-कौन सी नई शोध हो रही हैं। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य प्रो़फेसर ए.एस. मोसेस, प्रो़फेसर जस्टिन मसिह, विभागाध्यक्ष, प्रो़फेसर संजय कुमार मिश्रा, डॉ. ए.के. तिवारी, डॉ. अशोक कुमार पाठक, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के समस्त अध्यापकगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि: काशी विश्वनाथ धाम झालरों की पीली रोशनी में स्वर्णिम आभा बिखेर रहा

एजेंसी

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि महापर्व की तैयारियां अब अंतिम दौर में है। काशीपुराधिपति के दरबार में महापर्व पर होने वाले पूजा- पाठ, आरती की तैयारी के साथ ही धाम को भव्य रूप से सजाने का काम तेज गति से जारी है। श्री काशी विश्वनाथ धाम को विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। झालरों और लाइटों की पीली रोशनी में श्री काशी विश्वनाथ महादेव का प्रांगण स्वर्णिम आभा बिखर रहा है। मंदिर प्रांगण में चल रही तैयारियों की न्यास के अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। मंदिर के सीईओ विश्व भूषण मिश्र एवं डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने शनिवार को गेट नंबर- 4 से गंगा द्वार तक तैयारी का निरीक्षण किया। दोनों अफसरों ने महाशिवरात्रि के लिए चल रहे सजावट के कार्यों एवं अन्य प्रबंधों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान सीईओ ने दर्शन पूजन के लिए कतार में लगे श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। धाम में प्रधान महादेव विग्रहों का पूजन जारी, सीईओ ने किया रूद्राभिषेक महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम में उमंग और उत्साह नजर आ रहा है। महोत्सव में मंदिर प्रांगण रूद्र मंत्रों से गुंजायमान है। मंदिर न्यास की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को भी पूजन- अर्चन और रूद्राभिषेक का क्रम जारी रहा। मंदिर के सीईओ विश्व भूषण ने धाम में स्थित प्रधान महादेव विग्रह मान्धातेश्वर महादेव का शास्त्रोक्त विधि से रुद्राभिषेक किया। न्यास के आचार्यों और शास्त्रियों ने विधि विधान से महादेव को पूजन सामग्री अर्पित कराकर अनुष्ठान कराया। वहीं मंदिर के नायब तहसीलदार मिनी एल शेखर ने धाम में स्थित नीलकंठेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया।

एक जनपद एक उत्पाद एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट का किया गया वितरण

प्रतापगढ। जिला मुख्यालय पर विकास भवन सभागार में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने शनिवार को एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। जनपद में एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट योजना अंतर्गत 400 लाभार्थियों में से 25 लोगों को टूलकिट प्रदान किया गया और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत कुल 100 लाभार्थियों में से 25 लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किया गया। विधायक सदर ने आंवला खाद्य प्रसंस्करण में एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट की महत्वा पर प्रकाश डालते हुए आंवला उद्योग को ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने का आवाहन किया। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि शून्य से शिखर तक बढ़ने के लिये शासन एवं प्रशासन आपके साथ खड़ा है, कभी भी अपने आपको छोटा न समझे। बगैर किसी ब्याज का 5 लाख का तक ऋण बैंक के माध्यम से मिल रहा है, बैंक के दरवाजे आपके लिये खुले है, बैंकों से पैसा लीजिये तो पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्धारित समय में बैंकों को पैसा वापस भी करिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहे है और संचालित योजनाओं के माध्यम से रोजगार मुहैया कराये जा रहे है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उद्यमियों एवं शिल्पियों से उनके अनुभव एवं समस्याओं को जानने हेतु संवाद किया तथा उद्यमियों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शिल्पियों का महत्वपूर्ण स्थान है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं एवं मातृ शक्तियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों एवं शिल्पियों से कहा कि जिन पेशों में कार्य रह रहे है उसमें पूरी कुशलता एवं लगन के साथ आगे बढ़ेगे तो हमारा जनपद, प्रदेश व देश भी आगे बढ़ेगा। देश को विकसित करने में उद्यमियों, शिल्पियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने महिला उद्यमियों को बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया साथ ही साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से स्वरोजगार स्थापना हेतु शिल्पियों को जागरूक किया।

बच्चों ने कड़ी मेहनत की और अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

माइंड स्पार्क कार्निवाल का किया गया आयोजन

सुमित श्रीवास्तव

लखनऊ। ब्रिजिडा मोरेल्लो कॉन्वेंटस्कूल में 22 तारीख़ को माइंड स्पार्क कार्निवाल का आयोजन किया गया जो बहूत ही जानकारी पूर्ण,नवाचारी और रोमांचक था। इस आयोजन में बच्चों ने कड़ी मेहनत की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, माता पिता ने भी बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के नवाचारी और रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स और प्रदर्शनियों के माध्यम से ही अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यअतिथि के रूप में फादर मेलविन सल्डाना (सेंट पाल्स दिलकुशा) ने अपने प्रेरक भाषण में बच्चों को सदा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया इस सफल आयोजन के लिए सिस्टर क्लेयर (मैनेजर), (सिस्टर लिजी (वाइस प्रिंसिपल) और सिस्टर ज्योति ने बहुत सहयोग किया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों, माता पिता और बच्चों का सहयोग रहा स्कूल के प्रधानाचार्य सिस्टर कृपा मारिया ने कहा हम अपने बच्चों की प्रतिभा पर गर्व है। यह आयोजन हमारे बच्चों के लिए एक अच्छा अवसर था अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के मास कम्युनिकेशन विभाग ने किया फैशन शो का आयोजन

195 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

सिदरा सिद्दीकी को मिस फैशन शो और लक्की खान को मिला मिस्टर फैशन शो का खिताब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के मास कम्युनिकेशन विभाग ने फीएस्टा 2025 के तहत ग्लोबल ग्रूव ए कल्चरल एंड एथनिक फैशन शो का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में देश और दुनिया की पारंपरिक और आधुनिक वेशभूषाओं की अद्भुत प्रस्तुति दी गई। इस फैशन शो में दर्शकों ने सांस्कृतिक धरोहर की सुंदरता का दीदार किया। इस अवसर पर डीन और कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रोफ़ेसर अब्दुल रहमान ख़ान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने फैशन शो की तारीफ़ करते हुए कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतियों की विविधता को बेहद आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। इससे वैश्विक परंपराओं को अपनाने से एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। फैशन शो में लगभग 195 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रस्तुति के बीच सिदरा सिद्दीकी को ''मिस फैशन शो'' और लक्की खान को ''मिस्टर फैशन शो'' के खिताब से नवाज़ा गया। कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर वहाजुल हक(डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट), डॉ. राजीव रंजन(डीन, इंटीग्रल बिजनेस स्कूल), प्रो. अदील मकबूल(डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स) और डॉ. राशिद अंसारी (विभागाध्यक्ष, मास कम्युनिकेशन विभाग) मौजूद रहे। इस भव्य आयोजन के संयोजक मोहम्मद रेहान इरफान और नफीसा रज़ी रही।

बीबीडी पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से हरे-भरे पेड़ों की कटान जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, बीबीडी लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र के चंदिया मऊ गांव के पास एसटीपी चौकी इलाके में लकड़ी माफिया, स्थानीय बीबीडी पुलिस एवं स्थानीय वन विभाग कर्मियों की मिलीभगत से हरे आम के पेड़ों की कटान धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार ग्राम चंदिया मऊ गांव के पास रात के अंधेरे में बीबीडी पुलिस, वन विभाग कर्मियों के शह पर लकड़ी माफिया ने एक दर्जन से अधिक फलदार आम के पेड़ों को काट कर गिरा दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, काटे गए सभी पेड़ बोर से लदे हुए थे। यह कटाई बिना किसी आधिकारिक अनुमति के की गई है ।

अनुसंधान तैयारी पर एक और सत्र एवं पैनल डिस्कशन का आयोजन

लखनऊ। सीएसआईआर-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट में ड्रग डिस्कवरी रिसर्च में वर्तमान रुझानों पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के चौथे दिन एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध से निपटने पर बहुत महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सत्र और उभरती वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों हेतु अनुसंधान तैयारी पर एक और सत्र एवं पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। सीटीडीडीआर 2025 का समापन ''ड्रग डिस्कवरी में चुनौतियां और अवसर'' विषय पर दिग्गजों द्वारा विचार मंथन(पैनल चर्चा) के साथ हुआ। इस मंथन सत्र में डॉ. अनिल कौल, लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन, यूके, डॉ. डैनियल गोल्डबर्ग, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, यूएसए, प्रोफ़ेसर क्रिस्टोफर आर. मैककर्डी, यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा, यूएसए, प्रोफ़ेसर इयान एच. गिल्बर्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ डंडी, यूके और डॉ. राधा रंगराजन, निदेशक, सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ, पैनलिस्ट रहे।

जो पीडीए की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा : आरके चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । शनिवार को समाजवादी पार्टी की ओर से मोहनलालगंज के नगराम सेक्टर के ग्राम सभा घोड़सारा तथा नवीनगर चौराहे पर पी डी ए चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल के माध्यम से सांसद आर. के. चौधरी ने ग्राम सभा घोड़सारा की जनता का आभार जताते हुए भविष्य में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आने वाले समय में मुख्यमंत्री बनाने की अपील की कहा कि हमारा देश इस भ्रष्टाचारी सरकार से ग्रस्त हो चुका हमें इस जनविरोधी, देशविरोधी, किसान, गरीब, मजदूर विरोधी, संविधान विरोधी सरकार से छुटकारा पाने के लिए साईकिल वाला बटन दबा कर आने वाले चुनाव से भारी बहुमत से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के हाथों को मजबूत करने का काम करें। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने चौपाल के माध्यम से क्षेत्र की जनता को बाबा साहब डॉध भीम राव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का विस्तार से बताया कि किस प्रकार से बाबा साहब ने हमारे शोषित वंचित समाज के लिए समता, समानता, तथा मौलिक अधिकारों को संविधान के माध्यम से हमें जीने का अधिकार देता है तथा देश सभी वर्गों के दलित, पिछड़े, अल्प संख्यक समाज को एकजुट होकर इस तानाशाही सरकार को आने वाले चुनाव में तख्ता पलट कर समाजवादी की सरकार बनाना है। श्री पुष्कर ने बताया की इस सरकार में बाबा साहब की जगह जगह मूर्तियों को तोड़ने का काम कर रहे और हमारे भगवान् गरीबों, दलितों, अल्प संख्यक समाज के मसीहा के द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म कर ये सरकार पुनः मनुस्मृति लागू करना चाहती है इस लिए हम सब को मिलकर इस भ्रष्टाचारी सरकार से मुक्ति पाने के लिए साईकिल वाला बटन दबा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करना है और आने वाले 2027 में समाजवादी सरकार बनाना है। आज की पी डी ए चौपाल के आयोजक, महफूज़ आलम, जोन प्रभारी नगराम दिनेश यादव, दीपक पटेल ने मुख्य अतिथि एवम सभी सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत हार्दिक अभिनन्दन किया। इस चौपाल की अध्यक्षता कर रहे शिव दर्शन वर्मा, विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, मोध शब्बीर खान, राम किशोर रावत, धर्म वीर पासवान , राम समुझ रावत, भरत यादव, दिनेश यादव, अशर्फी लाल धीमान, सहदेव वर्मा, हरी शंकर रावत, नौमीलाल लोधी, सर्वेश यादव, शिवकुमार रावत, फूल चंद्र रावत, राजेश रावत समेत काफी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

महिला की हत्या के बाद फरार शातिर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला पूजा लोधी के मर्डर में नामजद शातिर अभियुक्त सूरज यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सूरज पर हत्या का मुकदमा दर्ज था, बिजनौर की घसियारी मंडी निवासी पूजा लोधी के मर्डर का आरोपी सूरज यादव पिछले रविवार को पूजा लोधी के मर्डर के बाद से मोबाइल बंद कर फरार था। मृतका के पति दिनेश लोधी द्वारा सूरज यादव को नामजद किया गया था। 16 फरवरी रविवार को बिजनौर के सीआरपीएफ गेट नंबर 1 के सामने सरयू बिहार कॉलोनी में धनंजय पांडे के मकान में पूजा लोधी का शव शाम 5ःबजे बेड पर पड़ा मिला था। उसके गले में कसाव के निशान थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था जानकारी में आया था कि मोहनलालगंज क्षेत्र का सूरज यादव यहां पर किराए का कमरा लेकर पूजा लोधी के साथ रह रहा था। पिछले 6 दिनों से डी सी पी सर्विलांस टीम, क्राइम टीम, व थाना बिजनौर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। हत्यारोपी न्यायालय में आत्म समर्पण करने की फिराक में था। आरोपी की गिरफ्तारी पर डीसीपी दक्षिणी द्वारा हत्याकांड के अनावरण में लगी टीम को 25000 नगद देकर पुरस्कृत किया गया।

एसीपी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट लखनऊ । लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बाबा मेडिकल कॉलेज ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में एसीपी विभूति खंड राधा रमण सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक। 112,साइबर फ्रॉड, महिला हेल्पलाइन, सड़क सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाल अपराध, सोशल मीडिया के प्रयोग, सहित विभिन्न विषयों पर एसीपी विभूति खंड राधा रमण सिंह ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर चिनहट थाने की एंटी रोमियो स्क्वाड प्रभारी राखी सिंह तथा शक्ति दीदी , कॉन्स्टेबल विनय शुक्ला , मटियारी चौकी प्रभारी अनुज कुमार, उपनिरीक्षक खुर्शीद आलम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बीबीडी में आज से शुरू होगा तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष25

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबू बनारसी दास में 23 फरवरी से होने वाले तीन दिवसीय उत्कर्ष 25 को लेकर शनिवार को गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रो0 डॉ0 एस0एम0के0 रिज़वी(डीएसडब्ल्यू एवं चीफ प्रॉक्टर) व डॉ एस सी शर्मा(पीआरओ, वाइस चांसलर बीबीडीयू) ने बताया कि 23 फरवरी से तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव उत्कर्ष 25 की शुरूआत हो रही है। इस उत्सव में बीबीडी एजूकेशनल ग्रुप के लखनऊ कैम्पस के लगभग 20 हजार छात्र-छात्राएं तथा लखनऊ तथा प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के हजारो छात्र अपनी सहभागिता करेगें। इस उत्सव में तकनीकी, सांस्कृतिक, होटल मेनेजमेंट, खेल, साहित्य एवं ललित कला आदि प्रतियोगिताओं की विभिन्नता देखने को मिलेगी। इस उत्सव का थीम फ्यूचर टेक है। 25 फरवरी को इसका समापन होगा।

नगराम में खेत से घर लौट रहे किसान पर दबंग ने किया लाठी से हमला, हुआ चोटिल

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के गांव दुल्हा पुर हुसैनाबाद में बीते शुक्रवार को एक युवक पर दबंग ने लाठी से पीछे से वार कर दिया , पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम के दुल्हा पुर हुसैनाबाद निवासी छेदालाल ने गांव के ही बलमा पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत से वापस लौट रहा था तभी रास्ते में गांव के ही बलमा ने पीछे से आकर लाठी से कई वार कर दिया, जिसमें चोटें आई हैं। जब तक कुछ समझ पाते तब तक सात आठ लाठी मारने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना प्रभारी विवेक चौधरी के मुताबिक मिली तहरीर के आधार पर मारपीट व जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

छह दिवसीय कार्यशाला का समापन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक तैयार कर रहा है। जिससे कि छात्रों को पढ़ाई के बाद रोजगार और स्वरोजगार के लिए परेशान न होना पड़े। इसी क्रम में कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से स्कोरटेक इंडिया प्रा0 लि0 के सहयोग से हीटिंग वेंटिलेशन एयर कंडिशनिंग और पीएलसी एससीएडीए पर निःशुल्क आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। कार्यशाला में बीटेक के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को एचवीएसी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर, जरूरी स्किल, डिजाइनिंग आदि के बारे में बताया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को हीटिंग वेंटिलेशन एअर कंडिशनिंग के बारे में और विभिन्न तरह के लेआउट, एसी वेंटिलेशन प्लान लेआउट, चिल्ड वाटर स्कीमेटिक ले आउट, साइकोमेट्रिक चार्ट, हीट लोड कैलकुलेशन, साइट विजिट एस्पोजर पर जानकारी दी।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

लखनऊ/ प्रयागराग, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने महाकुंभ में संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाई और लखनऊ के साथ साथ राष्ट्र की समृद्धि, शांति व जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ के भव्य आयोजन की सराहना की और इसे भारतीय संस्कृति व सनातन परंपराओं की वैश्विक पहचान का प्रतीक बताया।

होलिका में आग लगाने वालों पर हो कार्रवाई : हिन्दू महासभा त्रिदंडी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने गुडम्बा थानान्तर्गत ग्राम सभा भाखामऊ में होलिका में आग लगाये जाने की कड़ी निन्दा की है। हिन्दू धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। संगठनात्मक ढांचे में मजबूती को लेकर शनिवार को पार्टी को कुर्सी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान भाखामऊ में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा 15 फरवरी को होलिका के जलाये जाने के कृत्य पर भारी रोष व्यक्त किया है। कहा कि हिन्दू धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही साथ भाखामऊ में होली पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवायी जाये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि इस तरह की घटना पहले भी दो बार हो चुकी है, जिसको लेकर इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाने और कार्यवाही में तेजी लाने के लिए पार्टी पत्र भेजने जा रही है। ताकि इस तरह के कृत्यों को करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान संगठन में मजबूती और सक्रियता लाने के लिए 11 सदस्यीय कोर कमेटी के गठन करने का निर्णय लिया। संगठन में नये पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा की गयी।

आबकारी विभाग को प्रोसेसिंग फीस के रूप में मिले 424 करोड़ रुपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी के माध्यम से आवंटन के लिए 21 फरवरी की सायं तक कुल 82239 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं और इसमें 424 करोड़ रुपये की प्रोसेसिंग फीस मिली हैं। यह जानकरी आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह ने दी। आबकारी आयुक्त ने बताया कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की समस्त 27,308 देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी हेतु पंजीकरण 14 फरवरी, 2025 से शुरू हो चुका है। 17 फरवरी से पंजीकरण के साथ आवेदन भी आरम्भ हुए। लाटरी की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण रूप से आनलाइन हैं और आवेदक के लिए समस्त अभिलेख एवं प्रोसेसिंग फीस आनलाइन ही जमा किये जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि भारत का कोई भी नागरिक जिसकी आयु 21 वर्ष से अधिक है, जो अन्य किसी कारण से अनर्ह नहीं है, वो आवेदन कर सकता है। ई-लाटरी आगामी 06 मार्च, 2025 को खोली जाएगी। पारदर्शी रूप से अनुज्ञापियों का चयन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

एस आर ग्रुप के रोजगार मेले में 2771 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स मे शुक्रवार को जॉब फ़ेयर 2025 का आयोजन किया गया । मेले का शुभारंभ राज्यमंत्री(उच्च शिक्षा),रजनी तिवारी, एम0एल0सी एवं संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान द्वारा किया गया।उद्घाटन सत्र में सभी अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने कहा कि यह जॉब फ़ेयर नौकरी देने के लिए नही बल्कि सपनों की उड़ान के लिए आयोजित किया गया है।सभी विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग से जॉब फ़ेयर में प्रतिभाग करें,संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने कहा कि यह वृहद जॉब फ़ेयर प्रदेश के सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। एस0आर0 ग्रुप विगत 12 वर्षो से इस प्रकार के जॉब फ़ेयर का आयोजन करता आ रहा है।जिसमें प्रतिवर्ष 3000 से ज्यादा अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।यह जॉब फ़ेयर उन्हे अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए एक सकारात्मक प्रयास है।उन्होंने नवप्रवेशित छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि 4 वर्ष की कठिन मेहनत से आपका जीवन सुखमय हो जाता है।संस्थान के वाइस चेयरमैन पियूष सिहं चौहान ने कहा कि जॉब फ़ेयर विद्यार्थियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए एक माध्यम है।इस जॉब फ़ेयर में 100 कम्पनियों ने 4356 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया जिसमें 2771 छात्र/छात्राओं को रोजगार दिया।इस जॉब फ़ेयर में देश एवं प्रदेश की 100 कम्पनियों ने लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से 2771 छात्रों का चयन किया।जिनमें प्रमुख रुप से एच0डी0एफ0सी0 बैंक, एक्सिस बैंक, ब्राइट फोर व्हील, टाटा टेक्नोलॉजिस लाख प्रति वर्ष), एस0एल0एम0जी कोकाकोला(1.20 लाख प्रति वर्ष), वी-मार्ट,लूलू मॉल,मेटल सीम,मदर्ससन ऑटोमोटिव,दिस्टी एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी,जी0टी0एल लिमिटेड 100 छात्र (2.56-3.00 लाख प्रति वर्ष), ऑनडोर ग्रुप ऑफ कम्पनी (2.56- 3.00 लाख प्रति वर्ष)12 छात्र, जे0एन0एस इन्स्टूमेन्ट लिमिटेड (2.56- 3.00 लाख प्रति वर्ष),रिवोन एग्रो सर्विसेस प्रा0 लि0 200 छात्र,मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0 25 छात्र, ठाकुर पब्लिकेशन प्रा0लि0 2.50 -3.00 लाख प्रति वर्ष,बायोकार्ट इंडिया(2.56-3.00 लाख प्रति वर्ष),इकोजेन बायोटेक (3.00 लाख प्रति वर्ष),इंडिया जापान लाइटिंग प्रा0लि0 (3.00 लाख प्रति वर्ष),एन0एच0के0 स्परिंग इंडिया लि0(2.56 -3.00 लाख प्रति वर्ष),जे0एन0एस0 इन्स्ट्रूमेन्ट(2.00 - 3.0 लाख प्रति वर्ष),इकोजेन बायोटेक (2.56-3.00 लाख प्रति वर्ष),कैरियर बिस्टा(2.56-3.00 लाख प्रति वर्ष),सिटीकार्ट (2.56-3.00 लाख प्रति वर्ष)। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ0 डी0पी0 सिह, सहायक निदेशक शतरजन शर्मा,डीन अंकुर सिंह,कार्यकारी निदेशक डॉ0 सर्वेश चौहान,प्लेसमेन्ट डायरेक्टर कौशल चंद्रा आदि उपस्थित रहे ।

सरकारी चिकित्सक प्राइवेट चिकित्सालय संचालित कर रहे हैं, उनकी सूची तैयार करते हुये उन पर हो कार्यवाही : डीएम

❑ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक हुई सम्पन्न हुयीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि जो भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट चिकित्सालय संचालित कर रहे हैं, उनकी सूची तैयार करते हुये उन पर कार्यवाही करें तथा सभी संबंधित को निर्देशित किया कि वह सभी अपने-अपने सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों की सूची तैयार कर लें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस थाना मानपुर में हुआ आयोजित

❑ राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के भी दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने थाना मानपुर में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर के साथ अन्य सम्बंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाये, वह स्पष्ट होना चाहिये तथा जिस टीम द्वारा मौके का मुआयना किया गया है, उस टीम का विवरण तथा निस्तारण का पूर्ण विवरण रजिस्टर में अंकित होना चाहिये। शिकायतकर्ता द्वारा मकान में कब्जा न देने के कारण जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों को बुलाकर मौके पर ही शिकायत का निस्तारण किया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आगामी शिवरात्री के दृष्टिगत समय से संबंधित को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों भ्रमण कर लें, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीतापुर के डॉ. शशांक शेखर ने कानूनी तकनीक में पहला पेटेंट प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (Dr. RMLNLU), लखनऊ के विधि संकाय के सदस्य डॉ. शशांक शेखर, जो सीतापुर जिले की मिश्रिख तहसील के अंतर्गत बरसुवा गाँव के निवासी हैं, कानूनी तकनीक में विश्वविद्यालय का पहला पेटेंट प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

डॉ. शेखर द्वारा विकसित ''ऑटोमेटेड प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स डिवाइस फॉर लीगल केस आउटकम असेसमेंट'' नामक यह तकनीकी उपकरण न्यायिक प्रणाली में कनीकी क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिज़ाइन डिज़ाइन संख्या 395490-001, वर्ग 14-02 के अंतर्गत पंजीकृत है और इसे डिज़ाइन अधिनियम, 2000 तथा डिज़ाइन नियम, 2001 के तहत आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि न केवल डॉ. आरएमएलएनएलयू के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे सीतापुर जिले के लिए भी गर्व का विषय है। इस कार्य में डॉ. शशांक शेखर के सहयोगी के रूप में डॉ. आलोक कुमार यादव (लखनऊ विश्वविद्यालय) और डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी (लखनऊ विश्वविद्यालय) भी शामिल रहे हैं। बरसुवा जैसे छोटे से गाँव से निकलकर देश के प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य के रूप में योगदान देना और कानूनी तकनीक में नवाचार करना सीतापुर के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

पुलिस ने मुठभेड़ में लुटेरों को गिरफ्तार किया

एजेंसी

बिजनौर। फर्जी जमानत कराकर नगीना देहात क्षेत्र में लूट करने वाले हिस्ट्रीशीटर को थाना मंडावर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। कनकपुर गांव में रहने वाले सचिन ने 09 फरवरी को नगीना देहात थाने पर तहरीर दी थी कि वह अपने बेटे और पत्नी के साथ ससुराल जा रहे थे। रास्ते में ग्राम आब्दीपुर के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल को रुकवाया। तमंचे से डरा कर उसका मोबाइल, नकदी और पत्नी के आभूषण उतरवा लिए। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान अकबरपुर गंगा खेड़ी निवासी मनोज उर्फ नेवला, रानी कोटा निवासी विनोद उर्फ काना और शाहपुर उर्फ खैरुल्लापुरा गांव का रोहित का नाम प्रकाश में आया। रोहित लूटे गए मोबाइल, नकदी के साथ पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य लोगों की तलाश की जा रही थी। पुलिस शुक्रवार की रात मोडडिया पुलिया पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान किरतपुर की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को रोकने की कोशिश की तो उसने रुकने के बजाए जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया। व्यक्ति की पहचान मनोज उर्फ नेवला के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल अभियुक्त को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वह अपने पूर्व के मुकदमे में जेल में बंद था। जमानत न मिलने के कारण वकील के जरिय फर्जी जमानती दिखाकर हाईकोर्ट से जमानत ले ली। दो जनवरी को वो जेल से बाहर आ गया था। इसके बाद उसने अपने साथी रोहित व विनोद के साथ मिलकर कोतवाली देहात क्षेत्र में लूट की घटना की थी ।

विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते युवक की गई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। आपको बताते चलें लहरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधनपुरवा मजरा रुखारा थाना लहरपुर निवासी अंकित मौर्य पुत्र गजोधर उम्र 28 वर्ष जो कि किसी काम से जा रहा था तभी रास्ते में एलटी तार टूटा पड़ा हुआ था ।एलटी तार में चलते करंट के लगने से एक युवक की मौत हो गई उनके द्वारा बताया गया कि यह भयानक हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही से हुआ है । युवक की हालत नाजुक देखते हुए नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया परिवार वालों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाया है। इस घटना के जिम्मेवार विद्युत विभाग के आला अधिकारी हैं.प्रार्थी के परिवार समेत पूरे गांव में मातम सा छा गया है। देखना यह है कि विद्युत विभाग के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है। या मामले को ऐसे ही दबा दिया जाएगा मृतक के भाई ने कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

छात्रों ने माता वीणा वादिनी की स्तुति करके प्रधानाचार्य से लिए प्रवेश पत्र

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अब जबकि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के प्रारंभ होने में सिर्फ एक दिन शेष है इसी के दृष्टिगत आज जनपद के अधिकांश विद्यालयों में बोर्ड के छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ देखी गई नगर के उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर में आज हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट के छात्रों ने विद्यालय में काफी प्राचीन काल से स्थापित की गई मां वीणा वादिनी की मूर्ति के समक्ष जाकर माता को नमन किया तथा माता की स्तुति की ताकि छात्रों को मनवांछित परिणाम परीक्षा में प्राप्त हो सके उसके उपरांत छात्रों ने विद्यालय के मैदान में खड़े होकर प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे ए तथा शिक्षकों से आशीष लिया इस अवसर पर छात्रों को प्रवेश पत्र वितरित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि आप लोगों ने परीक्षा काल मैं जो भी मेहनत की है उसका सुखद परिणाम आपको अवश्य मिलेगा तथा आपकी परीक्षा के अंक आपके अंक पत्र में चढ़ जाएंगे वह ता उम्र आपके सामने बने रहेंगे। उन्होंने छात्रों को परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने हेतु तथा सुनियोजित ढंग से प्रश्न पत्र हल करने के टिप्स दिए। इस अवसर पर कक्षा 10 तथा कक्षा 12 के छात्र प्रवेश पत्र लेते समय मौजूद थे।

राजातालाब पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंग लीडर को दबोचा, फरार चल रहा था

वाराणसी। राजातालाब और मिर्ज़ामुराद पुलिस ने संयुक्त अभियान में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी अपराधिक गिरोह के सरगना को चंदापुर बाजार गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पचाई थाना राजातालाब निवासी बदमाश के खिलाफ शिवपुर, रोहनिया, राजातालाब थाने में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। शनिवार को पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एसीपी राजातालाब के अगुवाई में राजातालाब व मिर्ज़ामुराद पुलिस गश्त के लिए निकली थी। सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने इनामिया गैंग लीडर को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की गिरफ्तारी में राजातालाब प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा, मिर्ज़ामुराद प्रभारी निरीक्षक सुधीर त्रिपाठी और उनकी पुलिस टीम शामिल रही।

महाराष्ट्र के समर्थ पाटिल को हराकर कानपुर के कपिल ने जीता रजत पदक

कानपुर। छत्रपति शिवाजी स्टेडियम पुणे में हो रही केंद्रीय सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता में कानपुर पैराशूट फैक्ट्री में कार्यरत कपिल फौजदार ने अपने प्रतिद्वंदी महाराष्ट्र के रहने वाले समर्थ पाटिल को हराकर सिल्वर मेडल जीतते हुए कानपुर का नाम रोशन किया है। यह जानकारी शनिवार को चयन कर्ता डी के त्रिपाठी ने दी। उन्होंने गौरवान्वित होते हुए कहा कि चयन करते समय उन्हें पूर्ण विश्वास था कि तीसरी बार भी कानपुर को मेडल मिलेगा और कपिल फौजदार ने विश्वास को बनाए रखा। ऐसे होनहार प्रतिभागियों पर गर्व करता रहूंगा जो अपने शहर के नाम को रोशन करते हैं। इसी जीत की ख़ुशी में कानपुर वायु सेना स्टेशन चकेरी के हेडक्वार्टर में पति पत्नी की अंताक्षरी व गीतों की महफ़िल भी सजी। इस अवसर पर एमडब्लूओ प्रमोद कुमार,सरनाम सिंह, वारंट अफसर केपी गुप्ता, सार्जेंट रामजी प्रसाद, भानू प्रकाश शुक्ला, जितेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहें।

गंगा में डूब रहे दो दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को जलपुलिस ने बचाया

वाराणसी। ललिताघाट पर शनिवार को गंगा नदी में नहाते समय अंदाजा न मिलने पर दो दक्षिण भारतीय श्रद्धालु गहरे पानी में डूबने लगे। यह देख घाट पर मौजूद जलपुलिस के जवान ने गंगा में छलांग लगाकर दोनों को सकुशल बाहर निकाल लिया। श्रद्धालुओं को जीवनदान मिलने पर घाट पर मौजूद लोगों ने जल पुलिस के जवानों की सराहना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने भी पुलिस टीम का आभार जताया। कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ ज़िले के मुंडगोड निवासी मंजूनाथ हीरेमठ अपने मित्र बसैया के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए वाराणसी आए हुए हैं। पूर्वाह्न में दोनों गंगा स्नान के लिए ललिताघाट पर पहुंचे। गंगा में नहाते समय मंजूनाथ फिसल कर गहरे पानी में चले गए। यह देख बसैया मित्र को बचाने के लिए गहरे पानी में चला गया। मित्र को बचाने में बसैया भी डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर विशेष नौका से गश्त कर रहे जलपुलिस के जवान वैभव सिंह ने तत्काल दोनों को बचाने के लिए पानी में उतरे और एक—एक कर दोनों को सकुशल बाहर निकाल लिया। जान बचने पर दोनों श्रद्धालुओं ने वैभव सिंह का आभार जताया।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। युवक ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। थाना नारखी क्षेत्र स्थित पचवान गांव के बाहर शनिवार को वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब एक युवक का शव पेड़ पर लटका देखा तो वह हैरान रह गए। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। इधर जानकारी होते ही परिजन भी मौके पर आ गए। जिन्होंने मृतक की पहचान पचवान निवासी लवकुश (25) पुत्र भीकम सिंह के रूप में की। पुलिस ने मृतक के शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। शुक्रवार की रात भी शराब पीकर घर आया था। जिस पर मां ने उसे डांट लगाई थी। जिस कारण वह घर से निकल आया। परिजन रात्रि घर उसकी तलाश में जुट रहे लेकिन इसका कोई पता नहीं चल सका। इस सम्बंध में थाना प्रभारी नारखी का कहना है कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

झांसी की मृदुभाषिनी हार्वर्ड के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए चयनित

झांसी। झांसी की मृदुभाषिनी जैन ने अपनी काबिलियत से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जगह बनाई है। इस सम्मेलन के लिए 70 से अधिक देशों से आए 50,000 से अधिक आवेदकों में से मात्र 1 प्रतिशत से भी कम प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिसमें मृदुभाषिनी का नाम शामिल होना न केवल झांसी बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। वह झांसी की पहली प्रतिभागी हैं, जिन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। कठिन चयन प्रक्रिया इस प्रतिष्ठित सम्मेलन की चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण थी। इसमें वैश्विक स्तर पर युवा प्रतिभाओं का मूल्यांकन किया गया।

फर्जी अंकपत्र से बना चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर हथियाई नौकरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। एक तरफ जहां सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार के समूल सफाया के लिए रोज नए-नए फरमान जारी कर रहे हैं और जीरो टॉलरेंस की नीति लागू करके भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इन्हीं के मातहतों द्वारा भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा में लिप्त अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मी से अनवरत प्राप्त रिश्वत राशि के बदले में विगत कई बार अनेकों शिकायतों के बावजूद उसे सेवा से बर्खास्त न किया जाना तथा उक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज न कराया जाना जहां जन चर्चा का विषय बना है। जानकारी मुताबिक फूलबेहड़ क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर में मृतक आश्रित कोटे से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी फर्जी मार्कशीट लगाकर प्राप्त करने का गंभीर आरोप लगाया है हालांकि उक्त मामला विभागीय निष्पक्ष जांच का विषय है। जानकारी मुताबिक विकास खन्ड फूलबेहड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर तैनात हैं लोगों ने दबी जुबान में बताया कि मृतक आश्रित कोटे से हथियाईं नौकरी में शैक्षिक प्रमाण पत्रों की अंक तालिकाएं या तो फर्जी हैं या तो दूसरे शख्स के अंक तालिकाओं पर अनुचर की नौकरी हथियाईं है। वही कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संतोष कुमार मिश्रा सूट-बूट में आकर कुर्सी पर बैठकर सम्बंधित कार्य न करके अदरख वाली चाय पीते नजर आते हैं हालांकि अपने काम (साफ-सफाई, घंटी बजाना, दस्तावेज लाना, विद्यालय खोलना व कुर्सी हटाना? व लगाना) छात्रों से करवाते हैं रहा तक रसोई से चाय भी मंगाते हुए देखा जा सकता है वही ग्रामीण ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संतोष कुमार मिश्रा जी गुरुजनों के बीच मे बैठकर ठहाके लगाते हुए भी देखा जा सकता है। हालांकि गांव के लोग यह भी बताते हैं कि शिक्षा विभाग में संतोष कुमार मिश्रा अनुचर अपने ऊंचे रसूख व मजबूत पकड़ होने के चलते विद्यालय में अपना काम नहीं करता है जिससे कि यहां के प्रधानाध्यापक भी इसकी पैरोकारी करते नजर आते है इस विद्यालय में नन्हे मुन्ने मासूम छात्रों से बंधुआ मजदूरी भी भांति काम कराया जाता है वही लोगों ने बताया कि जिस दिन गरीब छात्र विद्यालय में साफ सफाई एवं कुर्सी नहीं लगाएंगे तो अनुचर की छड़ी भी चलती है बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर यह नहीं चाहते हैं कि गरीब के बच्चे कुछ पढि लिखकर अपने अभिवावकों का सपना पूरा करें।

क्या बोले जिम्मेदार

इस बाबत में जब उच्च प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी मेहरोत्रा से उक्त मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस मामले की सटीक जानकारी नहीं है हालांकि पूर्व में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संतोष कुमार मिश्रा की जांच पड़ताल की गई थी ऐसा कुछ नहीं है। **(लक्ष्मी मेहरोत्रा, प्रधानाध्यापिका, उ.प्रा.वि.श्रीनगर)**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति दिल्ली में होंगी सम्मानित

एजेंसी

जौनपुर। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह-2025 आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर वंदना सिंह और डीएसटी पर्स की टीम सम्मानित होगी। विश्वविद्यालय की मीडिया विभाग से शनिवार को यह जानकारी मिली है। कुलपति के साथ सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी एवं डॉ. काजल डे हैं। इस वर्ष पूरे देश में नौ विश्वविद्यालयों को यह अनुदान प्राप्त हुआ है। उत्तर प्रदेश से यह प्रतिष्ठित अनुदान पाने वाला पूर्वांचल विश्वविद्यालय अकेला है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस अनुदान के अंतर्गत 7.13 करोड़ रुपये प्रदान किया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इस असाधारण उपलब्धि को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने वाला और उत्तर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार में अग्रणी स्थान पर स्थापित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय का इस परियोजना के लिए चयन इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। इसमें होने वाले अनुसंधान में एक नई ऊर्जा मिलेगी और विशेष रूप से सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक शोध होगा। प्रो. वंदना सिंह और उनकी टीम की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर मूकदर्शक बने प्रधान व सचिव

❑ टाइलीकरण व मरम्मत के नाम पर जमकर हुआ भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ब्यूरो । उत्तर प्रदेश सरकार गांवों के विकास और सौन्दर्यीकरण के लिए लाखो रुपये खर्च कर रही वही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू योजनाओं में भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ग्राम प्रधान और पंचायत सेक्रेटरी इन योजनाओं को खाने-कमाने का जरिया बनाये हुए हैं जिसके चलते ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फतेनगर में ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2023 - 24 में हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम नौ बार मे लगभग 542000 रुपयों का भुगतान कराया गया जिसमें हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर में काफी भारी अनिमिताये बरती गयी है। वही नल चौकी निर्माण के नाम पर 87000 रुपयों का भुगतान किया गया है। यही नही उच्च प्राथमिक विद्यालय (1से 8) फतेनगर में टाइलीकरण व मरम्मत के नाम पर चार बार में लगभग 574000 रुपयो का भुगतान कराया गया है । जिसमे विद्यालय में लगे टाइल कही - कही टूट कर चकनाचूर हो चुके हैं कही - कही साइड भी छोड़ चुके हैं , और ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ ने बताया कि मरम्मत के नाम पर यहाँ कोई कार्य नही हुआ है। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय (1से 8) फतेनगर में बना आंगनबाड़ी केंद्र केवल शो पीस बना हुआ है आंगनबाड़ी केंद्र की फ़र्श पूरी तरह धंस चुकी है जिसमे बच्चे बैठाए नही जाते है ।

आईपीए और आईआईटी मिलकर बदलेंगे बंदरगाहों का स्वरूप, दोनों के बीच हुआ एमओयू

एजेंसी

कानपुर। इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहल के तहत आईआईटी कानपुर के सीथ्रीआईहब के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य चरणबद्ध तरीके से डिजिटल बंदरगाहों से पूरी तरह स्वचालित स्मार्ट बंदरगाहों में परिवर्तन के भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) और इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (आईपीए) के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। यह सहयोग मजबूत साइबर सुरक्षा नियंत्रण और साइबर सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने, बंदरगाह अधिकारियों और परिचालन टीमों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा-सम्बंधी कौशल सेट विकसित करने और समुद्री क्षेत्र के लिए व्यापक साइबर सुरक्षा नीतियों को डिजाइन करने पर केंद्रित होगा। चूंकि भारतीय बंदरगाह स्वचालन और उन्नत डिजिटल तकनीकों को अपना रहे हैं, इसलिए उभरते साइबर खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। यह पहल एक सुरक्षित, कुशल और भविष्य के लिए तैयार समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी, जो स्मार्ट बंदरगाह विकास के लिए एक वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करेगी। आईपीए चैयरमैन सुनील पालीवाल ने कहा कि डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत यह समझौता ज्ञापन भारतीय बंदरगाहों को विश्व स्तरीय स्मार्ट बंदरगाहों में बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीथ्रीआईहब आईआईटी कानपुर के साथ सहयोग करके, हमारा लक्ष्य न केवल स्वचालन को आगे बढ़ाना है, बल्कि हमारी डिजिटल सम्पत्तियों की सुरक्षा करने वाले मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को भी सुनिश्चित करना है। पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही है। यह समय की मांग है और हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए।

आरएस हास्पिटल की लापरवाही से युवक की मौत

- परिजनों ने हास्पिटल पर किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के कसया क्षेत्र के एनएच -28 स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल के लापरवाही के कारण मार्ग दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत हो गयी है। हास्पिटल प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण युवक की हुई मृत्यु के बाद आक्रोशित तीमारदारों ने घंटो अस्पताल पर हंगामा किया किया। इस दौरान संचालक हास्पिटल पर ताला जड़ स्टाफ के साथ फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बडी मशक्कत से नाराज परिवारजनों को शान्त कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बतादे कि बीते शुक्रवार की देर रात तकरीबन एक बजे पडरौना कोतवाली अन्तर्गत खांव खड्डा में नीलगाय से टकरा कर एक ही बाइक पर सवार नेबुआ नौरंगिया के पड़री निवासी 24 वर्षीय अभय मल्ल, चंदन सिंह व अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने तीनो घायल युवको को जिला अस्पताल भेजवाया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। परिजनो के मुताबिक गोरखपुर ले जाते समय कसया एनएच - 28 पर तमाम डाक्टरों का बोर्ड लगा आरएस हास्पिटल देखकर वहा रुक गये और घायलों को लेकर हास्पिटल पहुंचे जहां दो नर्स मौजूद थी। नर्स ने तत्काल घायलो को भर्ती करने की बात कहते हुए डाक्टर को बुलाने की बात कही। इस दौरान दोनो नर्स घायलों का अपने स्तर से इलाज शुरू किया और काउंटर पर एक लाख साठ हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। परिजनो का कहना है कि रात्रि ढाई बजे से सुबह आठ बजे तक दोनो नर्स अस्पताल संचालक से बात कर डाक्टर के आने की दुहाई देकर घायलों को बिना कोई इलाज किये रोके रखा। शनिवार को सुबह आठ हास्पिटल की दोनो नर्स यह कहकर एक लाख रुपये जमा करा लिया कि डाक्टर आ रहे है पैसा जमा करने के बाद डाक्टर इलाज करेगे। परिजनो का कहना है कि डाक्टर का इंतजार करते हुए तकरीबन दिन के नौ बजे 24 वर्षीय अभय की मृत्यु के बाद नर्सो ने हास्पिटल के संचालक से बातकर गोरखपुर ले जाने के लिए रेफर कर दिया।

घंटो परिजनो ने हास्पिटल पर किया हंगामा

अभय की मौत के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजनों ने हास्पिटल पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में गांव से महिलाएं पहुंच गईं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची कसया पुलिस सुबह नौ बजे से परिवारजनों को शांत कराने व शव को कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करती रही लेकिन उसे सफलता दोपरह के दो बजे मिली। स्वजनों का आरोप है कि इलाज के लिए एक लाख 60 हजार रुपया जमा करने को कहा गया था। एक लाख रुपया जमा किया गया। शेष पैसा कुछ देर बाद देने को कहा गया था। अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं था। केवल दो नर्स थीं जो डाक्टर के आने की दुहाई देकर सुबह अभय मल्ल की मृत्यु हो गई।

दृढ़ संकल्प व आत्म नियंत्रण से लक्ष्य के प्रति समर्पित हो पार्वती ने शिव को पाया : गायत्री नंदन

- 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के पांचवा दिन
- सती का जन्म पुनः पार्वती के रूप में राजा हिमाचल के यहां हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के छठवें व कथा प्रवचन के चौथे दिन शुक्रवार की सायं अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने पार्वती तपस्या प्रसंग का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि सती का जन्म पुनः पार्वती के रूप में राजा हिमाचल के यहां हुआ। शिवानुरागी होने के कारण पुनः शिव को पति रूप मे पाने के लिए पार्वती ने कठोर तप करना शुरू किया। वर्षाकाल में वे खुले आकाश के नीचे शिलाखंड पर बैठकर दिन-रात जलधारा से शरीर को सींचती रहीं। भयंकर शीत-ऋतु में जल के मध्य रात-दिन बैठकर उन्होंने कठोर तप किया। इस प्रकार निराहार रहकर पार्वती ने पंचाक्षर मंत्र का जप करते हुए सकल मनोरथ पूर्ण करनेवाले भगवान सदाशिव के ध्यान में मन को लगाया। कई हजार सालों तक वे सिर्फ पत्तियों को खाकर आराधना मे लीन हुई और अपर्णा नाम से विख्यात हुई । दृढ़ संकल्प और कठोर आत्म नियंत्रण से लक्ष्य के प्रति समर्पित होने के कारण ही माता पार्वती शिव को पाने मे सफल रहीं। नारद ने गुरु के रुप मे पार्वती की भगवान शिव में आस्था को और प्रगाढ़ किया। कथावाचक ने कहा कि व्यक्ति को गुरु, ग्रंथ व गोविंद के प्रति अटूट आस्था रखनी चाहिए। दिन में अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक प्रेमशरण महाराज ने राम के चरित्र की विशेषता बताई। अधिवक्ता अखिलेश तिवारी, प्रबंधक आनंद संजय पाठक, प्रधानाचार्य ईश्वर प्रकाश पाठक, भीखम सिंह, राहुल जायसवाल, गनपत कुशवाहा, सुरेश मंडल, गणेश मिश्र, राजू मिश्र, दुर्गेश शर्मा, गोपाल यादव, जोखू यादव, हरिकेश यादव, मुंशी बाबूलाल ने व्यास पीठ का पूजन किया। संचालन पं. दीपक मिश्र ने किया। यज्ञाचार्य पं. राकेश पांडेय के नेतृत्व में यजमानों ने पूजन किया।

बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के तीसरे दिन भिक्षुओं ने की विशेष पूजा

- थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का हुआ शुभारंभ
- माघी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में थाई मंदिर में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मोनेस्ट्री परिसर में माधी अमावस्या के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के तीसरे दिन थाई बौद्ध भिक्षुओं और अतिथियों ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का विशेष पूजन कर चीवर चढ़ाया। इस मौके पर थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का शुभारंभ किया गया। शनिवार को थाई बौद्ध धर्म गुरु था थे बोदी योंग और मुख्य थाई मंदिर में प्रमुख भंते फ़्राविडेस्चेरियन (डॉ. पी सोम पोंग) के नेतृत्व में थाई अतिथि श्रीसमिथ पोंगरीथ, मिसेज किरिनरात, चिया युवान, मिसेज अमपोर्न, मिसेज विफा, चावा लित और भिक्षुओं ने विधि विधान से भगवान बुद्ध का विशेष पूजन किया। इस मौके पर थाई कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात थाई क्लिनिक में तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा कैंप का शुभारंभ थाई परम्परा के अनुसार किया गया और अतिथियों को बुद्ध की प्रतिमा बौद्ध धर्म गुरुओं ने भेंट की। कैंप में चिकित्सक डॉ बीएन सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट रंजीत, फार्मासिस्ट भारतेंदु भूषण ने 50 मरीजों की जांचकर दवा वितरित की। इस दौरान भंते सोन क्रान, भंते कितिफ़ान, भंते अचान पविन, भंते समित, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज कुमार यादव, गौतम शर्मा आदि सहित अन्य भंते मौजूद रहे।

अध्ययन यात्रा से वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता व उपज बढ़ेगी:राधेश्याम सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच, गोरखपुर द्वारा 50 गन्ना कृषकों का अध्ययन दल 9 दिवसीय यात्रा पर पश्चिम उत्तर प्रदेश भेजा गया। बस को हरी झंडी दिखाकर राज्य मंत्री दर्ज़ा प्राप्त राधेश्याम सिंह ने रवाना किया। गोरखपुर- दल में बस्ती-आजमगढ़ मंडल के किसान हैं। पूर्व मंत्री सिंह ने सभी किसानों का परिचय लिया और बताया कि इस अध्ययन यात्रा से कृषकों में वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगी जो गन्ने की उपज बढ़ाने में सहायक होगी। श्री सिंह ने किसानों से कहा की गन्ना अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिकों द्वारा जो भी जानकारी दी जाए उसको नोट करें, लौटकर तकनीक को अपने खेतों पर उतारे, जिसको देखकर गांव के दूसरे किसान प्रेरित होंगे। पिपराइच के विधायक महेंद्र पाल सिंह ने लखनऊ से मोबाइल पर कृषक अध्ययन यात्रा की जानकारी ली तथा शुभकामनाएं दी। लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक श्री विश्वेश कनौजिया के मार्गदर्शन में अध्ययन यात्रा दल रवाना हुआ उन्होंने सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने पूछा कि यह यात्रा कहां-कहां जाएगी? इस सवाल के जवाब में गन्ना किसान संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया की इस यात्रा के अंतर्गत किसान गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ, शाहजहांपुर , मुजफ्फरनगर, कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, कानपुर, कृषि संस्थान प्रयागराज, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कल्याणपुर कानपुर, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी, भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर बरेली, केंद्रीय बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा, आधुनिक बड़ी चीनी मिल खतौली, मुजफ्फरनगर तथा प्रगतिशील किसानों का खेत देखेंगे। जिला गन्ना अधिकारी एवं सहायक निदेशक जगदीश यादव ने कहा कि किसानों के लिए सीखने का सबसे अच्छा माध्यम नवीन तकनीकों को देखकर स्वयं अंतर महसूस करना है, जिसको यात्रा पूरा करेगी। पिपराइच गन्ना समिति के चेयरमैन गुलाब सिंह ने इस यात्रा को किसानों के लिए वरदान बताया। सचिव गोपाल प्रसाद, एस.सी.डी.आई. सरदार नगर सतीश सिंह तथा गोरखपुर जिले के 8 किसान, कुशीनगर जिले के 20 किसानों सहित कुल 50 किसानों ने इस यात्रा में भाग लिया। उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर उषा पाल, उप गन्ना आयुक्त देवरिया ए पी सिंह ने बताया कि यह यात्रा से किसानों में जागरूकता बढ़ायेगी। किसान एक नए प्रगतिशील दृष्टिकोण से परिचित होंगे तथा अपनी खेती और उपज को उन्नत कर सकेंगे।

पकड़ा गया लकड़ी में छिपा अजगर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा छहूँ के चनउ टोला निवासी सुभाष सिंह के घोठा स्थित लकड़ी घर में शुक्रवार की देर शाम लकड़ी में छिपे एक अजगर को वन विभाग के कर्मचारियों ने काफी प्रयास के बाद पकड़ लिया।मिली जानकारी के अनुसार जगदीश व सुबाष सिंह का घोठा गाँव के दक्षिण तरफ प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित है। शुक्रवार की देर शाम भोजन बनाने के लिए लकड़ी लेने गयीं जहाँ उन्हें लकड़ियों के बीच उन्हें छिपे हुए उक्त अजगर को देखा।महिलाओं द्वारा शोर करने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए।इसी बीच किसी ने वन विभाग को सूचित कर दिया जिसके बाद मौके पर वन कर्मी संजय सिंह,किशोर व ओमप्रकाश पहुँचे तथा काफी प्रयास के बाद अजगर को पकड़कर अपने साथ लेते गये।

मरीजों की पोषण की व्यवस्था करना पुनीत कार्य: सीएमओ

- मरीजो की सेवा के लिये मिल प्रबंधन है समर्पित:अधिशाषी अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। स्थानीय नगरपालिका परिषद में स्थित न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढा के परिसर में शनिवार को मिल प्रबंधन द्वारा टीबी यूनिट हाटा एवं देवतहा के 51 टीबी रोगियों में पांचवें माह की पोषण की पोटली दी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि टीबी रोगियों को पोषण की व्यवस्था करना पुनीत कार्य है। इस पुनीत कार्य हेतु मैं मिल प्रबंधन को साधुवाद देता हूँ। उन्होंने ने कहा कि टीबी रोगियों में पोषण की कमी हो जाती है ऐसे में आप द्वारा दिये गए प्रोटीनयुक्त आहार को खाकर टीबी रोगी शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कहा कि हमारी यूनिट द्वारा समय समय पर सामाजिक हितों से जुड़े कार्यो में हमेशा अपनी भागीदारी निभाती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के इस प्रपोजल को स्वीकार करते हुये मरीजो के हितों के लिये समर्पित भाव से यह कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि हम भविष्य में भी टीबी रोगियों की सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम को एमोटीसी डॉ अजय कुमार सिंह,एसटीएस राजीव राय ने भी सम्बोधित किया। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत डीजी एचआर प्रांशु शर्मा ने किया तथा आभार मिल के चिकित्सक डॉ नवनीत त्यागी ने व्यक्त किया। इस दौरान डिप्टी यूनिट हेड सुशील कुमार, एकाउंट हेड राजेश गुप्ता, टेक्निकल हेड बी एस मिश्रा, प्रोडक्शन हेड अनुज राना, एसटीएस राकेश सोनकर, एसटीएलएस विवेक चौधरी,अंकुर श्रीवास्तव, फार्मसिस्ट सुबोध उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने की बजट की सराहना

राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार द्वारा घोषित किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे समग्र विकासोन्मुख व हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला बताया है। तुर्कपट्टी देहात मण्डल के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा,सत्येन्द्र पाण्डेय,उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा,महामंत्री लल्लन कुशवाहा,शैलेन्द्र कुमार तिवारी,पवन सिंह,दीपक गोंड़,रामअशीष चौहान,सुनील नीलम आदि ने योगी सरकार के बजट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में गरीब,मजदूर,किसान सहित सभी वर्गों का विकास समाहित है। बजट में रोजगार,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत बातों का समावेश किया गया है।यह बजट प्रदेश को प्रगतिशील आकर्षक,लोक कल्याणकारी एवं राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने वाला है।सरकार ने सांस्कृतिक विरासत,सामाजिक पेंशन,गरीब,युवा, किसान,पर्यटन एवं महिलाओं के उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए संतुलित बजट पेशकर आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है।

कुबेरनाथ धाम में महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी

राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनज़र शनिवार को जिलाधिकारी कुशीनगर और पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने थाना कुबेरस्थान क्षेत्र के प्राचीन शिव शक्ति मंदिर, श्री कुबेरनाथ धाम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा, पार्किंग, साफ–सफाई और अन्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रहें। मंदिर प्रशासन को साफ–सफाई बनाए रखने और धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस प्रशासन को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। महाशिवरात्रि के अवसर पर कुबेरनाथ धाम में हर साल हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन पूरी सतर्कता बरतते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत

मीरजापुर। चुनार कोतवाली क्षेत्र के जमुई–सुंदरपुर हाइवे पर शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 50 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। अदलहाट थाना क्षेत्र के कोलना गांव निवासी मनोज पांडेय शनिवार दोपहर करीब एक बजे बाइक से कैलहट से जमुई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जमुई–सुंदरपुर हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर गए और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक बिना रुके फरार हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना चुनार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस मिर्ज़ापुर भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर निगरानी बढ़ाने और यातायात नियमों के सख्ती से पालन कराने की मांग की। चुनार पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार तीन छात्राओं की मौत

हाथरस। हाथरस रोड पर मुन्नी देवी कोल्ड स्टोरेज के निकट शनिवार को हुए सड़क हादसे में भाई के साथ स्कूल से घर लौट रही बाइक सवार तीन छात्राओं की मौत हो गई। युवक गंभीर रूप से घायल है,जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए आगरा भेजा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि गुलाब नगर टेढ़ी बगिया निवासी शहजाद, अपनी बहन नरगिस (14),शहनाज (12) और पड़ोसी छात्रा पीहू (12) को बाइक पर बैठाकर स्कूल से वापस लौट रहा था। शहजाद मुन्नी देवी कोल्ड स्टोरेज के पास रिक्शा को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने पर बाइक गिर गयी। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात वाहन तीनों छात्राओं को रौंद दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। शहजाद गंभीर रुप से घायल है। तीनों छात्राएं केजीवी विद्यालय इगलास में पढ़ती थी। दुर्घटना की सूचना पर एसडीएम संजय कुमार, सीओ हिमांशु माथुर, कोतवाल सत्येंद्र राघव, अपराध निरीक्षक अवधेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। तीनों छात्राओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस फिलहाल अज्ञात वाहन की सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से जानकारी जुटा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दानवीर सिंह ने बताया कि तीनों छात्राएं मृत अवस्था में आई थी। उनके शव को हाथरस भेजा गया है।

सरकारी जमीन कब्जा होने पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

एजेंसी

कानपुर। समाधान दिवस में अधिकांश मामले जमीन से जुड़े आते हैं और देखा जा रहा है कि कहीं न कहीं अधिकारियों की लापरवाही से मामले लंबित पड़े रहते हैं। इसके साथ ही सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जे की भी बहुत शिकायतें मिलती हैं। जमीन से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायतों का निदान करायें। इसके साथ ही जिन सरकारी जमीनों पर कब्जे हो गये हैं उनसे संबंधित पिछले 10 साल में जो भी जिम्मेदार अधिकारी रहें उनकी जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कही। शनिवार को समाधान दिवस पर शिवराजपुर पहुंचे जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जनसुनवाई की। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान वार्ड नंबर 3 शिवराजपुर निवासी लोकेश ने शिकायत के माध्यम से अवगत कराया कि उसकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य नहीं करने दिया जा रहा है, इस पर संबंधित अधिकारी को मौके पर जाकर निस्तारण करने निर्देश दिए गये हैं। शिवराजपुर के रहने वाले परशुराम ने शिकायत कर बताया कि कुछ लोग उनके प्लॉट पर निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए है। साथ ही यह भी जानकारी हुई है कि कल शिवराजपुर में जमीनी रंजिश के चलते लड़ाई में 10 लोग घायल हो गए थे। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रामप्रसाद ने जो कथित तौर पर दो बीघा जमीन कब्जा की है उसे बिना कोर्ट के आदेश के कब्जा मुक्त कराना संभव नहीं है, कब्जा की गई जमीन को जांच करके धारा 134 के आधार पर ही हटाया जा सकता है। उन्होंने नगर पालिका व पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा ना हो, अगर कब्जा हो भी गए हैं, तो इस पर जिलाधिकारी ने पिछले 10 वर्ष पूर्व जो भी लेखपाल व अधिशासी अधिकारी तैनात थे उनकी जवाबदेही भी तय करते हुए उन पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लांबा को जनमानस की समस्याओं का समय से त्वरित निवारण के लिए भी निर्देश दिए हैं।

विद्यावती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान को गति देते हुए विद्यावती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तमकुही राज के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शिक्षक राणा प्रताप मिश्र के संयोजन में प्रबंधक बबलू राय के 49 वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार, शोभकार, छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर विद्यार्थियों को बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति हेतु पौधे लगाने और बचाने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर प्रबंध तंत्र के उपाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव, संदीप सिंह, डॉ0 सुनील सिंह, पप्पू गुप्ता, प्रभु प्रसाद, निशा खरवार, डॉ0 मीना राय, सीखा राय, मणि पुष्पक पाण्डेय, सुधाकर राय, गुड्डू राय, किरन सिंह, सुप्रिया यादव, मार्कण्डेय सिंह, अरविन्द यादव, पवन वर्मा, हर्षित राय, सुनील गुप्ता, राधेश्याम त्यागी आदि उपस्थित रहे।

कानून एवं शान्ति व्यवस्था पुलिस प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता: डीआईजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद आदि आसन्न त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के मद्देनज़र डी.आई.जी. देवीपाटन मण्डल अमित पाठक ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ पुलिस लाईन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्राप्त मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने में सुरक्षा बल या संसाधनों की कमी नही होने दी जायेगी। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 व 14 को होली तथा 14 को रमाज़ान का शुक्रवार होने के कारण सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतेंगे। डीआईजी श्री पाठक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि समकक्ष मजिस्ट्रेटों के साथ त्योहारों के पूर्व ही महत्वपूर्ण स्थलों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों के साथ समन्वय बनाते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुसार सूक्ष्म स्तर पर योजना तैयार करें और तद्नुसार कार्यवाही अमल में लायें। पुलिस फोर्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान आमजन से शिष्ट व्यवहार करें। क्षेत्र के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों के साथ वार्ता कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था हेतु माहौल तैयार करें व कम्युनिकेशन के माध्यम से आमजनमानस में शान्ति व्यवस्था के प्रति जागरूकता फैलाये ताकि किसी स्तर पर संवादहीनता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं से समन्वय बनाते हुए उनके माध्यम से सौहार्द बनाये रखने की अपील जारी करायी जाय। होली व शिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली बारात व जुलूसों के मार्गो पर रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया जाय। डीआईजी ने निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की पर्याप्त साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जायें। डीआईजी ने नगर निकाय व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों व मार्गों तथा नालियों की नियमित साफ-सफाई तथा चूनाकारी करायी जाय। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ स्थानीय फाल्ट को दुरूस्त करने हेतु पूर्व से ही टीमों का गठन कर दिया जाय तथा उपभोक्ताओं की ओर से शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें। डीआईजी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों से वार्ता कर उन्हें विशेष परिस्थितियों में भीड़ आदि को नियंत्रित करने हेतु पूर्व से ही मानसिक रूप से तैयार कर लिया जाय व उनके मोबाइल नम्बर की सूची भी तैयार करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर कानून एवं शान्ति को बनाएं रखने में ऐसे नागरिकों का सहयोग लिया जाय। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को सामान्य, संवेदनशील व अति संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में चिन्हित करते हुए फुलप्रूफ कार्ययोजना तैयार करें। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व ग्रामों में अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि थाने पर मौजूद त्योहार रजिस्टर का अध्ययन कर पूर्व के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त करें। अधिक मदिरापान करने वाले ग्रामों या ऐसे क्षेत्र जहां बहुतायत में दुघर्टनाएं होती है वहां विशेष सतर्कता बरती जाय। डीएम ने कहा कि कभी कभी नशे के कारण भी अनावश्यक विवाद उत्पन्न होने से लॉ एण्ड आर्डर को लेकर समस्या उत्पन्न हो जाती है। डीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से संवाद कर क्षेत्र की संवेदनशीलता के बारे में जानकारी प्राप्त करें तथा यदि कहीं पर कोई विवाद है तो उसका समाधान करायें। उन्होनें कहा कि त्यौहारों के अवसर पर अतिक्रमण आदि न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाय। चौराहो पर ई-रिक्शा व अवैध वाहन एकत्रित न होने पाये। सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए आसन्न त्योहारों को शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायें। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण अवश्य करें, ऐसा करने से अधिकारियों में आत्मविश्वास पैदा होता जिससे वे बेहतर ढंग से परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम होंगे। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये जायें। क्षेत्र में कहीं से भी कोई सूचना प्राप्त होने पर कतई अनदेखी न करें बल्कि तुरन्त रिस्पांस कर उसका समाधान करायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था व संवेदनशीलता और अपराध पर नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण इकाई थाना होती है इसलिए सभी थानाध्यक्ष विशेष तौर पर अलर्ट रहें। बैठक में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एडिश्नल एसपी रामानन्द कुशवाहा, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

हिंदी सुलेख प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के शिक्षा क्षेत्र मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय चपरतल्ला में शनिवार को हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीन, चार व पांच के बच्चों ने प्रतिभाग किया नोडल शिक्षक संकुल न्याय पंचायत मतवरिया व प्राथमिक विद्यालय चपरतल्ला के सहायक अध्यापक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कोमल कक्षा पांच ने प्रथम, लक्ष्मी कक्षा पांच ने द्वितीय और कक्षा तीन की छात्रा नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट लेखन के लिए सुलेख में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा का नाम और प्रविष्टि बीआरसी कार्यालय पर जमा किया जाएगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा ब्लॉक स्तर पर विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में राधा, कामिनी वर्मा, शिवा, आनन्द यादव, शिवा, नैन्सी, साधना, आकाश, मंदाकिनी वर्मा, करिश्मा यादव, नयनसी, ज्योति, राम हरीश यादव, साज़िद अली, विव्यांशु, चांदनी, कोमल, निशा, लक्ष्मी आदि विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के सुलेख का मूल्यांकन विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम गुप्ता, सहायक अध्यापक सुनील कुमार वर्मा एवं शिक्षा मित्र गायत्री देवी द्वारा किया गया।

एसएसबी द्वारा निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनीं द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र की युवतियों के लिए चलाये जा रहे ब्यूटीशियन कोर्स का समापन शनिवार को संपन्न हुआ। लौकाही पंचायत भवन - 59वी वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र की युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती युवतियों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना था । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30-दिनों तक चलाया गया, जिसमें 40 सीमावर्ती ग्रामीण युवतियों ने भाग लिया । इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को सौंदर्य सेवाओं की विभिन्य तकनीकों जैसे फ़ेशियल, मेनिक्योर, हेयर कटिंग, मेकअप और अन्य ब्यूटी टिप्स की व्यावहारिक व सैध्दांतिक जानकारी दी गई । समापन समारोह के मुख्य अतिथि कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने अपने संबोधन में कहा कि एसएसबी न केवल देश की सीमओं की सुरक्षा करता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों के सशक्तिकरण के लिए भी प्रतिबध्द है । उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया । साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व ब्यूटी किट वितरित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अच्छर सिंह, सहायक कमांडेंट प्रशांत पोटभरे, निरीक्षक कस्टम बिजेंद्र सिंह लाकरा (मिहींपुरवा), उप निरीक्षक फॉरेस्ट ब्रजेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लौकाही से इंदु चौहान, पत्रकार अरुण कुमार एवं शरीफ अहमद, प्रधानाचार्य राजीव कुमार चक्रवर्ती, प्रधानाचार्य मैनुद्दीन खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष कुतुबुद्दीन खान, चौकी प्रभारी गणेशपुर (नेपाल) ओम बहादुर, ग्राम प्रधान लोकही नईमुद्दीन खान, ग्राम प्रधान करमोहना सिराजुल हक, सहित कई गणमान्य अतिथि तथा क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक व सीमावर्ती गांवों के युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

कृपाराम जनजागृति हाइस्कूल में चल रहे स्काउट गाइड का समापन आज

नानपारा,बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत अगैय्या चौराहा पर स्थित श्री कृपा राम जनजागृति हाईस्कूल अगैय्या में तीन दिवसीय स्काउट गाइड में चल रहा है प्रशिक्षण। श्री कृपा राम जनजागृति हाईस्कूल में श्री कृपाराम प्राचार्य के नेतृत्व में प्रशिक्षक अंगद पांडेय की देखरेख में 80 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षक अंगद पांडेय ने बताया कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को आत्मनिर्भर व अनुशासित रहने की कला व आत्मनिर्भरता के साथ साथ अपना भोजन स्वयं कैसे बनाएं इसका प्रशिक्षण भी दिया गया है। रविवार को इस प्रशिक्षण का समापन एसएसबी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत द्वारा सम्पन्न किया जाएगा। इस मौके विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

सकुशल नकलविहीन संपन्न हुई मदरसा बोर्ड की अंतिम परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। यूपी मदरसा बोर्ड की मुंशी/मौलवी की चल रही परीक्षा के अंतिम दिन गृह विज्ञान, माकूलात, लॉजिक फिलासफी, सोसल स्टडीज, साइंस, तिब विषय के विभिन्न मदरसो से आये परीक्षार्थियों ने तहसील नानपारा अंतर्गत ककरी मे बनाये गये परीक्षा केन्द जामिया अहमदिया बनातुर्रजा निस्वा, ककरी पर कुल 181 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 144 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 37 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। मदरसा बोर्ड की चल रही परीक्षा को सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न करवाया गया और परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करवाये जाने हेतु परीक्षा शुरू होने से पूर्व कक्ष निरीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्षों में जाने की अनुमति दी गई। केन्द्र व्यवस्थापक मोहम्मद खुर्शीद अहमद, सुपरवाईजर बाल विकास चमेली देवी तथा सचल दल चल रही परीक्षा के दौरान समय समय पर परीक्षा कक्षों का जायजा लेते रहे ताकि परीक्षा शान्तिपूर्वक एवं नकलविहीन सम्पन्न हो सके। शुक्रवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने भी परीक्षा केन्द्र जामिया अहमदिया बनातुर्रजा निस्वा, ककरी पर पारदर्शी और शान्तिपूर्ण ढ़ंग से चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया था और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मोहम्मद शाहिद रजा खान, मौलाना मंसूर रजा अहमदी, वाजिद अली कुरैशी, नफीस अहमद, फजलुर्रहमान अंसारी, मो0 आरिफ खान, सै0 मोहम्मद अहमद, मोहम्मद अमीरूल हसन, शमीम बानो, मौलाना मुस्ताक अहमद, जाबिर अली, मुन्ना कुरैशी, कारी वसीम, मौलवी कलाम अहमद मौजूद रहे।

पूर्व विधायक स्वर्गीय अजय प्रताप सिंह उर्फ लाला भैया के बहन का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बरगदी राजघराने में लगातार शोक की लहर दौड़ रही है।पिछले महीने पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया का निधन हुआ था। अब उनकी बहन पूर्व विधायक बृज कुंवरि सिंह का भी बीती रात लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। इस खबर से बरगदी कोट परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है। बताते चलें कि 23 जनवरी को पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया का निधन हो गया था, जिसे बरगदी स्टेट परिवार अभी भूल भी नहीं पाया था। इसी बीच उनकी बहन पूर्व विधायक बृज कुंवरि सिंह के निधन की खबर से कोहराम मच गया है। बृज कुंवरि वर्ष 2012 में करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधायक चुनी गयी थीं। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं और लखनऊ के मैक्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने शुक्रवार की रात अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। बरगदी कोट स्थित उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। गौरतलब है कि 2007 के विधानसभा चुनाव में कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। उसके बाद मध्यावधि चुनाव वर्ष 2008 में लल्ला भैया ने खुद चुनाव मैदान में न आकर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अपनी बहन बृज कुंवरि सिंह को चुनाव मैदान में उतारा और उन्हें जितवाकर विधानसभा पहुंचाया था।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए ग्राहक सेवा केन्द्रों के संचालक

❑ एसबीआई के रीजनल मैनेजर ने बैंकिंग सेवाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें सम्मानित किया गया।भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय (आरबीओ) गोंडा में एसबीआई के रीजनल मैनेजर ज्ञानप्रकाश, एफआई मैनेजर जितेन्द्र सिंह द्वारा बैंक पदाधिकारियों एवं ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों के बीच कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। मौके पर बैंक के रीजनल मैनेजर ने एसबीआई के तमाम प्रोडक्ट के बारे में ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसबीआई बैंक के प्रोडक्ट में सभी व्यवसाईयों के लिए हर तरह के फायदे उपलब्ध हैं। उन्होंने केंद्र संचालकों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के सभी छोटे-बड़े व्यवसायियों को एसबीआई बैंक से जोड़ने के लिए जागरुक करें। इस दौरान बैंक के एफआई मैनेजर ने कहा कि बैंकिंग सबंधित सभी प्रकार की समस्या के लिए निजी तौर से भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन कराने के लिए लोगों को जागरूक करें। ग्राहकों को आरडी, एफडी कराने की भी जानकारी दें। इस वर्ष में ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों में जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया, उन सभी को रीजनल मैनेजर ज्ञान प्रकाश व एफआई मैनेजर जितेन्द्र सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओरियल कंपनी के स्टेट हेड अमित सिंह, विवेक पाण्डेय, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक संजय यादव, दीपनारायण चौधरी सहित काफी संख्या में एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने किया थारू जनजाति पर आधारित पुस्तक का विमोचन

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता। महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आयुष्मान भारत की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा पूजा यादव एवं प्रोफसर राज लक्ष्मी श्रीवास्तव की ओर से लिखित पुस्तक का विमोचन राजभवन में किया। 'मैनेजमेंट आफ कामन प्रापर्टी रिसोर्सेज' की पुस्तक में लखीमपुर खीरी जिले में निवास करने वाली थारू जनजाति के जीवन शैली का सम्रग ढंग से विवेचन किया गया है। पीसीएस अधिकारी डा पूजा यादव ने पुस्तक लिखने के दौरान थारू बाहुल्य गांवों में जाकर निकटता के साथ उनकी जीवनशैली और दिनचर्या का अध्ययन किया है। शोध के दौरान जनजाति समाज को लोग किस तरह आर्थिक गतिविधियों को संचालित करते है, इनकी बारीकियों के बारें में गहनता से जानकारी दी है। इनके विभिन्न रीति रिवाजों का सम्यक अध्ययन किया है। पुस्तक में थारू समाज की समस्याओं और उनके निवाकरण के बारें में भी जानकारी दी गई है। विमोचन समारोह के दौरान फूलचंद्र यादव, निर्मला यादव, अरूण कुमार यादव, पार्थ कृष्णा मौजूद रहे।

रजवाहा की पटरी कटने से डूबी आलू की फसल

हाथरस। क्षेत्र के गांव कुम्हरई के पास जुगसना रजवाहे की पटरी कट गई। इससे किसानों की दर्जनों बीघा आलू और गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। खुदाई के लिए तैयार आलू की फसल में पानी भर जाने से सड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसानों का आरोप है कि नहर से अधिक पानी छोड़ दिया गया। इससे रजवाहा ओवरफ्लो हुआ और पटरी कट गई। फोन करने के बावजूद विभाग ने संज्ञान नहीं लिया। अखिरकार ग्राम प्रधान और किसानों को खुद ही जेसीबी मंगवाकर पटरी की मरम्मत करानी पड़ी। मरम्मत के बाद सींचपाल और क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। लेखपाल ने फसलों के नुकसान की जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। प्रभावित किसानों में सुरेश, महेश, मुकेश, जयवीर, चित्रा, लालता प्रसाद, बनी सिंह और महीपाल शामिल हैं। क्षेत्र में पहले भी रजवाहों और नहर के कटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन सिंचाई विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

भतीजे की शादी में जा रहे चाचा व दोस्त की सड़क हादसे में मौत

हरदोई। शुक्रवार रात को भतीजे की शादी में शामिल होने जा रहे चाचा व दोस्त की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे से शादी वाले घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक दोनों एक ही गांव के हैं। हादसे की खबर सुन शादी समारोह में रंग में भंग पड़ गया। हर तरफ चीख पुकार मचने लगी। कोतवाली पिहानी क्षेत्र के कल्याणी गांव निवासी अमन सक्सेना की शादी विरमाखेडा मदरवा के छुटक्के की बेटी जूली के साथ शुक्रवार 21 फरवरी को होनी थी। मृतक सर्वेंद्र सक्सेना दूल्हा अमन सक्सेना का चाचा था। मृतक सर्वेंद्र सक्सेना(38) व मृतक श्याम कुमार(42) आपस में गहरे मित्र थे । अमन सक्सेना की शादी कुआंभारा मंडप पूजन के रस्म अदायगी के साथ कल्याणी गांव से बिरमाखेड़ा मदरवा के लिए रवाना हुई। सर्वेंद्र सक्सेना व श्याम कुमार बाइक से अपने भतीजे अमन की शादी में शरीक होने के लिए बिरमाखेड़ा जा रहे थे। वह दोनों जैसे ही पिहानी हरदोई मार्ग के निकट हरियाली बाजार क्रीम नगर पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक वाहन ले भगा ले जाने में सफल रहा। दोनों मृतक गांव में ट्रैक्टर चलाने का कार्य व खेती-बाड़ी करते थे। प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर पाल ने बताया कि शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर अभियोग दर्ज किया जायेगा।

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा शातिर

हाथरस। कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गोलू निवासी मोनिया थाना सादाबाद ने सात फरवरी को दूल्हे के पिता से बैग छीना था। इसके अलावा उसने पिछले साल 21 दिसंबर को एक मिठाई की दुकान में फायरिंग भी की थी। सादाबाद पुलिस को शुक्रवार की रात में चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि आरोपी मथुरा की तरफ जा रहा है। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। घेराबंदी के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार बदमाश गोलू पहले भी जेल जा चुका है। उसके खिलाफ, नकबजनी, लूट और चौथ वसूली के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और लूट के 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में गोलू ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बारात के दौरान दूल्हे के पिता से बैग छीना था। फिलहाल घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सपा को पच नहीं रहा सनातन का वैभव: अनिल राजभर

एजेंसी

आज़मगढ़। भाजपा कार्यालय पर बजट को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने दावा किया कि प्रदेश सरकार पांच हजार युवाओं को विदेश भेजने की तैयारी कर रही है। क्योंकि इससे पहले सरकार ने 5600 युवाओं को इसराइल भेजा है जहां उन्हें डेढ़ लाख रुपए महीना मिल रहा है। इस हिसाब से इन लोगों ने करीब 1000 करोड़ रूपये का विदेशी मुद्रा के रूप में सरकार का सहयोग किया है। आज जर्मनी, जापान सहित अन्य देशों में भारतीय युवाओं की काफी मांग है। सरकार जल्द ही नर्सिग में भी महिलाओं को विदेश भेजने जा रही है जहां उन्हे ढाई लाख रूपये मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स के कर्मियों के लिए प्रदेश सरकार ने 16000 रुपए का मानदेय तय कर दिया। यह मानदेय सीधे उनके खाते में भेजा जाएगा। पहली बार सरकार आउटसोर्स में भी आरक्षण लागू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कोविड काल के बाद जहां दुनिया अर्थव्यवस्था से जूझ रही है वहीं भारत अपनी नीतियों के चलते तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट देश को तीसरी महाशक्ति बनाने में अग्रसर होगा। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार के बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये बजट युवा शक्ति को अवसर देने वाला बजट है, इस बजट के माध्यम से सरकार ने मातृशक्ति किसान और व्यापारियों को सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के जरिए 60 लाख लोगों को रोजगार मिला है, इससे प्रदेश को 54 हजार करोड़ का फायदा होने वाला है। योगी सरकार प्रदेश में बड़े निवेश की योजना बना रही है, जो प्रदेश की तरक्की को और आगे बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज्य स्थापित किया गया। प्रदेश में नित नए रोजगार के सृजन किया जा रहे है। जब प्रदेश में 2017 में सरकार बनी तो उस समय प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है और अगले दो सालों में इसे नंबर एक बनाया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 2029 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का संकल्प लिया है। जिससे प्रदेश के हर व्यक्ति की सवा लाख आय होगी, कोई भी व्यक्ति गरीबी रेखा में नहीं रहेगा। महाकुंभ को लेकर विपक्ष द्वारा सवाल उठाने पर करारा जवाब देते हुए श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सनातन का वैभव सपा को नहीं पच रहा है, इसलिए जनता उन्हें बार-बार सबक सिखा रही है। अखिलेश द्वारा मौत के आंकड़े को लेकर जो बयान बाजी की जा रही है ।

मिर्ज़ामुराद रूपापुर में तेज रफ्तार मैजिक वाहन और कार में टक्कर,16 श्रद्धालु घायल

एजेंसी

वाराणसी। मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर ?स्थित वाराणसी प्रयागराज राजमार्ग पर तेज रफ्तार मैजिक वाहन और कार की टक्कर में 16 यात्री घायल हो गए। देर रात हुई घटना की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घटना से हाइवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया। पुलिस अफसरों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटवा कर यातायात बहाल कराया। प्रयागराज महाकुंभ से माटी थाना कोडरमा (झारखंड) निवासी संतोष शर्मा (35) श्वेता शर्मा (35) अंजली शर्मा (42) खुशबू कुमारी (30) मंजू देवी (60) कार से वापस घर के लिए रवाना हुए। देर रात कार जैसे ही रूपापुर के समीप पहुंची वाराणसी से प्रयागराज जा रही मैजिक वाहन से टकरा गई। हादसे में कार सवारों के साथ मैजिक पर सवार राजपुर कमौली थाना चौबेपुर वाराणसी निवासी चालक संतोष कुमार राय (45), राज राय (27), सचिन (18), सोनम (17) ,माला (18), सानिया (15) ,आदर्श (15), सीमा (25), पांचू राय (35), अर्जुन (18), अमित (16), शुभम (14) भी घायल हो गए।

सीडीओ को ब्लाक कार्यालय भादर के औचक निरीक्षण में मिलीं खामियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कम्प्यूटर कक्ष में अभिलेखों के रखरखाव ठीक नही पाये जाने पर जताई नाराजगी

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शनिवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय भादर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी रतन कुमार सिंह अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय कक्ष में इंटरनेट वायरिंग और अन्य विद्युत केबलों की अस्वस्थ व्यवस्थाओं को लेकर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही, मनरेगा सेल के कंप्यूटर कक्ष में अभिलेखों के रखरखाव और स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नही पाई गई। इस पर बीडीओ भादर को निर्देश दिया कि वह जल्द से जल्द इन कमियों को सुधारें और ग्राम पंचायत वार अभिलेखों को अलमारी में अद्यतन करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके बाद सीडीओ ने कार्यालय प्रांगण में निर्माणाधीन आवासीय और अनावासीय भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर कोई भी श्रमिक कार्यरत नही मिला जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया और परियोजना को निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ भादर को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर निर्माण कार्य की निगरानी करें और विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तदोपरांत, सीडीओ ने विकासखंड की ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत गाटा संख्या पांच सौ सोलह पर चल रहे तालाब खुदाई कार्य (भाग दो) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा श्रमिक कार्यरत पाये गये। इसके उपरांत, बीडीओ भादर, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक मनरेगा को निर्देश दिया गया कि तालाब खुदाई पूर्ण होते ही नियमानुसार उसके चारों ओर वृक्षारोपण किया जाय और उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाय। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत बालीपुर दुहिया में निर्माणाधीन आरआरसी का भी निरीक्षण किया गया जहां कंसल्टिंग इंजीनियर अनुपस्थित पाये गये। इस पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देश दिया गया कि संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें। सीडीओ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का भी निरीक्षण किया जहां कार्य की गति धीमी पाई गई।

शुकुल बाजार प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में त्रिवेदीगंज की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी । शुकुल बाजार प्रीमियर लीग शुकुल बाजार सीजन थ्री का आयोजन कृष्ण रामचंद्र इंटर कालेज के मैदान पर किया गया जिसका फाइनल मुकाबला शनिवार को त्रिवेदीगंज और शुकुल बाजार के बीच खेला गया जिसमें त्रिवेदीगंज की टीम ने शुकुल बाजार को हराकर फाइनल मुकाबला जीता।फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच जीशान मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिग्विजय को दिया गया।क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुकुल बाजार अनिकेत ग्यारह कमेटी द्वारा किया गया फाइनल मैच में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचकर प्रदेश मंत्री जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया व खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की! शनिवार को खेले गये फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए त्रिवेदीगंज टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में एक सौ इक्यासी रन बनाये लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनिकेत ग्यारह शुकुल बाजार की टीम ने निर्धारित ओवरों में खिलाड़ियों के लचर प्रदर्शन की वजह से मात्र चौवन रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस प्रकार त्रिवेदीगंज ने शुकुल बाजार को हराकर एक सौ सत्ताइस रनों से फाइनल मुकाबला जीता मैन ऑफ द मैच व मैंन आफ द मैच जीशान के दोहरे प्रदर्शन की वजह से त्रिवेदीगंज विजई बनी !इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनसत्ता दल के नेता भूपेंद्र विजय सिंह प्रकाश ने विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया वहीं उपविजेता टीम को व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप शुक्ला व पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एजाज अहमद द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान की गई इस अवसर पर अतीक अहमद तैफूरी, आयोजक सर्वेश प्रताप सिंह,सतीश मिश्रा, राकेश प्रधान,रमेश तिवारी,राम सिंह यादव ,भाजपा नेता शुभम गुप्ता, कॉमेंटेटर संदीप शर्मा अंपायर राजू सहित सैकड़ो के लोग मौजूद रहे।

महिला मरीज की सफल लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में एएसएमसी (ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज), सुल्तानपुर में एक महिला मरीज की सफल लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय से कई पथरियों को निकालने की सर्जरी) की गई। यह सर्जरी जनरल एनेस्थीसिया के तहत लैरिंजियल मास्क एयरवे (एलएमए) तकनीक का उपयोग करते हुए की गई, जो मेडिकल कॉलेज के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है। इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. मनीष कुमार (एमएस), सहायक प्रोफ़ेसर और डॉ. सुप्रीत वर्मा (एमएस), सीनियर रेजिडेंट ने किया, जिन्होंने न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया को अत्यंत कुशलता से अंजाम दिया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. दीप्युश सिंह (एमबीबीएस, नॉन-पीजी जेआर) और डॉ. जितेश यादव (एमडी, सहायक प्रोफ़ेसर) शामिल थे, जिन्होंने ऑपरेशन के दौरान मरीज की सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखा। सर्जिकल प्रक्रिया में नर्सिंग स्टाफ नसिमा और अंजलि के साथ-साथ वार्ड बॉय अनुज कुमार का भी अहम योगदान रहा।प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव ने बताया, हम सुल्तानपुर में ही मरीज का अच्छा इलाज करायेंगे। उनका यह बयान दर्शाता है कि एएसएमसी सुल्तानपुर अपने क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और मरीजों को बेहतरीन उपचार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर डॉ. स्वाति राय (सहायक प्रोफ़ेसर, फार्माकोलॉजी एवं थेरेप्यूटिक्स) ने बताया कि महिलाओं में 30 से 45 वर्ष की आयु के बीच पित्त की पथरी (गॉलब्लैडर स्टोन) होना बहुत आम है। इसके लक्षण कभी भी जानलेवा हो सकते हैं, इसलिए समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि लैप्रोस्कोपिक सर्जरी एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, जो कुछ ही घंटों में पूरी हो जाती है और मरीज दो दिनों के भीतर घर जा सकता है। चिकित्सा टीम ने कहा कि इस लैप्रोस्कोपिक गॉलब्लैडर सर्जरी के सफल संचालन से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण क्रांति आई है। अब, सुल्तानपुर के मरीजों को बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

परिषदीय विद्यालय में सुलेख प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में विभागीय निर्देशानुसार कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों हेतु हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को सुलेख का महत्व बताते हुए उन्हें शुद्ध और स्वच्छ लेखन हेतु प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों को उनके कक्षा के अनुरूप सुलेख कार्य करने हेतु दिया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सुलेख प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कक्षा 5 की मीनाक्षी वर्मा प्रथम, कक्षा 3 की रेनू और कक्षा 5 की रजनी द्वितीय जबकि कक्षा 3 की हेमलता मौर्य और कक्षा 5 की खुशबू तृतीय रहीं। कक्षा 3 की गुंजन और कक्षा 5 की रोशनी को विशेष पुरस्कार दिया गया। सुलेख प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा 4 के ऋषभ प्रथम, इसी कक्षा के कृष्णा द्वितीय और पल्लव मौर्य तृतीय रहे जबकि कक्षा 5 के राजन को विशेष पुरस्कार दिया गया। सभी विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत नेपाल मैत्री महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित की गई कला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा 5 की मीनाक्षी वर्मा को प्रथम, इसी कक्षा की रजनी और खुशबू को द्वितीय जबकि कक्षा 5 की अश्विनी और कक्षा 4 के कृष्णा को तृतीय पुरस्कार दिया गया है।

एसपी ने मुसाफिरखाना थाना प्रांगण में सौंदर्यीकरण का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना प्रांगण में हुये सौन्दर्यीकरण कार्यों का शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकार्पण एवं निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना मुसाफिरखाना प्रांगण में इंटरलाकिंग कार्य, गुलाब वाटिका, पिंक शौचालय व अन्य सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मुसाफिरखाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक एवं महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई व अभिलेखों का रख रखाव अच्छा पाया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के ग्राम प्रहरियों को पुलिस के सहयोग व लाभप्रद सूचनाओं के संकलन के लिये साफा व मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी व सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

नशा मुक्ति अभियान महिला विंग ने अधिकारियों को वितरण किए पंपलेट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमात ए इस्लामी हिन्द की तरफ से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पीलीभीत की महिला विंग ने अपर जिलाधिकारी ऋतु पुनिया,सिटी मजिस्टेट विजय वर्धन सिंह,महिला थानाध्यक्ष से मुलाक़ात की और अभियान के बारे में जानकारी दी।साथ ही अभियान में सहयोग मांगा है। जनपद के अधिकारियों से मुलाकात करने वालों में से मुख्य रूप से आरिफा खातून,रुक़य्या फातमा,हाफिज नईम नदवी,मोहतशिम रज़ा खां उपस्थित रहे है।

झारखण्ड महामहिम राज्यपाल से मिले चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। झारखण्ड के राज्यपाल संतोष सिंह गंगवार से पूरनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने स्नेहिल भेंट-वार्ता की साथ ही उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया हैं। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका परिषद के सभासद एव सदस्य जिला योजना समिति एवं वार्ड 09 के सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू' सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रैवलर वैन डिवाइर से टकराने पर नौ यात्री घायल

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या पचास के पास अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करके दिल्ली लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर वैन शनिवार की एक पिकअप को ओवरटेक करने की चक्कर में अनंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके कारण वैन में सवार सात महिलाओं समेत नौ श्रद्धालु घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों ने घायल सीमा, अमित प्रताप,के गोस्वामी, गणेश, अंजली, शर्मिला,बबीता और नीतू का का प्राथमिक इलाज किया। गनीमत यह रही कि किसी भी यात्री को गम्भीर चोट नही आई जिसके चलते सभी यात्री आधे घंटे बाद दूसरे वाहन से गंतव्य स्थान की ओर रवाना हो गये है।

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने क्षेत्र के गांव उसरहा के एक युवक की तहरीर पर दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव उसरहा मजरे जेहटा उसरहा निवासी राजेन्द्र तिवारी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसने अपनी सुपुत्री सोनी का विवाह इक्कीस जून 2022 को थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव फूला निवासी राहुल बाजपेयी के साथ किया था जिसमें उसने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था किन्तु उक्त दान दहेज से बेटी के पति व ससुराली जन संतुष्ट नही थे और ससुरालीजन मेरी बेटी को कम दहेज लाने का उलाहना देते थे और पांच लाख रुपया नकद की मांग करते थे दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर उसको प्रताड़ित करने लगे। बीते वर्ष की तीस सितम्बर को समय सुबह दस बजे उक्त दहेज के लिये ससुरालियों द्वारा उसकी बेटी की पिटाई भी की गई और हालत गम्भीर होने पर मेरे दरवाजे पर दरवाजे पर छोड़कर भाग गये जिसका इलाज उसी दिन सिंहपुर अस्पताल में कराया फायदा न होने पर लखनऊ में डा राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया जिसका इलाज दस दिन चला किन्तु ससुराल से कोई देखने तक नही आया और वह कई बार उनके घर गया किन्तु ससुराल वाले उक्त दहेज की मांग पूरी किये बिना मेरी पुत्री को रखने को राजी नही हैं। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि राजेंद्र तिवारी की तहरीर पर राहुल बाजपेयी, सरोज, महेन्द्र व किरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

कमरौली पुलिस ने स्मैक के दो युवकों को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत दो युवकों को पचपन ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर उमेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम करीडीह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब छब्बीस वर्ष को जाफरगंज नाला पुलिया के पास मंगरौरा रोड के पास से समय करीब सवा नौ बजे दिन में तीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में उप निरीक्षक शिवमूर्ति यादव मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर अब्दुल शाहिद पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम पूरे ठकुराईन बरसण्डा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को सिंदुरवा रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे दिन में पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

सभ्यता व संस्कृति का संगम भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गांधी प्रेक्षागृह परिसर में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम में दोनों देशों की कला व संस्कृति का अदभुत संगम दिखा।कार्यक्रम में पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय,मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह,अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, डीडीओ, नगर मजिस्टेट विजयवर्धन तोमर,चेयरमैन आस्था अग्रवाल,सहायक निदेशक संस्कृति विभाग राजेश अहिवार,प्राचार्य डिग्री कालेज दुष्यंत कुमार की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सभ्यता व संस्कृति का संगम है।इससे लोग एक-दूसरे की सभ्यता व संस्कृति से परिचित होंगे।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यह मैत्री महोत्सव भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार की ओर से एक अच्छी पहल है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजन से दोनों देशों के बीच पुरातन काल से चली आ रही दोस्ती और मजबूत होगी।इसलिए हम नेपाल को भारत से पृथक सोच ही नहीं सकते।इस कार्यक्रम से अच्छी यादें लेकर जा रही हूं।कार्यक्रम की शुरुआत में संस्कृति विभाग उ.प्र. के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।भारत-नेपाल की मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।नेपाल सीमा से सटे आठ जिलों में मैत्री महोत्सव का आयोजन किया गया है।जो 23 फरवरी तक चलेगा। आज पीलीभीत में इसका समापन होगा। कार्यक्रमों में भारत नेपाल सांस्कृतिक मैत्री यात्रा,लोक नृत्य,व्यंजन व हस्तशिल्प प्रदर्शनी,भारत नेपाल फ्यूजन बैंड शो,पर्यटन व्यू क्लिक ऑन स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता,उत्तर प्रदेश के लोकरंग,भारत-नेपाल लोकप्रिय गायन की प्रस्तुति,सांस्कृतिक चित्र प्रदर्शनी,नृत्य नाटिका-रघनंदन, समुद्रमंथनम्,संस्कृतियों के सांस्कृतिक प्रदर्शन किए जा रहे।भारत-नेपाली फ्यूजन बैण्ड शो,लोक नृत्य,व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी,हिन्दी एवं नेपाली गायको की प्रस्तुति,भारत-नेपाल परिधान प्रदर्शन शो,तराई सीमा जनपदों की सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के मुख्य आर्कषण रही।मैत्री महोत्सव में लोक गीत, नेपाली नृत्य बधाई, नेपाली नृत्य मगर,नृत्य नाटिका,लोक नृत्य राजस्थानी, ब्रजरास आदि नृत्यों की प्रस्तुति भी आयोजन में चार चांद लगाया। शानदार प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

कार्यक्रम में हिमानी कपूर व आकृति मेहरा मुम्बई द्वारा सुन्दर सुन्दर प्रस्तुति दी और आकर्षण का केन्द्र बनी रही। नेपाल राष्ट्र से आए कलाकारों ने नेपाली नृत्य मगर के साथ ही अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

निर्विरोध निर्वाचित हुई प्रिया सिंह गंगवार

पीलीभीत। सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में घमासान लड़ाई देखने को मिल रही है। अध्यक्ष सहित कई पदों पर 24 फरवरी को मतदान होगा उसी दिन परिणाम घोषित होंगे।सभी प्रत्याशी अपना दमखम लगाकर चुनाव जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं। कई पदों पर अन्य प्रत्याशी चुनाव मैदान में न होने पर निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। जिनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राजेश शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर प्रिया सिंह गंगवार,रेहान खान,मोहम्मद बासिल उपाध्यक्ष प्रवर वर्ग पर समीर कौशल,पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर सौरभ सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रिया सिंह गंगवार के निर्विरोध निर्वाचित होने पर अधिवक्ता फरहीन खान,जूही खान,शिवानी राठौर,फरहीन खान सहित अन्य महिला एडवोकेट ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मुबारकबाद पेश की है।उपरोक्त सभी पदाधिकारियो के निर्विरोध निर्वाचित होने पर साथी अधिवक्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सनातनियों और क्षेत्रवासियों का मेल-मिलाप ही प्रसाद : मनीषा पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। क्षेत्र के भंडरा चंद्रकला गांव में चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस पर भव्य हनुमत महोत्सव का आयोजन वरिष्ठ समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय के संयोजन में हुआ। भजन संध्या कार्यक्रम में भजन सम्राट स्वाति मिश्रा व अनुराग पंडित ने शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। स्वाति मिश्रा ने जैसे ही 'नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो,राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' भजन गाना शुरू किया श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर का पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रदेश के कई मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद आदि बीजेपी नेताओं ने चंद्रकला के पहुंच कर चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पहुंचकर मत्था टेक कर हनुमान जी से आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को जिले के कुड़वार चंद्रकला गांव के चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय द्वारा आयोजित आयोजित भव्य हनुमत महोत्सव कार्यक्रम में देश तथा प्रदेश के कई बीजेपी नेता सुबह से ही चंद्रकला के चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी महाराज के समक्ष सिर झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बीजेपी नेत्री मनीषा पांडेय, शांति भूषण पांडेय (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शाहजहांपुर) ने सभी आगंतुकों का स्वागत सम्मान करते हुए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय हाजीपट्टी में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह के संयोजन में प्रधानाध्यापक शिव कुमार तिवारी ने सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर। कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुहम्मद अख्तर ने किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बैज अलंकरण और माल्यार्पण कर स्वागत किया। बच्चों ने स्वागतगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कबड्डी, दौड़ खो खो आदि खेल प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने कहा कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में शासन की ओर से बच्चों समस्त प्रकार की डिजिटल मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही, विद्यालय में डिजिटल लैब, डिजीटल क्लास रूम, खेल हेतु विशेष उपकरण इत्यादि उपलब्ध कराए गए है।ग्रामीण परिवेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। शासन की संकल्पना है कि ग्रामीण परिवेश का बच्चा जो कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत है उनको कॉन्वेंट के समकक्ष बनाया जा सके। जिला पंचायत सदस्य राम शंकर यादव,ए आर पी मनोज श्रीवास्तव, संजय यादव, संकुल अब्दुल मोती खान, शिक्षक रामदेव, रीतेश श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, किरण कुमारी जियाउद्दीन, दिनेश कुमार, सेवानिवृत शिक्षक सुखसागर यादव,गंगा राम मौर्य, ब्रह्मदत्त मिश्रा, राजमणि उपाध्याय, लोकेश सिंह, अनिल सिंह, शिवेंद्र पांडे सुधीर सिंह रियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

रेखा के हवाले दिल्ली

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलतरू राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी। लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है।

शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत

विश्व शांति और समझ दिवस पर विशेष

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है। आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध और विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है।

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है। रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है। आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध और विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है। मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो 'विश्व शांति' का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है। इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा। आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं। अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है-एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी। –ललित गर्ग

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर दिमागी गंदगी की सड़ांध

प्रियंका सौरभ

कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफ़ी मांग लेते हैं। सवाल यह है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणियों की निंदा की। ऐसे लोगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, अगर जनता गंदगी परोसने वाले ऐसे चैनलों और मंचों का बहिष्कार करना शुरू कर दे तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। गंदगी परोसने वाले ऐसे सारे कार्यक्रम जो ओटीटी, टीवी आदि पर हैं, सब बंद होना चाहिए। ऐसा वल्गर कंटेंट हमारे देश की संस्कृति को तबाह कर देगी। यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए ग़लत भी। ऐसे लोग सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे हैं। ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोगों को देखना व सुनना, आज के समाज का भी कसूर है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे ''उनके दिमाग़ की गंदगी'' कहा। इलाहाबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इलाहाबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफ़ी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं होगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातोंरात नहीं तबाह होता -इसकी शुरुआत असहनीय को सहन करने, घृणित को 'सिर्फ हास्य' के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को ख़त्म करने से होती है। कानूनी कार्यवाही का मतलब सिर्फ़ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल क़ायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्त्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएँ कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ़ एक मज़ाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति बेपरवाह हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई बहुत ज़रूरी है। आपका यह तर्क कि हमें 'मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए' मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है। 'मजाक' कहलाने वाली हर बात हानिरहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मज़ाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठाना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब 'घटिया मानसिकता' रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है।

सेहत मंत्र

हल्दी के दूध पीने से मिलते हैं यह गजब के फायदे

हल्दी के बिना भारतीय किचन में शायद ही कोई सब्जी बनती हो। इतना ही नहीं, यह रूप निखारने के साथ?साथ अन्य कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करता है। यूं तो हल्दी का प्रयोग कई तरह से किया जाता है लेकिन अगर दूध में हल्दी मिलाकर इसका सेवन किया जाए तो कई तरह की बीमारियों से बेहद आसानी से राहत पाई जा सकती है। माइग्रेन में लाभकारी- अगर आपको सिर में काफी तेज दर्द हो रहा है तो हल्दी का दूध पीना वास्तव में फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, हल्दी का दूध खून को पतला करके रक्तसंचार को बेहतर बनाता है जिससे सिरदर्द की समस्या से निजात मिलती है। चोट लगने पर - अगर कभी किसी कारणवश चोट लग जाए तो गर्म दूध में हल्दी डालकर सेवन करना चाहिए। दरअसल, हल्दी में पाए जाने वाले औषधीय तत्व चोट को जल्द ठीक करने मे मदद करते हैं। साथ ही हल्दी के एंटी?बैक्टीरियल तत्व संक्रमण से भी बचाता है। जिससे चोट लगने पर इंफ़ेक्शन की संभावना कम हो जाती है। कैंसर से बचाव- हल्दी में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर उत्पन्न करने वाले सेल्स को नष्ट करता है। जिसके कारण कैंसर से लड़ने में मदद मिलती है। इसलिए अगर आप इसका सेवन करते हैं तो कैंसर से खुद का बचाव कर सकते हैं। नहीं होगी बीमारियां- कुछ लोगों को मौसम बदलते ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर हल्दी के दूध का सेवन किया जाए तो इससे व्यक्ति की रोग?प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। खासतौर से, बदलते मौसम में होने वाले जुखाम, खांसी व अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव में हल्दी का दूध एक रक्षा कवच की तरह काम करता है। अनिद्रा से राहत- आज के समय में लोग जिस तरह तनावग्रस्त हैं, उसका विपरीत असर नींद पर दिखाई देता है। लेकिन अगर रात को सोने से पहले हल्दी के दूध का सेवन किया जाए तो इससे मस्तिष्क में सेरोटोनिन का उत्पादन अधिक होता है और व्यक्ति को काफी अच्छी नींद आती है। लीवर के लिए लाभदायक- आपको शायद मालूम न हो लेकिन हल्दी का दूध लीवर के लिए काफी उपयोगी है। अगर इसे डाइट का हिस्सा बनाया जाए तो फैटी लीवर या लीवर सिरोसिस जैसी बीमारियों से स्वयं को सुरक्षित किया जा सकता है। ऐसा हल्दी के डीटोक्सीफयिंग गुण के कारण होता है, जो हानिकारक रसायनों से लिवर को प्रभावित नहीं होने देता।

धर्म मंत्र

प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

पर्यटन

समुद्र किनारे बसीं फ्रेंच इमारतों का खूबसूरत शहर पुडुचेरी है रिलैक्सिंग वेकेशन के लिए एकदम परफ़ेक्ट जगह

अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जो भीड़भाड़ से दूर होने के साथ ही घूमने के लिहाज से भी बेस्ट हो तो इसमें आप पुडुचेरी को शामिल करें। जहां इतनी सारी खूबसूरत जगहें हैं जो आपको बोर नहीं होने देंगी और साथ ही आपके ट्रीप को मज़ेदार और यादगार भी बना देंगी। तो इस शहर की उन जगहों के बारे में सबसे पहले जान लेना जरूरी है जिनके बिना आपका पुडुचेरी का सफर अधूरा है। फ्रेंच टाउनः जो हेरिटेज एरिया है और उसे व्हाइट टाउन के नाम से भी जाना जाता है। यह रॉक बीच के बिल्कुल पास है। फ्रेंच टाउन इतना खूबसूरत है कि इसकी खूबसूरती के बारे में कहने से नहीं देखने से ही पता चलेगा। पीली, सफ़ेद, ग्रे इमारतें अपने इतिहास की गाथा कहती हैं तो सड़क किनारे हवा के झोंके से हिलते-डुलते पाम के पेड़ एकदम जादुई एहसास कराते हैं, खासकर शाम को। ऐसा मनोरम दृश्य मानो किसी फिल्म का लोकेशन सेट किया गया हो। टाउन में मौजूद रेस्टोरेंट का नजारा भी बहुत ही लुभावना होता है। खानपान में हर तरह की वैराइटी नजर आती है और खास इंटीरियर के साथ लाइट म्यूज़िक आपको यहां बांधे रखने का काम करता है। ऑरोविल शहरः ऑरोविल बहुत ही खूबसूरत शहर है जहां देखने वाली जगहों की कोई कमी नहीं। यहीं मातृमंदिर है, इसका वास्तु शिल्प शानदार है। इसमें चारों तरफ 12 पंखुड़ियां हैं। इसमें सुनहरे गोल-गोल डिस्क बने हैं। इससे सूर्य की रोशनी परिवर्तित होकर अंदर पहुंचती है, जो साधना करने वाले लोगों के लिए अद्भुत वातावरण उत्पन्न करती है। यह विशाल मंदिर चार स्तंभों पर खड़ा है, जो क्रमशः माहेश्वरी, महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के प्रतीक हैं। इसके अंदर जाकर कोई भी साधना कर सकता है। रॉक बीचः रॉक बीच पर बैठकर आप शांति से समुद्र की लहरों को गोते खाते हुए देख सकते हैं। इसे प्रोमिनॉड और गांधी बीच भी कहते हैं। उगता सूरज हो या ढलता, यहां का हर एक नजारा आपके ट्रिप को यादगार बना देगा।

हंगामेदार हुई मसौली क्षेत्र पंचायत की बैठक

जनप्रतिनिधियों ने ली कार्मिकों की क्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। शनिवार को ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख ईस आलम की अध्यक्षता व अवर अभियंता प्रमोद गौतम के संचालन में क्षेत्र पंचायत की हंगामेदार बैठक हुई। सांसद, विधायक व एम एल सी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जमकर क्लास ली और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी।

बैठक में सांसद तनुज पुनिया व सपा विधायक गौरव रावत ने बैठक मे उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आप लोग क्षेत्र की समस्याओं को हम लोगो तक पहुंचाए जिसका समय से निस्तारण कराया जा सके। विधायक ने खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव से कहा कि पंचायत का कार्यकाल कम बचा है सहयोग कर ज्यादा से ज्यादा कार्य कराये जिससे आने वाले चुनाव मे लोगो को लाभ मिल सके। जलजीवन मिशन योजना की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समय से कार्य पूर्ण कराने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिये। भाजपा एमएलसी अंगद सिंह ने विकास योजनाओं को समय से पूर्ण करने की बात कही।बैठक मे सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा मुद्दे पर जमकर क्लास लगायी।

बैठक मे वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा पेश करते हुए बताया गया कि चालू वर्ष पंचम वित्त मे 2 करोड़, 25 लाख 3 हजार 30 रुपये प्राप्त हुए जिसमे 1 करोड़, 69 लाख 851 रुपये से विकास कार्य कराये गये तथा 55 लाख 42 हजार 579 रुपये शेष है इसी तरह 15 वे वित्त आयोग मे 3 करोड़13 लाख 1 हजार 428 की धनराशि के सापेक्ष 1 करोड़ 35 लाख 99 हजार 510 रुपये खर्च हुए तथा 1 करोड़ 65 लाख 32 हजार 418 रुपये है जिससे विकास कार्य कराये जाएंगे।

खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि, सहकारिता विभाग, ग्राम विकास, लघु सिचाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य पालन, आजीविका मिशन, आदि योजनाओं की जानकारी बीडीसी सदस्यों एवन ग्राम प्रधानों को दी। । वही एडीओ पँचायत जानकीराम ने स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा के अलावा सर्वशिक्षा अभियान, जल संरक्षण एव वर्षा संचयन, दस्तक अभियान, धान बीज, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प, प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन,ग्रामीण स्वच्छता मिशन, मनरेगा योजना आदि पर चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य रामसिंह वर्मा, सोनिया रावत खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा, पशु चिकित्सा अधिकारी डा कमलेश यादव, एपीओ मोनिका , जेई एमआई अरुण कुमार व्यास , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी सहित ग्राम प्रधान रंजीत कुमार, प्रधान सुमन राव,प्रधान नूर फातिमा, मुईन अंसारी, सुरेशचंद्र वर्मा, रामसिंह, पप्पू जयसवाल, अजय वर्मा, राहुल ठाकुर सहित जनप्रतिधि मौजूद रहे।

नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन को रेनू ने किया जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में खुर्दमऊ ग्राम में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने गोदाम की चाबी उचित दर विक्रेता को सौंपी। ग्राम प्रधान जमशेद अली और खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों से राशन कार्ड न होने की स्थिति में फैमिली आईडी बनवाने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि अब मुख्य सड़क के पास में भवन बनने से ग्रामीणों को राशन लेने में सुविधा होगी तथा गांव में राशन लाने के लिए भी आसानी होगी। ब्लॉक प्रमुख को पुष्प गुच्छ भेंट कर ग्राम प्रधान ने स्वागत किया।कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सुधांशु वर्मा, मैकूलाल रावत, हाजी मुश्ताक अहमद मुन्ना, औन मियां और विजय कुमार यादव एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम के भ्रमण पश्चात चाक चौबंद हुई महादेवा मेला की व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमियों को अधिकारियों ने किया दुरुस्त

सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

बाराबंकी। रामनगर तहसील स्थित प्राचीन लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आ रहे हैं। इसी क्रम में 21 फरवरी को मेला परिसर एवं अन्य आवश्यक स्थलों का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने एसपी समेत जिले के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कमियों को तत्काल ठीक कराने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये थे। कमियों को अविलंब किया गया दूर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत बाराबंकी बहराइच मार्ग पर हाईवे के किनारे तीन जगहों पर दल सराय, किनहौली, और रामपुर खरगी में विश्राम स्थल बनाए गए हैं । कुछ श्रद्धालु बड़नपुर डिपो घाट पर स्नान हेतु जाते हैं वहां पर भी प्रकाश की व्यवस्था, चेंजिंग की व्यवस्था तथा गोताखोरों की तैनाती कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा की टीम लगातार भ्रमणशील रह श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जांच कर रही है। महादेवा कॉरिडोर के पास शौचालय में पाइप लाइन में टोटी लगाने के कार्य पूरे किए जा चुके है। साथ ही मेला परिसर में जिला पंचायत द्वारा पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है। मेला परिसर में कैमरे लगाने का कार्य भी अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। मेला क्षेत्र स्थित तीनों पार्किंग स्थलों पर कैमरे और उचित प्रकाश व्यवस्था कर ली गई है। मेले मे संचालित अस्थायी दुकानों पर नम्बर लगाये जाने एवं रेट लिस्ट लगाये जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। सफ़ेदाबाद से असेनी मोड़ तक प्रकाश की व्यवस्था कर ली गई है। मेला परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सहित मेला परिसर के सभी शौचालयों की मरम्मत करा ली गयी है। रास्ते से कूड़ा-कड़कट / झाड़ियों की सफाई का कार्य कराया जा चुका है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में डिपो घाट ग्राम पंचायत बड़नपुर में ग्राम पंचायत बड़नपुर द्वारा सोलर लाइट लगाने का कार्य हो चुका है। बंकी, मसौली व रामनगर रास्ते विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व शरबत आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी है। मेला परिसर में सीसीटीवी कमरों की संख्या बढ़ा दी गई है, जिससे कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

कला, क्राफ़्ट प्रदर्शन में निंदूरा ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। गणेशपुर डायट में शनिवार को कला क्राफ्ट एवं संस्कृत महोत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समस्त ब्लॉक के अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। और उत्कृष्ट क्राफ्ट सामग्री का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निंदूरा ब्लॉक की प्राथमिक विद्यालय हेमा पुरवा की प्रधानाध्यापिका ममता देवी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुआ की सहायक अध्यापिका आशिया रिजवी को प्राप्त हुआ। प्रधानाध्यापिका आशिया रिजवी ने बताया कि यह प्रथम स्थान निंदूरा ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा सेंगर के नेतृत्व का परिणाम है।

ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आज फाइनल जनपद मऊ व वाराणसी के बीच डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में जनपद वाराणसी ने तीन शून्य से हराकर विजय रही। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह तथा आ पी तिवारी प्राचार्य आरआरपीजी कॉलेज एवं ज्ञानेन्द्र (जमुना मटियारी) अतिथि रहे। मुख्य अतिथि गौरीगंज के विधायक द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों के साथ ही निर्णायकों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के प्रतियोगिता पर्यवेक्षक एम एस वेग उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मोहम्मद मोसर्रफ खां ने कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया व प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में जैशल, आकिब, अमूल, नवनीत, हाजी मनव्वल, रवि शर्मा, आयुब शाह, रजा उल्ला ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया।

उक्त प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक मोहम्मद नदीम व मोहम्मद आरिफ ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 842 वाहनों के काटे गए चालान

कानपुर। सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों की लापरवाही के चलते होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कानपुर यातायात पुलिस वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 842 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों की लापरवाही को तेजी से दौड़ाने वाले चालकों की गलतियों की वजह से पूर्व में कई तरह की घटनायें हो चुकी है।

स्वच्छता का संदेश देने गोमती मित्र पहुंचे कलेक्ट्रेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। किसी भी जनपद का जिलाधिकारी कार्यालय जनपद का हृदय स्थल होता है, वहीं वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यालय होता है और जनपद की गतिविधियां संचालित होती हैं। ऐसे में गोमती मित्र मंडल द्वारा जनपद के हृदय स्थल पर किया गया स्वच्छता जागरूकता श्रमदान न केवल आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाला है बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी विगत 12 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी मिलना है। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन कहते हुए गौरवान्वित महसूस करते हैं कि 12 वर्षों से बिना रुके, थके, ऊबे गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की जो मुहिम चलाई हुई है उसका सकारात्मक परिणाम दिखने भी लगा है। युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि गोमती नदी की स्वच्छता के लिए लोग अब जागरुक होने लगे हैं। प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 8:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के एक-एक कोने को पूरी तरह साफ करने के बाद समाप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह टिन्नू, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, अजय वर्मा, मुन्ना पाठक, राकेश सिंह दद्दू, दिनकर प्रताप सिंह, दाऊजी कैलाशी, आलोक तिवारी, राम किंचल मौर्य, अजय प्रताप सिंह, पृथ्वी कसौधन, अरविंद सोनी, अजीत शर्मा, ओमप्रकाश कसौधन आदि उपस्थित रहे।

शिवभक्तों की समस्याओं व सुविधाओं के लिए अधिवक्ता ने सौंपा मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद सीमा से महादेवा मंदिर तक मुख्य मार्ग पर पुलिस की विशेष निगरानी की व्यवस्था, पैदल मार्ग बैरीकेट, सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था भी करवाए जाने की मांग को लेकर आन्दोलनकारी अधिवक्ता एवं बार के पूर्व महामंत्री रितेश कुमार मिश्र द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित जनहित पत्र एडीएम इंद्रसेन को सौंपा।जिन्होंने शीघ्र ही स्पेशल बसों की शुरुआत कर समस्त समस्याओं का समाधान किया जाएगा का आश्वासन दिया। सदियों से जिला बाराबंकी के तहसील रामनगर में पौराणिक महादेवा मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे देश से शिवभक्त पैदल कांवड़ लेकर हर वर्ष पौराणिक शिवलिंग पर जल चढ़ाने आते है जिन्हें रास्ते में अनेकों कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उनकी सुरक्षा भी भगवान के भरोसे ही रहती है आएदिन उनके साथ अप्रिय घटनाओं की खबरें आम रहती हैं साथ ही जल चढ़ाने के बाद घर वापसी के समय यातायात के साधनों की कमी के कारण मंदिर से रामनगर मुख्य मार्ग तक कांवण्यात्री पैदल चलने के लिए विवश रहते हैं इसके उपरांत भी रामनगर पहुंचने के बाद शिवभक्तों को ट्रकों या अन्य मॉल वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ता है।अक्सर साधनों के अभाव में उन्हें पुनः पैदल ही अपने गंतव्य तक जाने को मजबूर होना पड़ता है अथवा काफी जद्दोजहद के बाद ही उन्हें साधन उपलब्ध हो पाते हैं ऐसी परिस्थितियों कतई उचित नहीं हैं और इनका तत्काल निराकरण अति आवश्यक है उक्त परिस्थितियों से निपटने के लिए अविलंब बाराबंकी मुख्यालय से महादेवा मंदिर तक महा शिवरात्रि स्पेशल बसों की शुरुआत के साथ ही लखनऊ रोड पर बाराबंकी की सीमा से महादेवा मंदिर तक मुख्य मार्ग पर पुलिस की विशेष निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाया जाना अति आवश्यक है साथ ही शिवभक्तों की सुविधा के दृष्टिगत अविलंब पैदल मार्ग बैरीकेट लगाकर सुरक्षित किया जाना अति महत्वपूर्ण है ताकि कांवड़ ले जाने वाले शिवभक्तों को दुर्घटना से बचाया जा सके साथ ही साथ रात्रि में चलने वाले कांवड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था भी करवाया जाना हेतु अपेक्षा करते हुए जनहित पत्र दिया।इस अवसर पर संजय गांधी,रजनीश शुक्ला,अनुराग शुक्ला, रितेश कुमार, खुर्शीद, संजय यादव, देवेश तिवारी, योगेश तिवारी,आतिश तिवारी, सूरज कनौजिया,अरूण बाजपेई, आसिफ़ मद्धेशिया,श्रीकांत, दीपक अवस्थी, सूरज बाजपेई,अश्विनी कुमार, ज्ञान कुमार, आलोक वर्मा, अभिषेक कुमार, निर्मल कुमार आदि अधिवक्ता शिवभक्त उपस्थित रहे।

पहिया बदल रहे युवक को अज्ञात डबल टेकर बस ने कुचला

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती रात्रि सफदरगंज चौराहे पर मारुति वैन की पहिया बदल रहे एक 25 वर्षीय युवक को अज्ञात डबल टेकर बस ने कुचल दिया। वैन चालक की मौकेपर मौत हुई ,मृतक आर्केस्ट्रा संचालक बताया जा रहा हैं । मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसंडा निवासी 25 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र अशोक कुमार उर्फ़ पप्पू अपने बड़े भाई अमित व अन्य महिलाओं के साथ मारुति वैन नम्बर यूपी 32 एच डी 4379 से सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद बिरौली एक वैवाहिक कार्यक्रम मे गया था। वापसी के दौरान सफदरगंज चौराहे के निकट वैन की पहिया पंचर हो गयी जिससे वैन मे बैठी सभी सवारियां उतर गयी और आशीष वैन की पहिया बदलने लगा तभी अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार आई अज्ञात नीले रंग की डबल टेकर बस कुचलती निकल गई।और जिससे आशीष की मौकेपर मौत हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत विक्षत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

जैदपुर ईओ ने बताया खाद बनाने के टिप्स

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श नगर पंचायत जैदपुर के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने शनिवार को स्वच्छता मिशन की नई पहल के तहत जैदपुर क्षेत्र के चिकना महल के मोहल्ला पछली में अकसर रिजवी और उसरी में आकाश के घर पहुंच सर्वे किया। घरों में लगी फुलवारी को देखकर लोगों को जागरूक किया। बताया कि घर की फुलवारी के पास छोटा सा गड्ढा खुदवाकर उसमें घर की बची हुई सब्जी दाल चावल व अन्य सामग्री को इकट्ठा करे।और लगभग 15 दिन में खाद बनकर तैयार हो जायेगी और फुलवारी के लिए वरदान साबित होगी। इससे स्वच्छता अभियान को भी बल मिलेगा और आस पास साफ सफाई व्यवस्था भी बनी रहेगी। इस मौके पर वार्ड सभासद प्रतिनिधि शिवा राजपूत, सफाई सुपर वाइजर शुभम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संविदा कर्मियों को 20 हजार मानदेय दे सरकार : सुमन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सरकार से मांग की है कि बिजली संविदा कर्मियों को तत्काल 20 हजार मानदेय दे। पार्टी ने इस मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी डीएम को प्रेषित किया है। सीपीआई के राज्य परिषद के सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि संविदा/निविदा कर्मियों को 20,000 रुपये से कम मानदेय/वेतन का भुगतान नहीं किया जायेगा। ये घोषणा, सिर्फ घोषणा ही न रह जाये, इसलिए आवश्यक है कि बिजली के क्षेत्र में कार्यरत निविदा/संविदाकर्मी को अविलम्ब अगले माह से उक्त वेतन व्यवस्था लागू किया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्यपाल को भी पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि अविलंब उक्त घोषणा को लागू कराया जाए। राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि तुरन्त लागू घोषणा की। बिजली क्षेत्र में सबसे कम संविदा कर्मी का वेतन है। सरकार हर क्षेत्र में फ़ेल है।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने सम्भाला मंदिर की व्यवस्था

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 30 दिवसीय पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 14 वें दिन श्रीलोधेश्वर महादेवा मंदिर में 20 छात्र-छात्राओं को सुरक्षा ड्यूटी का दायित्व सौंपा गया।उप निरीक्षक नीतू के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने मंदिर में महादेवा में श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन करने में सहयोग किया जा रहा है।शनिवार को मठ के पुजारी दशरथ अवस्थी ने दोपहर की पूजा-अर्चना पूर्ण कर भोग लगाया इस दौरान एनएसएस के प्रशिक्षुओं ने अच्छे से सुरक्षा व्यवस्था संभाली।इसी बीच उपजिलाधिकारी पवन कुमार ने सपरिवार जलाभिषेक व पूजन किया। महादेवा मंदिर में भारी संख्या में आ रहे कांवरियों को सुलभता हेतु छात्र छात्राओं ने पूरी तन्मयता से व्यवस्था संभाल ली।

सर्राफ से लूट, पुलिस खाली हाथ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने घुंघटेर थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यवसाई से हुई लूट मामले के खुलासे के लिए टीमें गठित की हैं। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि एसओजी सहित दो थानों की पुलिस टीम लूटकांड खुलासा में लगाई गई है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की गई है। बताते चलें कि कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज निवासी शरीफ अंकुर सोनी बजगहनी चौराहा स्थित अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे था। घुंघटेर क्षेत्र के टिकरा पुल के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर सोने चांदी के आभूषण से युक्त बैग छीन फरार हो गए। शुक्रवार को देर रात पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया। छिपेमारी के बावजूद पुलिस के हाथ अभी तक खाली है ग्राम पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

एडीओ ने की शिकायतों की जांच

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत खजुरिहा में विकास कार्यों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने निरीक्षण किया। शनिवार को उन्होंने पंचायत सचिव कुलदीप वर्मा के साथ गांव का दौरा किया। शिकायतकर्ता अमरेश सिंह की मौजूदगी में हैंड पंप रीबोर, स्कूल डेस्क-बेंच, सोलर लाइट, खड़ंजा और इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सफाई कर्मियों को कार्यरत पाया गया। अधिकारी ने पंचायत सचिव को गांव में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

शिक्षक समस्याओं पर हुई गहन चर्चा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई रामनगर की मासिक बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमोली कला में हुआ। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर गहन चर्चा हुई।संगठन विस्तार क्रम में शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।इस बैठक में जिला मंत्री उमानाथ मिश्र उपाध्यक्ष श्याम किशोर बाजपेयी विजय बहादुर सिंह डॉ आलोक शुक्ला चंद प्रकाश श्रीवास्तव ललित वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष हनुमंत अवस्थी मंत्री पवन कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद रावत संयुक्त मंत्री इरफान अहमद देश दीपक शुक्ला विवेक मिश्र सुरेंद्रनाथ मिश्रा नितेश त्रिपाठी हरिओम राय सुहैल अंसारी अंकुर गिरि अरविंद गुप्ता लोकेश शुक्ला शिशिर पांडे अजय वर्मा रामप्रताप लोधी आदि शिक्षक शामिल रहे।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, 60 किलो प्लास्टिक जब्त

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान प्रमुख प्रतिष्ठानों की जांच की गई और 60 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। साथ ही तीन व्यापारियों से 40 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर पालिका प्रशासन ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोबारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पकड़े गए, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे।इस अभियान का नेतृत्व उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालचंद, नगर क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह, नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने किया। अभियान के दौरान नगर पालिका के कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से मैदान पर उतरेगी रोहित सेना

एजेंसी

दुबई। कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिये करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिये टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी। वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्राफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिये हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिये थे जो भारतीयों के लिये सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाकिस्तानियों के लिये मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित राणा उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फ़ेरबदल करना पसंद नहीं करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्राफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिये बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिये चिंता का सबब बन सकता है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में धीमी गति से 64 रन बनाये थे। फखर जमां की जगह इमाम उल हक को चुना गया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज खुशदिल शाह पाकिस्तान के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है। इन सबके बावजूद पाकिस्तान को भारत हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान एक मैच हारने के बाद पलटवार करने में सक्षम है और उसकी इसी ताकत उसे मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत टीम बनाती है। कीवी टीम के खिलाफ बेअसर साबित हुये पाकिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजी पर दवाब बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पाक के लिये हालांकि यह काफी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान को यहां के माहौल और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है जबकि भारतीय टीम अपना एक मुकाबला इस मैदान पर खेल चुकी है। दोनो टीमों के लिये यहां काफी समर्थन है और दर्शक मैच का लुफ्त उठाने के लिये दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रुख करेंगे।

दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बनने के हकदार है गिल: पोटिंग

एजेंसी

दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्राफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल की तारीफ करते हुये आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिंकी पोटिंग ने कहा कि 25 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय बल्लेबाज दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने की कुव्वत रखता है।

आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, ल्ल वह इस समय दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने का पूरी तरह से हकदार है और यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि उसने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले गेम में ही अपना खाता खोल लिया है। पोंटिंग ने कहा कि गिल हालांकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन सफ़ेद गेंद क्रिकेट उनकी खेल शैली के लिए सबसे उपयुक्त है। उन्होने कहा ल्ल वह कई वर्षों से एक बहुत, बहुत अच्छा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहा है। पिछले तीन चार वर्षों में उनका सफ़ेद गेंद क्रिकेट उत्कृष्ट रहा है। वह एक बड़ा गेम प्लेयर भी है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आईपीएल में वास्तव में अच्छा खेला है। गिल की एकदिवसीय क्रिकेट में, विशेषकर तेज गेंदों पर बाउंड्री लगाने की क्षमता की सराहना करते हुये उन्होंने कहा, ल्ल मैं बस यही सोचता हूं कि सफ़ेद गेंद का खेल वास्तव में उनकी खेल शैली के अनुकूल है। एकदिवसीय क्रिकेट में, वह मैदान के ऊपर पावर प्ले में शुरुआत में अच्छा और आक्रामक हो सकता है। वह एक बड़ा हिटर नहीं है मगर वह स्वाभाविक रूप से खेल सकता है। वह सिर्फ स्कोर करता है और तेज गेंदबाजी के खिलाफ अपनी इच्छानुसार बाउंड्री लगाता है। चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से गिल शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में भारत ने इंग्लैंड पर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना आठवां एकदिवसीय शतक बनाया।

कोहली का एक ही तरह की गेंदबाजी पर आउट होना चिंता का विषय: गावस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है विराट कोहली का लगातार एक ही तरह से आउट होना भारत के लिए चिंता का विषय है जो 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की कवायद में लगा है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में 36 वर्षीय कोहली तेज गेंदबाजों की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों पर आउट हुए। वह चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन बनाकर आउट हो गए थे। वनडे में कोहली को लगातार छह बार स्पिन गेंदबाजों ने आउट किया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ हाल में वनडे श्रृंखला के दौरान लेग स्पिनर आदिल रशीद के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा, '' यह काफी हद तक इस वजह से है कि उनके बल्ले का फ़ेस खुला रहता है। ऑस्ट्रेलिया में जब वह तेज गेंदबाजों का सामना कर रहे थे तब भी ऐसा हो रहा था। उन्होंने कहा, ''उनके बल्ले का फ़ेस खुला रहता है और वह कवर में खेलने का प्रयास करते हैं। बल्ले का फ़ेस खुला होने के कारण वह परेशानी में पड़ रहे हैं। उन्हें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कोहली बांग्लादेश के खिलाफ कलाई के स्पिनर रिशाद हुसैन की गेंद को कट करने के प्रयास में बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच दे बैठे थे। गावस्कर ने कहा, ''रिशाद की टर्न लेती गेंद पर भी उनके बल्ले का फ़ेस खुल गया था। उन्हें इस पर लगाम कसनी होगी। लेकिन अगर वह लगातार एक ही तरह की गेंदबाजी पर आउट हो रहे हैं तो यह थोड़ा चिंता का विषय है। कोहली ने वनडे विश्व कप 2023 में 11 मैच में 765 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद वह इस प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं। उन्होंने इसके बाद वनडे में छह पारियों में 22.83 की औसत से केवल 137 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। टेस्ट क्रिकेट में भी 2024 से वह 11 मैच में केवल 440 रन बना पाए हैं। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है।

न्यूजीलैंड से होने वाले अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश को महमुदुल्लाह के फिट होने की उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले सीनियर बल्लेबाज महमुदुल्लाह की उपलब्धता की उम्मीद है। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 24 फरवरी को रावलपिंडी में होने वाले मैच को जीतना जरूरी है। अपने पिछले चार एकदिवसीय मैचों में चार अर्द्धशतक बनाने वाले महमुदुल्लाह को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रशिक्षण के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा, जिससे मैच के लिए बांग्लादेश की टीम का कॉम्बिनेशन बिगड़ गया और मैच में उनकी कमी महसूस की गई। भारत के खिलाफ मैच के पहले घंटे में बांग्लादेश की टीम ने केवल 35 रनों पर 5 विकेट खो दिए थे, इसके बाद तौहीद हृदोय के शतक और जेकर अली के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। इस बीच, 19 फरवरी को कराची में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 60 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरपूर है। ब्लैक कैप्स पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी जीत से भी उत्साहित हैं, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ सभी मैच जीते थे। ऐसे परिदृश्य में, बांग्लादेश को पता है कि हाथ में काम बहुत बड़ा है और उनके लिए महमुदुल्लाह के अनुभव वाले खिलाड़ी को इस मुकाबले के लिए तैयार करना अच्छा होगा। टीम मैनेजर रबीद इमाम ने शनिवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, ''हम उनकी (महमुदुल्लाह) उपलब्धता (टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए) को लेकर आशान्वित हैं। वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय रावलपिंडी में न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारे खेल से पहले आखिरी अभ्यास सत्र के बाद ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''चोट लगने के बाद हमने स्कैन कराया और उसमें कोई बड़ी चोट नहीं मिली। यह एक अच्छा संकेत है और जब भी वह सहज महसूस करेंगे तो वह खेलेंगे। अधिकारी ने कहा कि अपना पहला वनडे शतक बनाते समय ऐंठन झेलने वाले तौहीद हृदोय ठीक हैं और उन्होंने कहा कि जहां तक उनकी फिटनेस का सवाल है तो उन्हें कोई समस्या नहीं है। बांग्लादेश पाकिस्तान पहुंच चुका है और आज (22 फरवरी) उसका पहला अभ्यास सत्र होने वाला है। जहां तक महमुदुल्लाह की रिकवरी का सवाल है तो टीम प्रबंधन इस पर उत्सुकता से नजर रखेगा।

संक्षिप्त समाचार

गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर इनडोर दौड़ में रचा इतिहास, बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नई दिल्ली। हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्होंने बोस्टन में आयोजित बीयू टेरियर डीएमआर चैलेंज में पुरुषों की 5000 मीटर इनडोर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। 26 वर्षीय भारतीय सेना के धावक गुलवीर ने 12:59.77 मिनट का समय निकाला और इस प्रतिस्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे। स्पर्धा में अमेरिका के कोल हॉकर (12:57.82), कूपर टीयर (12:57.97) और ऑस्ट्रेलिया के जैक रेनर (12:59.43) ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। गुलवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, बल्कि यह 5000 मीटर इनडोर शॉर्ट ट्रैक में नया एशियाई रिकॉर्ड भी बन गया। इससे पहले गुलवीर सिंह ने पिछले हफ्ते ही पुरुषों की 3000 मीटर इनडोर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने 7:38.26 मिनट का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहते हुए 2008 में सुरेंद्र सिंह द्वारा बनाए गए 7:49.47 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुलवीर सिंह की इन उपलब्धियों ने भारतीय एथलेटिक्स में नई ऊर्ज़ा भर दी है और वह भविष्य में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं।

एंड्रीवा और टौसन दुबई ओपन के फाइनल में

दुबई। किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। सत्रह वर्षीय एंड्रीवा तीसरे सेट में 3-1 से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने इसके बाद लगातार पांच गेम जीतकर अपने दूसरे टूर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पिछले सााल जुलाई में रोमानिया के इयासी में जीत हासिल की थी। वह दुबई ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा फाइनल में डेनमार्क की क्लारा टौसन से भिड़ेगी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराने वाली टौसन ने दूसरे सेमीफाइनल में करोलिना मुचोवा को 6-4, 6-7 (4), 6-3 से हराया।

बंधन बैंक ने उत्तरप्रदेश में खोलीं 6 शाखाएँ 3 राज्यों में 9 नई शाखाओं का उद्घाटन

लखनऊ। बंधन बैंक ने घोषणा की कि उसने 3 राज्यों में 9 नई शाखाएँ खोली हैं। इनमें उत्तरप्रदेश में छह, महाराष्ट्र में दो और पश्चिम बंगाल (कोलकाता) में एक शाखा शामिल है। बैंक के एमडी और सीईओ श्री पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कार्यकारी निदेशक श्री राजिंदर कुमार बब्बर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कोलकाता में इन शाखाओं का उद्घाटन किया। बैंक का यह विस्तार उसकी रणनीति के अनुरूप है, जिससे वह विविधीकरण के साथ देशभर में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। इन नई शाखाओं के शुभारंभ के साथ, बैंक अब पूरे भारत में 6300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से ग्राहकों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। फ़िलहाल उत्तर प्रदेश में बंधन बैंक का 542 शाखाएं है। इस अवसर पर बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, ''हमें 3 राज्यों में 9 नई शाखाओं के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिनमें उत्तरप्रदेश की 6 नई शाखाएँ भी शामिल हैं। हमारे शाखा नेटवर्क के विस्तार से ग्राहकों को अधिक सुगम और प्रभावी सेवा मिलेगी। हम अपने वितरण नेटवर्क के विस्तार के लिए लगातार नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं ताकि देशभर में अधिक ग्राहकों तक पहुँचा जा सके। हम सतत विकास पर केंद्रित हैं और अपने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

सोने की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी के बीच निवेशकों की रुचि अब चांदी की ओर, 1.25 लाख तक जाने की उम्मीद

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी के बीच निवेशकों की रुचि अब चांदी की ओर बढ़ रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, चांदी की मौजूदा कीमत करीब 1,00,000 प्रति किलोग्राम है और इसमें और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। डीएसपी म्यूचुअल फंड के प्रोडक्ट्स और मार्केट स्ट्रेटेजीस्ट साहिल कपूर के मुताबिक, सोने के मुकाबले चांदी की कीमत का अनुपात अभी सबसे निचले स्तर 0.01 पर है। इसका सबसे ऊंचा स्तर 0.06 था।

लॉरिट्ज़ ने उत्तर प्रदेश जल निगम के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। लॉरिट्ज नुडसन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (यू) के साथ साझेदारी की है। कंपनी के अत्याधुनिक स्मार्ट नियंत्रकों को विश्वसनीय, दूर से संचालित जल आपूर्ति प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है, जिससे उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप के बिना महाकुंभ में लाखों तीर्थयात्रियों को पानी का निर्बाध वितरण संभव हो सके। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने दक्षता को अनुकूलित करने के लिए बिजली की गुणवत्ता में सुधार के समाधान स्थापित किए हैं। ये नियंत्रक और उत्पाद तीर्थयात्रियों की पीने और व्यक्तिगत उपयोग सहित ज़रूरतों के लिए स्वच्छ पानी निकालने की सुविधा प्रदान करते हैं। यह अभिनव सेटअप चल रहे 'मेले' के दौरान एक सुसंगत और विश्वसनीय जल आपूर्ति बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगा। राज्य में जल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए एक अन्य विकास में, लॉरिट्ज नुडसन ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के समक्ष अपने स्विचगियर समाधानों की विश्वसनीयता और उन्नत क्षमताओं का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, ग्रेटर इंडिया के जोन अध्यक्ष और श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के एमडी और सीईओ दीपक शर्मा ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में लॉरिट्ज नुडसन का प्रभाव महाकुंभ परियोजना से कहीं आगे तक फैला हुआ है। जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत 2047' की ओर बढ़ रहा है, लॉरिट्ज नुडसन ऊर्ज़ा और स्वचालन क्रांति में सबसे आगे बना हुआ है, जो अत्याधुनिक तकनीक के साथ देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है। इस कद की परियोजनाओं और प्रमुख सरकारी विभागों के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, कंपनी एक स्मार्ट और अधिक लचीले भविष्य की ओर भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखे हुए है।ङ्क लॉरिट्ज नुडसन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के सीओओ नरेश कुमार ने कहा, ''यूपी सिंचाई विभाग, जो पूरे राज्य में 34,000 से ज़्यादा सबमर्सिबल पंप इकाइयों के स्थापित आधार वाला एक प्रमुख हितधारक है, पंप सुरक्षा को बढ़ाने और मोटर विफलताओं को कम करने के लिए लॉरिट्ज नुडसेन के स्मार्ट समाधानों का लाभ उठा रहा है। इस तैनाती के परिणामस्वरूप मोटर बर्नआउट में 60 प्रतिशत की कमी आई है, परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और विभाग को 2025 की पहली तिमाही में एमसीसीबी की और खरीद की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया है।ङ्क उत्तर प्रदेश सरकार के यूपी सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विक्रांत सिंह ने कहा, ''हमें भारत की अग्रणी विद्युत कंपनियों में से एक लॉरिट्ज नुडसन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, यह स्थायी जल प्रबंधन के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा प्रयास खेतों की सिंचाई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और उत्तर प्रदेश की सिंचाई प्रणालियों में परिचालन दक्षता में सुधार करने की दिशा में हमारे फोकस का उदाहरण देना था। मोटर बर्नआउट में उल्लेखनीय कमी हमारे संसाधनों की सुरक्षा और निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने में नवीन समाधानों के प्रभाव को रेखांकित करती है।

बिजली मंत्री ने उद्योग से नवीन समाधानों पर काम करने का आग्रह किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय ऊर्ज़ा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को उद्योग के हितधारकों से विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा को मजबूत करने के लिए अभिनव समाधान बनाने पर काम करने का आग्रह किया। ग्रेटर नोएडा में उद्योग निकाय आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा-2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 2030 तक भारत का 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य विभिन्न अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि देश को विकसित बनाने की दिशा में विद्युत क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के हितधारकों को इस क्षेत्र को भारत का वृद्धि इंजन बनाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया, ल्लभारत में बिजली का भविष्य अच्छा है३ इस यात्रा में हमें अभिनव तरीके से उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा (आरई) का लाभ उठाने के लिए उन्नत बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, बेहतर ट्रांसफार्मर, बिजली कन्वर्टर्स, स्मार्ट ग्रिड समाधान विकसित करने की जरूरत है। प्रतिभागियों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और निवेशक शामिल थे। मनोहर लाल ने कहा कि यह क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है और सरकार इसकी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग उच्च दक्षता वाले पारेषण, वितरण उपकरण जीआईएस सब स्टेशन विकसित करने पर काम कर सकता है, जिससे ग्रिड का आधुनिकीकरण होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्सर्जन को कम करने के लिए ईवी चार्जिंग ढांचा समय की मांग है। मंत्री ने कहा कि ई-परिवहन एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि बैटरी बदलने वाले स्टेशन, फास्ट चार्जर, वाहन-से-ग्रिड सिस्टम विकसित करने की आवश्यकता है।

भारतीय स्टील कंपनियों पर चीनी स्टील का दबाव, सरकार ले सकती है कड़ा फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। चीन से सस्ते स्टील के बढ़ते आयात के कारण भारतीय स्टील कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार जल्द ही चीन से आने वाले सस्ते स्टील पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने बताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और इंडस्ट्री के अनुरोध पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारतीय बाजार में चीनी स्टील का बढ़ता आयात कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके अलावा, अमेरिका में स्टील आयात पर संभावित टैरिफ वृद्धि से हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टील एसोसिएशन ने पहले ही डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडी को आवेदन दिया है, जिस पर विचार किया जा रहा है। नरेंद्रन ने यह भी कहा कि भारत स्टील उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगहों में से एक है, क्योंकि यहां आधुनिक स्टील प्लांट और लौह अयस्क का बड़ा भंडार मौजूद है। लेकिन चीनी कंपनियां कम कीमतों पर स्टील बेचकर भारतीय उद्योग को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि चीनी स्टील इंडस्ट्री घाटे में है और वहां की सरकारी कंपनियां नुकसान झेल रही हैं, जबकि भारत में स्टील इंडस्ट्री का संचालन निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति आयात पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लागू करते हैं, तो इससे टाटा स्टील को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होगा। कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं से अमेरिकी बाजार में भी स्टील निर्यात करती है, जो नए टैरिफ से प्रभावित होगा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2023 - जनवरी 2024 के बीच भारत का स्टील निर्यात 28.9% घटकर 3.99 मिलियन टन रह गया है, जबकि इसी अवधि में भारत ने 8.29 मिलियन टन स्टील का आयात किया।

बाजार में तेल की अधिकता से वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में कमी संभव: पुरी

एजेंसी

विजयवाड़ा। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में तेल की अधिक आवक के कारण ईंधन की कीमतों में कमी आने की संभावना है, जिससे मुद्रास्फीति पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्ज़ा के मोर्चे पर भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। उनके अनुसार, भारत अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल आयात करता है और चूंकि दुनिया में पर्याप्त तेल है, इसलिए तेल उत्पादक देश जो कटौती कर रहे हैं, उन्हें भी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने का कभी भी उद्देश्य नहीं था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'अधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और हमेशा से होते आए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, अमेरिका में, उन्होंने (ट्रंप ने) कहा, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। जो अधिक ड्रिलिंग करने और अधिक तेल निकालने का संकेत है। उन्होंने आधिकारिक रूप से कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को कम करना चाहते हैं। पुरी ने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि वैश्विक ऊर्ज़ा की स्थिति में सुधार होगा। बाजार में अधिक ऊर्ज़ा आएगी और उम्मीद है कि इससे कीमतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। जब ऊर्ज़ा कम कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है, तो इससे मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए 'कम कीमतों पर' पर्याप्त तेल खरीदना है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, खेती की आत्मा है किसान: शिवराज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के तीन दिवसीय ''पूसा कृषि विज्ञान मेले '' का उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खेती की आत्मा किसान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र में हम लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने आईसीएआर को बधाई देते हुए कहा कि आज जो किस्में दिखाई हैं, वो अपने आपमें बड़ी उपलब्धि है। वैज्ञानिक दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है। इसमें उत्पादन बढ़ाना, अच्छे बीज तैयार करना, बीज किसानों तक पहुंचाना शामिल है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक, आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव, उप महानिदेशक डॉ. डी.के. यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यमी, स्टार्टअप के प्रतिनिधि, खाद्य प्रसंस्करणकर्ता आदि उपस्थित रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री भागलपुर में किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते में राशि भेजेंगे। रविवार को वे बिहार में मखाना उत्पादकों के बीच जाएंगे, उनकी समस्याएं जानेंगे और समझेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले वे सुपारी उत्पादकों के बीच गये थे। शिवराज चौहान ने कहा कि हमें किसानों की लागत का इंतजाम भी करना है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। इससे फल-सब्जी के किसान को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि तीसरा कार्य है, उत्पादन का ठीक दाम देना। इसके लिए लगातार एमएसपी पर बढ़ोतरी की गई है। किसान का गेहूं, चावल तो सरकार खरीदेगी ही, मसूर उड़द, तुअर पूरी खरीदी जाएगी। इन चीजों का उत्पादन तब बढ़ेगा, जब उनको अच्छे दाम मिलेंगे। किसान जहां बेचता है वहां सस्ता बिकता है और दिल्ली मुंबई में आ जाए तो महंगा हो जाता है। अभी टमाटर के रेट कम हो गए। हमने योजना बनाई है कि नाफ़ेड के माध्यम से ट्रांसपोर्टेशन का खर्च केंद्र सरकार चुकाएगी, जिससे किसान को ठीक दाम मिले। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि सोयाबीन के रेट घटे तो बाहर से आने वाले तेल पर इम्पोर्ट ड्यूटी 27.5 प्रतिशत कर दी। चावल के निर्यात पर प्रतिबंध था, हमने उसे हटाया और एक्सपोर्ट ड्यूटी कम की। शिवराज सिंह ने कहा कि देश में कोई चीज हो न हो, 5 साल, 12 महीने चुनाव की तैयारी चलती रहती है। सालभर नहीं हुआ, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के चुनाव हुए, फिर लोकसभा चुनाव, फिर महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू कश्मीर, हरियाणा के चुनाव और उसके बाद दिल्ली का दंगल। इस चुनाव की तैयारी में सारे काम ठप्प हो जाते हैं, प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, अधिकारी सब चुनाव में लग जाते हैं।

भारत, भूटान के बीच मित्रता व सहयोग के अनुकरणीय संबंध हैं: विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित मित्रता और सहयोग के ÿअनुकरणीय संबंधङ्क हैं, तथा प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे की यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है।

तोबगे ने 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (एसओयूएल) के पहले नेतृत्व सम्मेलन में भाग लेने के लिए 20 से 21 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा की, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यात्रा के दौरान तोबगे ने मोदी के साथ बैठक की। इसमें कहा गया कि रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भूटान के प्रधानमंत्री से उनकी यात्रा के दौरान मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित मित्रता और सहयोग के अनुकरणीय संबंध हैं। इसमें कहा गया है, भूटान के प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है, जो विशेष साझेदारी की एक पहचान है। भूटानी प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को यहां एसओयूएल सम्मेलन में अपने मुख्य भाषण में मोदी को अपना बड़ा भाई और मार्गदर्शक बताया तथा पड़ोसी देश में सार्वजनिक सेवा में बदलाव लाने में योगदान देने के लिए उनका मार्गदर्शन मांगा। तोबगे ने हिंदी का भरपूर प्रयोग किया जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। उन्होंने कहा, निसंदेह, आप में एक बड़े भाई की छवि देखता हूं, जो सदैव मेरा मार्गदर्शन करते हैं और मुझे सहायता देते हैं। तोबगे ने एसओयूएल पहल को मोदी की परिकल्पना बताया और कहा कि यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें भारत के महान गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।

नक्सल नहीं, टैलेंट और उम्मीदों से पहचाना जाएगा अबूझमाड़

रायपुर/नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का गढ़ माने जाना वाला अबूझमाड़ अब अपनी प्रतिभा एवं संभावनाओं के लिए पहचाना जाएगा और इसी नए बदलाव के तहत अबूझमाड़ में आगामी 02 मार्च को 'अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025' का आयोजन किया जा रहा है।

मैराथन में 5,000 से ज्यादा लोग भाग लेंगे और यह इस बात का साक्षी होगा कि अबूझमाड़ आगे बढ़ने को तैयार है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को कहा, 'अबूझमाड़ को अब नक्सलवाद नहीं, बल्कि यहां के लोगों की काबिलियत और ऊर्जा के लिए जाना जाएगा। खेल हमें जोड़ते हैं और यह मैराथन भी एक नए अबूझमाड़ की शुरुआत है। राज्य के खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यह मैराथन अबूझमाड़ की नयी पहचान को दर्शाती है। खेलों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और यह आयोजन यहां के युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करेगा।

सात हजार भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं: टिम कर्टिस

नयी दिल्ली। यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय (दक्षिण एशिया) के निदेशक टिम कर्टिस ने कहा है कि शोध से पता चलता है कि सात हजार से ज़्यादा भाषाएं खतरे में हैं, जिनमें देसी भाषाएं सबसे ज़्यादा खतरे में हैं।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के कलानिधि प्रभाग ने शुक्रवार को 21-25 तक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन किया है। यह अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती वर्ष है और इस वर्ष की थीम है- 'मेक लैंग्वेजेज काउंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' (सतत विकास के लिए भाषाओं को महत्व दें)। इस दौरान, एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तक 'इंडियन कैलिग्राफीः अनवीलिंग एंशियंट विज्डम थ्रू राजीव कुमार्स आर्ट' का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, एक अनूठी प्रदर्शनी 'भाषाकृति' का भी आयोजन किया गया है, जिसे सुश्री आशना और सुश्री ऋतु माथुर ने क्यूरेट किया है। मुख्य अतिथि श्री कर्टिस ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन भाषाओं का सम्मान करता है, जो हमारे विचारों और शब्दों को आकार देती हैं। संचार के साधनों से कहीं ज़्यादा, भाषाएं पहचान को परिभाषित करती हैं और व्यक्तियों को उनके इतिहास तथा समुदायों से जोड़ती हैं। दक्षिण एशिया के समृद्ध भाषाई परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, ''शोध से पता चलता है कि सात हजार से ज़्यादा भाषाएं खतरे में हैं, जिनमें देसी भाषाएं सबसे ज़्यादा खतरे में हैं।

पेज एक का शेष

महाकुंभ में 60...

करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया।

महाशिवरात्रि के पहले...

पहुंचाया जाए और अनुभव को अच्छा किया जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी लगातार काम किया जा रहा है। वीकएंड्स, पीक डे व अवकाश के दिनों में ट्रैफिक डायवर्जन की स्कीम को पुलिस लगाती है। इसके लिए पुलिस के अधिकारियों को भी ब्रीफ करके सचेत किया गया है। उनके अनुसार, जहां पर भी समस्या आ रही है उसके निराकरण के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं सभी का अनुभव अच्छा रहे इसके लिए खुद सीएम योगी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में, शहर के सभी बॉर्डर्स पर जिलों के साथ अच्छा समन्वय व तालमेल स्थापित किया जा रहा है। मांदड़ ने बताया कि कहीं पर भी डायवर्जन को लागू करने के लिए डीएम, एसपी से भी लगातार संवाद बना हुआ है। उन्होंने बताया कि एडीजी जोन व कमिश्नर की अध्यक्षता में यह कार्य निरंतर जारी हैं जिससे अच्छा समन्वय स्थापित हुआ है और इसके माध्यम से लगातार चर्चा करके सभी कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

विद्यार्थियों ने कोचिंग...

को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षण संस्थानों से उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने का आग्रह किया है। विभाग ने अपने सक्रिय प्रयासों के माध्यम से शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने और छात्रों को उनके उपभोक्ता अधिकारों के बारे में शिक्षित करने तथा अनुचित व्यवहार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए भी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

2.1 करोड़...

ट्रम्प ने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके पीएम का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों?

लखीमपुर अब...

निवासियों के जीवन को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम से पहले, श्री योगी ने गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और मंदिर के विकास में योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
04525	फाफामऊ जं.	06:30	बठिण्डा जं.	01:10	रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन
04528	अम्ब अन्दौरा	22:05	फाफामऊ जं.	18:00	ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन
04316	देहरादून	08:10	फाफामऊ जं.	23:50	हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
04613	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	03:50	फाफामऊ जं.	04:25	शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन
04611	फाफामऊ जं.	19:30	फिरोज़पुर कैंट	16:45	राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिंडा जं., कोट कपूरा एवं फरीदकोट स्टेशन
02418	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन
02421	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या कैंट	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:20	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन
05150	गोरखपुर जं.	19:30	झूसी जं.	04:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05149	झूसी जं.	11:15	गोरखपुर जं.	20:00	
05152	गोरखपुर जं.	23:45	झूसी जं.	08:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05151	झूसी जं.	15:15	गोरखपुर जं.	23:45	
05101	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	झूँसी (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन
05102	झूँसी (रिंग रेल)	14:30	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	
09372	बलिया	23:45	डॉ. अम्बेडकर नगर	05:30	गाज़ीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर स्टेशन
03410	प्रयागराज रामबाग	19:15	मालदा टाउन	14:30	बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर बिहार,बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं.
07708	आजमगढ़	19:45	मौला अलि	07:30	बनारस, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, मंचिर्याल, पेद्दापल्ली, काजीपेट जं., जनगांव एवं चार्लपल्ली स्टेशन
05296	झूँसी	12:10	दरभंगा जं.	02:30	ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन
09140	बलिया	23:30	विश्वामित्री	10:05	गाज़ीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं.,नगदा जं., रतलाम जं., दाहोद, एवं गोधरा स्टेशन
05208	झूँसी	08:00	बरौनी जं.	21:15	ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., अक्षयवट राय नगर, देसरी, महनार रोड, शाहपुर पटोरी, विद्यापति धाम एवं बछवारा जं. स्टेशन
03417	मालदा टाउन	20:45	झूँसी	17:15	न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन
04023	फाफामऊ जं.	11:30	दिल्ली जं.	01:40	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन

दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04228	अयोध्या धाम जं.	16:45	प्रयाग जं.	21:50	अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04274	जौनपुर जं.	18:40	फाफामऊ जं.	22:20	ज़फ़राबाद, मड़ियाहूँ, जंघई एवं फुलपूर स्टेशन
04292	लखनऊ	14:00	प्रयाग जं.	19:55	उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार, परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपालगंज स्टेशन
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
04527	फाफामऊ जं.	22:30	अम्ब अन्दौरा	17:50	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर, जगाधरी, अंबाला कैंट जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनंदपुर साहिब, नंगल डैम एवं ऊना हिमाचल स्टेशन
04315	फाफामऊ जं.	06:30	देहरादून	21:30	रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वारा जं. स्टेशन
04614	फाफामऊ जं.	19:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	22:00	रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन
08254	वाराणसी जं.	10:50	बिलासपुर जं.	10:40	चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., राजनांदगाव, दुर्ग एवं रायपुर जं. स्टेशन
02275	सुबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन
02422	दिल्ली जं.	09:30	सुबेदारगंज	19:40	अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन
07384	वाराणसी जं.	05:00	हुबली जं.	00:45	चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जं., पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं., कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्कर वाडी, सांगली, मिराज जं., कुडची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावि, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. एवं धारवाड स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या छावनी	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:20	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन
05312	काठगोदाम	13:50	झूँसी	13:00	हलद्वानी, लाल कुआँ जं., किच्छा, बहेडी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन
05314	कासगंज जं.	19:50	झूँसी	17:45	सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्ज़तनगर, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन
05150	गोरखपुर जं.	19:30	झूँसी	04:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05149	झूँसी	11:15	गोरखपुर जं.	20:00	
05152	गोरखपुर जं.	23:45	झूँसी	08:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05151	झूँसी	15:15	गोरखपुर जं.	23:45	
05101	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	झूँसी (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन
05102	झूँसी (रिंग रेल)	14:30	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	
07108	बनारस	17:30	विजयवाड़ा जं.	05:30	वाराणसी जं., काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चंदौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, तोरी, बरका काना, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगड़, पार्वतीपुरम टाउन, बोब्बिलि जं., विजयानगरम जं., कोत्तवलसा, पेन्दुर्ति, दुव्वाडा, अनकापल्ली एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमुंदरी, निडढवोलु जं., ताडेपल्लिगडेम एवं एलूरू स्टेशन
04816	पाटलिपुत्र	04:30	जोधपुर जं.	13:40	दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट., गुड़गांव, रेवारी, महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू जं., सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं. एवं गोटन स्टेशन
03418	झूँसी	19:15	मालदा टाउन	14:30	बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यु फरक्का जं. स्टेशन
03429	मालदा टाउन	20:45	झूँसी	17:15	न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

गंगा जल में 50 गुना रोगाणुओं को मारकर सेकेंडों में उसका आरएनए हैक कर ले रहा बैक्टीरियोफ़ेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ के दौरान अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल पूरी तरह से रोगाणुमुक्त है। गंगा नदी की अपनी अद्भुत स्व-शुद्धिकरण क्षमता इस खतरे को तुरंत टाल देती है। इसका रहस्य गंगा में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफ़ेज हैं। जो प्राकृतिक रूप से गंगा जल की सुरक्षा का कार्य करते हैं। ये अपनी संख्या से 50 गुना रोगाणुओं को मारकर उसका आरएनए तक बदल देते हैं। गंगा दुनिया की इकलौती मीठे जल वाली नदी है, जिसमें एक साथ इतने बैक्टीरिया मारने की अद्भुत ताकत है। मानवजनित सभी प्रदूषण को नष्ट करने के लिए इसमें 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफ़ेज मौजूद हैं।

मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम भी जिस वैज्ञानिक का लोहा मानते रहे, उन्हीं पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर ने महाकुम्भ में गंगा जल को लेकर अब सबसे बड़ा खुलासा किया है। दुनिया के बड़े वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा मैया की ताकत समुद्री जल के समान है। इसमें पाया जाने वाला बैक्टीरियोफ़ेज प्रदूषण और हानिकारक बैक्टीरिया का समूल नाश कर खुद भी विलुप्त हो जाता है। गंगा जल में पाए जाने वाले रोगाणुओं का पल भर में ही संहार करने की अद्भुत क्षमता के कारण ही इसे मां गंगा का सिक्योरिटी गार्ड भी कहा जाता है। डॉ सोनकर ने पूरी दुनिया में कैंसर, डीएनए-बायोलॉजिकल जेनेटिक कोड, सेल बायलॉजी एंड ऑटोफैगी पर बड़े महत्वपूर्ण शोध किए हैं। यही नहीं नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी, राइस यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन अमेरिका, टोक्यो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के साथ डॉ सोनकर ने बहुत काम किया है।

■ मिसाइल मैन एपीजे कलाम ने माना जिस वैज्ञानिक का लोहा, उन्हीं पद्मश्री अजय सोनकर ने किया गंगा जल को लेकर सबसे बड़ा खुलासा

पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर के अनुसार गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफ़ेज मौजूद हैं। जो विशेष रूप से हानिकारक बैक्टीरिया को पहचानकर उन्हें नष्ट कर देते हैं। ठीक वैसे ही जैसे सिक्योरिटी गार्ड अनधिकृत प्रवेश करने वाले को रोक देता है।

बैक्टीरियोफ़ेज, बैक्टीरिया से 50 गुना छोटे होते हैं। लेकिन उनकी ताकत अद्भुत होती है। वे बैक्टीरिया के अंदर जाकर उनका आरएनए हैक कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें खत्म कर देते हैं।

ये होस्ट स्पेसिफिक होते हैं। यानी यह केवल उन जीवाणुओं को खत्म करते हैं जो स्नान के दौरान पानी में प्रवेश करते हैं। गंगा जल में होने वाली यह प्रक्रिया समुद्री जल की स्वच्छता प्रणाली के समान है, जिसे ओशनिक एक्टिविटी कहा जाता है।

पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर बताते हैं कि बैक्टीरियोफ़ेज का चिकित्सा क्षेत्र में भी उपयोग किया जा सकता है। जहां केवल नुकसानदायक जीवाणु को निशाना बनाया जा सकता है, बिना अच्छे जीवाणुओं को नुकसान पहुंचाए। डॉक्टर सोनकर के अनुसार गंगा की यह विशेष क्षमता प्रकृति का संदेश देती है। जैसे वह अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखती है, वैसे ही मानव को भी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए। अन्यथा यही प्रकृति अपने बचाव में कठोर कदम उठा सकती है। डॉक्टर अजय भारत के वो वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने अपने अनुसंधान से समुद्र में मोती बनाने की विधा में जापान के एकाधिकार को न सिर्फ समाप्त कर दिया बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा और बहुमूल्य मोती बना कर पूरी एक ग्लोबल वेव पैदा कर दी थी। डॉ अजय ने नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी से कैंसर और न्यूट्रिशियन पर बड़ा काम किया है।

इसके अलावा न्यूट्रिशियन, हार्ट की बीमारियों और डायबिटीज पर भी इनका रिसर्च है। राइस यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन अमेरिका से डीएनए को लेकर बायोलॉजिकल जेनेटिक कोड पर इनके काम को पूरा अमेरिका सम्मान की दृष्टि से देखता है। 2016 के नोबेल विजेता जापानी वैज्ञानिक डॉ योशिनोरी ओहसुमी के साथ टोक्यो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सेल बायलॉजी एंड ऑटोफैगी पर खूब काम किया है। इसके अलावा हार्वर्ड मेडिकल स्कूल से कॉग्निटिव फिटनेस और सेंसिटिव गट्स पर दो बार काम कर चुके हैं। 2004 में डॉ अजय को बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के जे. सी बोस इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस में लाइफ टाइम प्रोफ़ेसर अपॉइंट किया गया।

दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

संक्षिप्त समाचार

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को दबोचा

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के बेगमपुर इलाके में शुक्रवार देर रात को मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और बदमाशों के बीच हुई। इस दौरान एक बदमाश घायल हो गया। क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद बाइक सवार तीन बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश दीप विहार की तरफ आने वाले है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने इलाके में जाल बिछाया। क्राइम ब्रांच की टीम ने जैसे ही बाइक पर सवार इन बदमाशों को देखा तो उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर गोली चला दी। इधर जवाबी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की टीम ने भी गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस टीम की तरफ से दो राउंड गोलियां चलाईं, जो कि एक बदमाश के पैर में लगी और वह घायल हो गया। बदमाश को घायल हालत में नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भेज गया और आगे की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मुठभेड़ में बाइक सवार तीनों बदमाशों को दबोच लिया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, उन्होंने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। आरोपितों की पहचान हरियाणा निवासी प्रिंस, अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 1 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, 2 देसी कट्टे, 5 जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। जांच में पता चला है कि प्रिंस 9वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह करीब छह महीने पहले रोहन के माध्यम से अतुल उर्फ मोंटी के संपर्क में आया। आपराधिक दुनिया में अपनी पहचान बनाने की चाहत में वह अतुल के साथ मिलकर हत्या करने के लिए तैयार हो गया। वहीं अतुल के ऊपर पहले से दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, फायरिंग, जबरन वसूली, आर्म्स एक्ट, चोरी आदि के सात मामले दर्ज है। जबकि रोहित के ऊपर हत्या, लूट, झपटमारी, चोरी के 06 मामले दर्ज है। पुलिस के अनुसार तीनों बदमाश हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़े थे और किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

पंजाब में 20 माह से फाइलों में चल रहा था विभाग

चंडीगढ़। पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार में एक अनोखा मामला सामने आया है। पंजाब में प्रशासनिक सुधार विभाग केवल फाइलों में ही चल रहा था। इस विभाग का बकायदा एक मंत्री भी तैनात किया गया था लेकिन असल में यह विभाग पंजाब में ही नहीं था। करीब 20 माह के कार्यकाल के दौरान मंत्री ने न तो इस विभाग की कोई बैठक बुलाई और न ही उन्हें स्टाफ या दफ्तर अलाट किया गया। दो दिन पूर्व मंत्री और विभाग आवंटन का मामला खुला। इसके बाद शुक्रवार की रात एक अधिसूचना जारी करके पंजाब सरकार ने साफ किया कि राज्य में इस तरह का कोई विभाग नहीं है। अब मंत्री के पोर्ट फोलियो में भी बदलाव किया गया है। पंजाब के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की सलाह पर मंत्री के विभागों में बदलाव कर दिया है। अब कुलदीप धालीवाल के पास सिर्फ एनआरआई विभाग है। कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के पास पहले कृषि एवं किसान कल्याण विभाग था। सरकार ने 1 जून 2023 को उनके विभागों में बदलाव किए गए। कृषि और कल्याण विभाग गुरमीत सिंह खुड्डियां को दिया गया। धालीवाल को एनआरआई मामले और प्रशासनिक सुधार विभाग सौंप दिया गया।

जमीन कारोबारी कृष्णा हत्याकांड मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

पूर्वीचम्पारण। एसपी स्वर्ण प्रभात ने जमीन कारोबारी हत्याकांड मामले को लेकर शनिवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होने हत्याकांड में शामिल अपराधियों के शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। शुक्रवार की शाम बंजरिया थाना क्षेत्र के पचरूखा गांव के समीप बेतिया-मोतिहारी मार्ग पर अज्ञात अपराधियो ने हरसिद्धि से लौट रहे मोतिहारी शहर के अगरवा मोहल्ला वार्ड नंबर 32 निवासी जमीन कारोबारी कृष्णा सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि एएसपी सदर शिवम धाकड़ के नेतृत्व में एसआईटी की तीन अलग अलग टीम छापेमारी में जुटी है। पैसे की लेनदेन को लेकर हत्या होने की आशंका है।मौके से एफएसएल की टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य संग्रह किया है। एसआईटी टीम को भी महत्वपूर्ण सुराग भी हाथ लगे हैं।इस दिशा में अनुसंधान जारी हैं।जल्द ही इस घटना का खुलासा कर लिया जायेगा। यहां बता दे कि मृतक के पुत्र के आवेदन पर तीन लोगों पर प्राथमिक दर्ज की गई हैं।

कोटवा सीओ और अंचलकर्मियों पर लोगों ने लगाया रिश्वतखोरी का आरोप

पूर्वी चंपारण। जिला के कोटवा अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार इन दिनो काफी चर्चा में है। अंचल में पदस्थापित सीओ से लेकर अंचलकर्मी तक पर लोग रिश्वतखोरी का आरोप लगा रहे है।स्थानीय लोगों का आरोप है,कि दाखिल-खारिज परिमार्जन या एलपीसी बनवाने से लेकर अन्य कार्यों के लिए अंचल कार्यालय में रिश्वत की राशि तय है।लिहाजा लोग कार्यो में लेटलतीफी व अनियमितता से परेशान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किसी भी कार्य के लिए अंचल कर्मी सीओ मोनिका आनंद के लिए खर्चा पानी देने की बात कर रहे है।लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि दाखिल-खारिज के लिए दिये गये आवेदन के बाद रिश्वत की मांग की गई,नही देने पर कर्मचारी द्वारा यह रिपोर्ट कि ज़मीन रैयती है और किसी प्रकार की रोक सूची में नहीं आती, जिसके बाद भी सीओ मोनिका आनंद ने खाता और खेसरा बदलकर इसे न्यायालय में विवादित दिखाते हुए आवेदन रिजेक्ट कर दिया,जब अंचल कार्यालय में इस बारे में सवाल किया गया तो सीओ ने अपनी गलती स्वीकारते हुए सुधार करने की बात कही। सीओ मोनिका आनंद ने बताया कि गलती से रिजेक्ट हुए मामलों को ठीक किया जा रहा है। बड़ा सवाल तो यह है,कि सीओ के अनुसार जब रिश्वतखोरी का आरोप निराधार है,तो आखिर उन्होने अपनी गलती कैसे स्वीकार कर ली।कोटवा अंचल क्षेत्र के एक नागरिक की माने तो कोटवा अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज कराने के लिए 10 हजार से 15 हजार और परिमार्जन के लिए 30 हजार से 35 हजार व एलपीसी के लिए 10 से 15 हजार तक की वसूली की जा रही है।हालांकि इन आरोपों में कितना दम है,यह तो जांच के बाद ही साफ होगा।फिलहाल इतना बता दे कि अंचल कार्यालय के रवैये से लोगो में खासा नाराजगी व्याप्त है।

विधानसभा में पहाड़-मैदान टिप्पणी पर हंगामा, अध्यक्ष ने लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शनिवार को सदन में पहाड़-मैदान की टिप्पणी को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल पर असंसदीय भाषा के प्रयोग का आरोप लगाते हुए माफी की मांग की।

शनिवार सुबह कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने वायरल वीडियो का हवाला देते हुए संसदीय कार्य मंत्री द्वारा की गई 'साले पहाड़' वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग राज्य की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आर्य ने विधानसभा अध्यक्ष से इस पर ठोस कार्रवाई की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने सदन में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही इस विषय पर स्पष्टीकरण दे दिया है। इस दौरान कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला ने विरोध जताते हुए कागज फाड़ दिए। इसके बाद विपक्षी विधायक सदन से वॉकआउट करने लगे, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध पर वे वापस लौट आए। निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड के लोग देशभर में शीर्ष पदों पर कार्यरत हैं, इसलिए राज्य में पहाड़-मैदान की बजाय पूरे उत्तराखंड के विकास की बात होनी चाहिए। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से प्रदेशवासियों से माफी मांगने की मांग की। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि अगर ऐसी भाषा का प्रयोग किया जाता है तो सदन में रहने का कोई अधिकार नहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में चल रहे हंगामे पर नाराजगी जाहिर करते हुए विपक्षी सदस्यों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पहाड़-मैदान की बहस को तूल देने के बजाय उत्तराखंड के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि पूरा देश सदन की कार्यवाही देख रहा है और गलत व्यवहार से उत्तराखंड की छवि धूमिल होती है।

पंजाब सरकार ने 232 विधि अधिकारियों से मांगे इस्तीफे

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य में विजिलेंस ब्यूरो चीफ को हटाने तथा मुक्तसर के जिला उपायुक्त को निलंबित करने के बाद राज्य के 232 विधि अधिकारियों से इस्तीफा मांगें हैं। इन सभी विधि अधिकारियों को हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और ट्रिब्यूनल में राज्य का पक्ष रखने के लिए नियुक्त किया गया है। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह का कहना है कि यह सब कुछ एक तय प्रक्रिया का हिस्सा है। क्योंकि इन अधिकारियों की नियुक्ति एक साल के लिए होती है। फरवरी माह में इनकी नियुक्ति सीमा समाप्त हो रही है। सरकार का उद्देश्य कार्यालय के कार्यों को व्यवस्थित और सुदृढ़ करना और नागरिकों के हितों को प्रभावी बनाए रखना है। यह प्रक्रियागत कदम विधि अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति को सुगम बनाने तथा विधि प्रतिनिधित्व में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

मख्यमंत्री की प्रगति यात्रा बिहार के विकास गाथा में नया मील का पत्थर साबित होगी: विजय कुमार चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि मख्यमंत्री की प्रगति यात्रा बिहार के विकास गाथा में नया मील का पत्थर साबित होगी। 23 दिसम्बर को पश्चिम चम्पारण से शुरू होकर इसका समापन 21 फरवरी को पटना में हुआ। विजय चौधरी ने कहा कि यूं तो नीतीश कुमार की सभी यात्राएं महत्वपूर्ण रही हैं, परंतु प्रगति यात्रा की अहमियत बिल्कुल अलग तरह की है। चौधरी ने कहा कि इसका मुख्य मकसद पिछले डेढ़-दो दशकों में हुए 'न्याय के साथ विकास' के बाद बची हुई महत्वपूर्ण जनोपयोगी विकास योजनाओं की पहचान कर तत्काल उनका निराकरण करना था। महीनों पहले से इसकी तैयारी की गई थी। इसी आधार पर सभी जिलों में यात्रा के अन्तिम कार्यक्रम समीक्षा बैठक में तमाम जन प्रतिनिधियों के समक्ष उन समस्याओं के निदान की मुख्यमंत्री ने घोषणा की। तत्पश्चात उनके क्रियान्वयन के संबंध में सभी निर्णय भी सरकार द्वारा ले लिए गए। अतः मुख्यमंत्री जी की सफलतम यात्राओं में हमेशा प्रगति यात्रा का शुमार होगा। एक प्रश्न के उत्तर में चौधरी ने कहा कि चुनाव समय पर होंगे जो इस साल अंत में होना है। वैसे नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की तैयारी पूरी है।

आतंकी संगठन बब्बर खालसा का दावा, अमृतसर में बीएसएफ कैंप पर किया ग्रेनेड हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ बीएसएफ अधिकारियों ने हमले से किया इनकार, पंजाब पुलिस चुप

चंडीगढ़। खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पंजाब के अमृतसर स्थित बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) कैंप पर ग्रेनेड हमला करने का दावा किया है। पंजाब में पूर्व समय के दौरान हुई ग्रेनेड हमले की घटनाओं की तरह इस घटना में भी पंजाब पुलिस ने अधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है, जबकि विपक्षी दल शिरोमणि अकाली दल इसे पंजाब सरकार की बड़ी असफलता करार दिया है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने पोस्ट सांझा करते हुए लिखा कि शुक्रवार रात डेढ़ बजे बीएसएफ कैंप खासा के गेट नंबर 3 के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ है। इसकी जिम्मेदारी मैं हैप्पी पासियां और गोपी नवांशहरिया लेते हैं। यह हमला इसलिए किया गया है क्योंकि भारतीय सरकार ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया है, जिससे वहां अत्याचार बढ़ गए हैं। पोस्ट में आगे लिखा है कि जिस तरह 1980 के दशक में भारतीय सरकार ने सिखों के खिलाफ जुल्म किए, उसी तरह अब मणिपुर में भी अत्याचार हो रहे हैं। पंजाब में सिखों के गुरुद्वारों को निशाना बनाया गया और उन्हें जलाया गया, उसी तरह अब मणिपुर में कुकी और नागा समुदाय के लोग ईसाइयों के चर्च जला रहे हैं। 2023 से यह नरसंहार जारी है, लेकिन जो भी भारतीय सरकार के खिलाफ बोलता है, उसे मारा जाता है। हमारे मुद्दे खालिस्तान, क्रिश्चियनिटी, जैनी, बौद्ध धर्म और सिखों को न्याय दिलाना है। बीएसएफ ने आधिकारिक बयान सांझा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर एक फर्जी खबर वायरल हो रही है। जिसे कथित रूप से ''बब्बर खालसा इंटरनेशनल'' नामक पेज से साझा किया गया है। इस झूठी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बीएसएफ कैंप, खासा, अमृतसर के गेट नंबर 3 के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ है। हालांकि पंजाब पुलिस ने तथ्यों की जांच और आधिकारिक इनपुट्स के आधार पर ऐसी कोई भी घटना की पुष्टि नहीं की है।

भाजपा और जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने की संयुक्त प्रेस वार्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किसान सम्मान जनसभा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने भागलपुर के परिसदन में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की?। इस दौरान नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की जनता से अपील की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भागलपुर ही नहीं पूरे देश की जानता के लिए योजनाओं की झड़ी लगा देंगे। उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधा। उन्होंने तेजस्वी यादव के द्वारा नीतीश कुमार के स्वास्थ खराब के बयान को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि तेजस्वी कोई डॉक्टर नहीं है। तेजस्वी नवमी फ़ेल हैं और आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वास्थ्य खराब है कि नहीं यह जांच तेजस्वी कर रहे हैं। यह समझ से परे हैं। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नीतीश के बेटे निशांत की राजनीतिक में एंट्री को लेकर कहा कि हमारे पार्टी में परिवारवाद नहीं है। वह एक कार्यकर्ता के नाते यदि पार्टी में आते हैं तो उससे किसी भी तरह का कोई हर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों की लगातार बैठक हो रही है। बैठक में बार-बार इस पर मंथन हो रहा है कि कैसे भीड़ को अधिक से अधिक संख्या में लाया जाए। हर गांव और कस्बे से बसों और गाड़ियों में भीड़ लाने की रणनीति बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान सम्मान निधि योजना तहत के 19वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लगातार पिछले कई दिनों से बिहार के कई मंत्री भागलपुर दौरे पर हैं।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063